

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर,शुक्रवार 20 जून 2025 ■ आषाढ़ कृष्ण पक्ष-9 ■ वर्ष -41 ■ अंक-083 ■ पृष्ठ 8 ■ डाक संस्करण 21 जून 2025 ■ मूल्य-2.00 रुपये



E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in
Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
phone: 0771-2543112


# एक और सफल मुठभेड़ ईनामी महिला नक्सली ढेर, बस्तर में तेजी से सिमट रहा लालआतंक

**कांकेर,20जून ■ तरुण छत्तीसगढ़**

जिले के छोटे बेठिया थाना क्षेत्र में पुलिस और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हुई है, जिसमें 2 नक्सलियों के मारे जाने की खबर है। एक महिला नक्सली की लाश और हथियार बरामद किया गया है। मारी गई महिला नक्सली की अभी पहचान नहीं हो पाई है। एसपी इंदिरा कल्याण एलेसेला ने मुठभेड़ की पुष्टि की है। एसपी के मुताबिक DRG की टीम को छोटे बेठिया इलाके के आमाटोला और कलपर के बीच जंगल में नक्सलियों की मौजूदगी की सूचना मिली थी, जिसपर DRG और BSF की संयुक्त टीम को



ऑपरेशन के लिए रवाना किया गया था ।

बस्तर में लालआतंक के खिलाफ सुरक्षाबलों की निर्णायक और प्रभावी कार्रवाई लगातार जारी है। आईजी सुंदरराज पी. ने जानकारी देते हुए बताया कि कुछ साल पहले तक बस्तर के घने जंगलों में माओवादियों के केंद्रीय समिति और पोलित ब्यूरो के लगभग 45 बड़े नेता सक्रिय थे। लेकिन सुरक्षाबलों की लगातार और सटीक कार्रवाई के चलते इनकी संख्या घटकर अब केवल 15 के आसपास रह गई है। वर्ष 2024-25 के दौरान सुरक्षाबलों ने माओवादी संगठन के शीर्ष नेतृत्व को जबरदस्त नुकसान पहुंचाया है। इस दौरान कई कुख्यात और वांछित माओवादी कमांडर मुठभेड़ में ढेर हुए। जिन प्रमुख नामों का खात्मा हुआ है, उनमें माओवादी महासचिव बसवा राजू, चलपति, सुधाकर, दीपक टेलतुमड़े, रमन्ना, रामकृष्णा, हरिभूषण, सुर्दशन और उदय जैसे शीर्ष नेता शामिल हैं।

## 12 माओवादियों ने किया सरेंडर

इधर सुकमा जिला से लगे तेलंगाना के भद्राद्री कोठागुडेम 12 माओवादी नेताओं ने आत्मसमर्पण किया है. तेलंगाना सरकार और पुलिस विभाग द्वारा चलाए गए "ऑपरेशन च्युथा" कार्यक्रम के तहत नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया है.



## संक्षेप

### उड़ान भरने के बाद वापस लौटा सीएम साय का हेलीकॉप्टर

#### खराब मौसम का असर

**रायपुर,20 जून।** प्रदेश के कई इलाकों में लगातार हो रही बारिश और घने बादल का असर अब हवाई सेवा पर नजर आने लगा है, इसी के चलते मुख्यमंत्री साय का हेलीकॉप्टर उड़ान के कुछ देर बाद वापस रायपुर लौट आया. मुख्यमंत्री आज दोपहर जशपुर जिले के लिए रवाना हुए थे. लेकिन मौसम खराब होने के कारण हेलीकॉप्टर को पायलट ने वापस ले लिया है. मुख्यमंत्री साय को अपने गृह जिले में कई कार्यक्रमों में हिस्सा लेना है और रात्रि विश्राम भी वहीं करने के बाद शनिवार सुबह योग दिवस के कार्यक्रम में शामिल होना है. सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक अब वे स्टेट प्लेन से रवाना हो सकते हैं.

### केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह का छत्तीसगढ़ दौरा

**रायपुर,20 जून।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने केंद्रीय गृह मंत्री के प्रवास को लेकर आज ली अधिकारियों की बैठक। तैयारियों को लेकर अधिकारियों को दिए निर्देश इस अवसर पर गृह मंत्री विजय शर्मा, वन मंत्री केदार कश्यप, मुख्य सचिव अमिताभ जैन, गृह विभाग के अपर मुख्य सचिव मनोज पिंगुआ, पुलिस महानिदेशक अरुण देव गौतम, मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव सुबोध कुमार सिंह, मुख्यमंत्री के सचिव सर्व राहुल भगत, पी. दयानंद, डॉ. बसव राजू एस, प्रशासन एवं पुलिस विभाग के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। केंद्रीय गृहमंत्री 22 जून को रायपुर आ रहे हैं।

### उत्तरकाशी में दीवार ढहने से परिवार के 4 लोगों की मौत

**उत्तरकाशी (उत्तराखंड), 20 जून** । जनपद के राजस्व ग्राम ओडाटा के मोरा तोक स्थित गुजर्र बस्ती में एक भीषण हादसा हो गया. इसमें एक ही परिवार के चार सदस्यों की दर्दनाक मौत हो गई. सूचना के बाद राजस्व, एसडीआरएफ और पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया. वहीं घटना पर सीएम पुष्कर सिंह धामी ने दुख जताया है. शुक्रवार रात करीब दो बजे गुलाम हुसैन के आवासीय मकान की दीवार अचानक ढह गई.

जिसमें सो रहे परिवार के

# शादी के महीनेभर बाद पसंद नहीं आया पति पत्नी ने खाने में जहर देकर मार डाला

**बलरामपुर,20 जून।** इंदौर का राजा रघुवंशी हत्याकांड मामले में उनकी पत्नी सोनम रघुवंशी ने ही हत्या की साजिश रची थी. ऐसा ही मामला झारखंड से सामने आया है, जहां पति पसंद नहीं आने पर बलरामपुर जिले के ग्राम विशुनपुर की युवती ने शादी के 36 दिन बाद अपने ही पति की हत्या कर दी. सुनीता सिंह ने मुर्गा चावल में कीटनाशक मिलाकर अपने पति 22 वर्षीय बुधनाथ सिंह को खिलाई, जिससे उसकी मौत हो गई. यह घटना झारखंड के रंका थाना क्षेत्र के बाहोकुदर गांव की है. पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी पत्नी को गिरफ्तार कर लिया है.झारखंड पुलिस से जानकारी मिली है कि बुधनाथ सिंह की शादी 11 मई 2025 को विशुनपुर निवासी सुनीता सिंह से हुई थी, लेकिन विवाह के अगले ही दिन सुनीता ने पति को यह कहते हुए अस्वीकार कर दिया कि वह उसे पसंद नहीं है और मायके लौट गई. समझाइश और पंचायत के बाद 5 जून को वह ससुराल लौटी. 14 जून को सुनीता पति के साथ बाजार गई और फसल में कीड़े मारने के बहाने कीटनाशक दवा खरीद लाई और खाने में मिलाकर अपने पति को दी.शुरुआती पूछताछ में सुनीता ने अपनी सास पर जहर देने का आरोप लगाया, लेकिन जब पुलिस ने सख्ती से पूछताछ की तो उसने अपना जुर्म कबूल किया.

# मोक्षित कॉर्पोरेशन के डायरेक्टर शशांक की जमानत याचिका खारिज

**बिलासपुर,20 जून।** हाईकोर्ट ने सीजीएमएससी में रीएजेंट खरीदी में हुए करोड़ों के घोटाले के आरोपी व मास्टर माइंड मोक्षित कारपोरेशन के डायरेक्टर शशांक चोपड़ा की जमानत अर्जी खारिज कर दी है। कोर्ट ने अपने फैसले में लिखा है, याचिकाकर्ता द्वारा किए गए कृत्य न केवल गंभीर आर्थिक अपराध है, बल्कि बड़े पैमाने पर समाज कल्याण के खिलाफ भी अपराध है।



ईओडब्ल्यू व एसीबी ने उसके खिलाफ जुर्म दर्ज किया है। मामला प्रदेश में मेडिकल इक्यूपमेंट सप्लाई में गड़बड़ी का है। दरअसल, सीजीएमएससी रीएजेंट घोटाले की जांच कर रहे ईओडब्लू ने 341 करोड़ के रीएजेंट घोटाले में संलिप्त 6 तकनीकी अधिकारी व विभागीय अधिकारियों को दोषी ठहराते हुए स्पेशल कोर्ट में चालान पेश किया है। इन पर गंभीर आरोप है। मोक्षित कारपोरेशन ने निविदा हथियाने के लिए घुसखोर तकनीकी अधिकारियों को पहले अपने पक्ष में किया और फिर पर्चेस आर्डर का 0.2 से 0.5 प्रतिशत बतौर कमीशन रिश्वत भी दिया। मोक्षित कार्पोरेशन ने कुछ दूसरी कम्पनियों से मिलकर पूल टेंडरिग की। दूसरी कम्पनियों के दाम अधिक थे, कम दाम होने पर मोक्षित को ठेका दे दिया गया। इसके बाद मोक्षित ने काफी ज्यादा दामों पर सप्लाई की। 8 रूपये में आने वाली क्रीम 23 रूपये में बेचीं गई। रीएजेंट और ट्रीटमेंट मशीनों के दाम भी बहुत अधिक थे। मशीन को हर जगह स्थापित करना था, मगर ऐसा नहीं किया गया। जिस जगह मशीनें स्थापित की गईं, वहां भी इन्हें अचानक लॉक कर दिया गया। इसका परिणाम यह हुआ कि शासन को करीब 400 करोड़ का घाटा हुआ है।

# मैनी नदी में बहे 4 लोगों की तलाश जारी

**अंबिकापुर,20 जून।** मैनी नदी में अचानक आई बाढ़ में मां-बेटे समेत चार लोग बह गए। गुरुवार शाम की इस घटना के बाद से अब तक चारों का पता नहीं चल पाया है। सभी ढोड़ागांव के रहने वाले हैं। सभी मशरूम बीनने गए थे, तभी लौटते वक्त बाढ़ की चपेट में आ गए। एसडीआरएफ और पुलिस की टीम चारों की तलाश में जुटी है। पिछले कुछ दिनों से सरगुजा संभाग में लगातार बारिश के बाद से नदी-नालों का जलस्तर बढ़ गया है। इससे पहले मौसम विभाग ने तीन जिलों सूरजपुर, कोरिया और मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी में गरज-चमक के साथ भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। इसके अलावा गौरेला-पेंड्रा-मारवाही, कोरिया, सरगुजा,



जशपुर और बलरामपुर-रामानुजगंज में बारिश का यलो अलर्ट है। वहीं रायपुर-दुर्ग समेत अन्य जिलों में भी गरज-चमक के साथ हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है।

# पीएम मोदी ने बिहार को दी 10 हजार करोड़ से ज्यादा की सौगात, विपक्ष पर जमकर बरसे

बिहार के सीवान की धरती से पीएम मोदी ने 10 हजार करोड़ रुपये से अधिक की विकास परियोजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन किया, जिसमें पटना-गोरखपुर वंदे भारत ट्रेन का उद्घाटन, सीवान और सासाराम में सीवरेज नेटवर्क, आरा और सीवान में जलापूर्ति परियोजनाएं, और पीएम आवास योजना के तहत 53 हजार से ज्यादा



बेघर लोगों को पहली किस्त शामिल है. पीएम नरेंद्र मोदी ने बिहार के विभिन्न शहरों में 5900 करोड़ रुपये की लागत के तहत नमामि गंगे परियोजना से जुड़ीं सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट और जलापूर्ति के विभिन्न प्रोजेक्ट का शिलान्यास और लोकार्पण किया है. सीवान की धरती से पीएम मोदी ने कुल 28 परियोजनाओं का शिलान्यास व उद्घाटन किया. इन परियोजनाओं का मकसद बिहार के बुनियादी ढांचे को मजबूत करना है. बिहार के सीवान के जसौली में अपने संबोधन के दौरान पीएम मोदी ने कहा कि आरजेडी और कांग्रेस वाले बाबा साहेब की तस्वीर को पैरों में रखते हैं, जबकि मोदी उन्हें दिल में रखता है. मैंने देखा कि बिहार में पोस्टर लगे हैं कि बाबा साहेब का अपमान करने वाले माफी मांगे. लेकिन, आरजेडी वाले माफी नहीं मांगेंगे. दरअसल पीएम मोदी का यह बयान हाल ही में बिहार में वायरल हुई उस तस्वीर से जुड़ा, जिसमें आरजेडी पर आंबेडकर की तस्वीर के अपमान का आरोप लगाया गया था.

## भारत इंग्लैंड पहला टेस्ट शुरू, सांई सुदर्शन ने किया डेब्यू

**मुंबई,20 जून।** तेंदुलकर-एंडरसन ट्रॉफी का पहला मैच भारत और इंग्लैंड के बीच लीड्स के हेडिंग्ले क्रिकेट स्टेडियम में खेला जा रहा है। इंग्लैंड ने टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी। साई सुदर्शन डेब्यू कर रहे हैं। मैच से पहले उन्हें चेतेश्वर पुजारा ने उन्हें डेब्यू कैप दी। सुदर्शन भारत के 317वें टेस्ट प्लेयर बने हैं। टीम इंडिया 25 साल के युवा कप्तान शुभमन गिल की कप्तानी में उतरी है , वहीं इंग्लैंड की कमान 34 साल के अनुभवी ऑलराउंडर बेन स्टोक्स संभाल रहे हैं

# एयर इंडिया ने रद्द कीं 8 उड़ानें

**नई दिल्ली,20 जून।** अहमदाबाद प्लेन क्रैश के बाद से चर्चा में चल रही एयर इंडिया ने आज 8 फ्लाइट्स को कैंसिल कर दिया है। इनमें 4 इंटरनेशनल फ्लाइट्स भी हैं। रद्द की गईं फ्लाइट्स को चेन्नै, दिल्ली, दुबई, मेलबर्न, पुणे, अहमदाबाद, हैदराबाद और मुंबई से उड़ान भरना था। जानकारी के मुताबिक एयरक्राफ्ट्स की तकनीकी जांच, खराब मौसम और एयरस्पेस की पाबंदियों को देखते हुए यह फैसला लिया गया। एयर इंडिया की ओर से जारी बयान में कहा गया, 'एयर इंडिया की इंटरनेशनल फ्लाइट दुबई टू चेन्नै AI906, दिल्ली से मेलबर्न AI308 और AI309 मेलबर्न से दिल्ली को रद्द किया जाता है।' एयर इंडिया ने बताया, 'दुबई से हैदराबाद की फ्लाइट भी कैंसल की जाती है। पुणे से दिल्ली, अहमदाबाद से दिल्ली, हैदराबाद से मुंबई और चेन्नै से मुंबई की फ्लाइट भी कैंसल की जाती है। मेंटनेंस और ऑपरेशनल कारणों से यह फैसला लिया गया है।' एयरलाइन कंपनी का कहना है कि जिन लोगों की यात्रा प्रभावित हुई है,



उन्हें पूरा रिफंड दिया जाएगा। इसके अलावा वैकल्पिक यात्रा का प्लान भी उनसे साझा किया जाएगा। एयर इंडिया के बयान में कहा गया कि इस असुविधा के लिए हमें खेद है। हमारा स्टाफ वैकल्पिक हवाई यात्रा की सुविधा देने के लिए तत्पर है ताकि यात्री जल्दी और सुरक्षित अपना सफर तय कर सकें। यात्रियों को फुल रिफंड और रिशेड्यूलिंग का ऑफर दिया जाता है। कंपनी ने यात्रियों को सलाह दी है कि वे अपने फ्लाइट्स का स्टेट्स वेबसाइट पर चेक कर रहते रहें। इसके अलावा किसी भी अपडेट के लिए कस्टमर केयर पर कॉल कर लें।

# मोदी की पहल से योग बना वैश्विक आंदोलन : ओपी चौधरी

**रायपुर,20 जून ■ तरुण छत्तीसगढ़**

छत्तीसगढ़ के वित्त मंत्री ओ.पी. चौधरी ने कहा है कि कल शनिवार 21 जून 2025 को पूरी दुनिया "योग फॉर वन अर्थ, वन हेल्थ" की थीम के साथ 11वाँ अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाने जा रही है। गत दस वर्षों में भारत सरकार और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रयासों से योग को दुनिया में अपना उचित स्थान मिला है। श्री चौधरी ने कहा कि भारत सरकार के प्रयासों का ही परिणाम है कि भारत की योग आधारित अर्थव्यवस्था कुल 20 हजार करोड़ रुपए से अधिक की हो चुकी है और 1 लाख से अधिक प्रमाणित योग शिक्षक दुनिया के 190 देशों में योग सीखने-सिखाने का कार्य कर रहे हैं। प्रदेश के वित्त मंत्री श्री चौधरी ने शुक्रवार को यहाँ एकात्म परिसर स्थित भाजपा कार्यालय में आहूत पत्रकार वार्ता में बताया कि राष्ट्रीय प्रतिदर्श सर्वेक्षण कार्यालय (एनएसएसओ) के हाल ही में हुए सर्वेक्षण में पाया गया कि देश के 2.5 करोड़ घरों में, जो कि देश की आबादी का लगभग 8% है, कम-से-कम एक सदस्य नियमित योग करता है। यह योग के भारतीय



जीवन शैली से जुड़ाव को दिखाता है और यह स्थापित करता है कि प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में भारत सरकार आम भारतीय के जीवन की प्राथमिकताओं पर चल रही है। श्री चौधरी ने कहा कि आज के इस कठिन दौर में, जहाँ बीमारियों और जनसंख्या दोनों ही तेज़ी से बढ़ रही हैं, योग एक ऐसा माध्यम है जिससे हम सभी एक स्वस्थ, संतुलित और खुशहाल जीवन जी सकते हैं। योग केवल शरीर की क्रियाओं तक सीमित नहीं है, बल्कि यह आत्मा, मन और चेतना को जोड़ने वाली एक जीवनशैली है। भारत, जो योग की भूमि है, ने सदियों से इसे संरक्षित और प्रचारित भी किया है। यह हमारी सांस्कृतिक धरोहर है और आज विश्वभर में इसके वैज्ञानिक लाभों को स्वीकार किया जा रहा है। श्री चौधरी ने कहा कि भारत जैसा कोई दूसरा देश शायद ही हो, जिसका इतना व्यापक, समृद्ध और जीवंत सांस्कृतिक इतिहास रहा हो। जब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने संयुक्त राष्ट्र में यह प्रस्ताव रखा कि 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के रूप में मनाया जाए, तब बहुत-से लोग जो पहले योग का मज़ाक उड़ाया करते थे, उन्हें यह कल्पना भी नहीं रही होगी कि यह पहल एक दिन वैश्विक आंदोलन का रूप ले लेगी।

# स्विस बैंकों में तीन गुना बढ़ा भारतीयों का पैसा

**नई दिल्ली,20 जून।** केंद्र की मोदी सरकार काला धन पर शिकंजा कसने और स्विस बैंकों में जमा भारतीय काला धन को लाने के लिए कितने भी दावे कर ले लेकिन हकीकत कुछ और ही बयां कर रही है। जी हां स्विस बैंक में भारतीयों का पैसा तीन गुना बढ़ा है। रिपोर्ट के मुताबिक स्विटजरलैंड के बैंकों में भारतीयों का पैसा 2024 में तीन गुना से ज्यादा बढ़ गया है। अब यह लगभग ₹37,600 करोड़ तक पहुंच गया है। स्विस नेशनल बैंक (SNB) के आंकड़ों के अनुसार, यह 2021 के बाद सबसे ज्यादा है। स्विस बैंकों में जमा धन के मामले में भारत पिछले साल के 67वें स्थान से बढ़कर 48वें स्थान पर पहुंच गया है। हालांकि, भारतीयों के ग्राहक खातों में जमा धन केवल 11 प्रतिशत बढ़ा है। यह 34.6 करोड़ स्विस फ्रैंक (लगभग 3,675 करोड़ रुपये) रहा। यह कुल धन का लगभग दसवां हिस्सा है। इससे पहले, 2023 में भारत के लोगों और कंपनियों की ओर से स्विस बैंकों में जमा धन




में 70 प्रतिशत की गिरावट की आई थी और यह चार साल के निचले स्तर 1.04 अरब स्विस फ्रैंक पर आ गया था। इसमें स्थानीय शाखाओं और अन्य वित्तीय संस्थानों के माध्यम से रखी जमा राशि शामिल है। बीते वर्ष की जमा राशि 2021 के बाद से सबसे अधिक है। उस समय स्विस बैंकों में भारतीयों की जमा राशि 14 साल के उच्चतम स्तर 3.83 अरब स्विस फ्रैंक पहुंच गई थी। ये स्विस नैशनल बैंक (एसएनबी) को बैंकों से मिले आधिकारिक आंकड़े हैं। इसे स्विट्जरलैंड में रखे गए भारतीयों का काला धन नहीं माना जाना चाहिए। इन आंकड़ों में वह राशि भी शामिल नहीं है जो भारतीयों, एनआरआई या अन्य लोगों ने तीसरे देश की संस्थाओं के नाम पर स्विस बैंकों में रखी हो सकती है। दूसरी ओर, बैंक फॉर इंटरनैशनल सेटलमेंट (बीआईएस) के स्थानीय बैंकिंग आंकड़ों ने 2024 के दौरान ऐसे कोष में लगभग छह प्रतिशत की वृद्धि दिखाई और यह 7.48 करोड़ अमेरिकी डॉलर (लगभग 650 करोड़ रुपये) रही। पूर्व में बैंक फॉर इंटरनैशनल सेटलमेंट के इन आंकड़ों को भारतीय और स्विस अधिकारियों की ओर से स्विस बैंकों में भारतीय व्यक्तियों की जमा राशि के लिए अधिक भरोसेमंद माना जाता था।

# मुनीर और ट्रंप की मुलाकात पर पाकिस्तान में ही टेंशन

**करांची,20 जून।** पाकिस्तानी सेना प्रमुख और हाल ही में फील्ड मार्शल का दर्जा पाए आसिम मुनीर की अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से मुलाकात की बहुत चर्चा है। ऐसा पहली बार हुआ है, जब किसी पाकिस्तानी सेना प्रमुख को बुलाकर डोनाल्ड ट्रंप या किसी भी अमेरिकी राष्ट्रपति ने बात की है। आमतौर पर किसी देश का राष्ट्राध्यक्ष दूसरे मुल्क के सेना प्रमुख से मुलाकात नहीं करता। किसी भी द्विपक्षीय वार्ता के लिए समकक्ष नेता से ही बात की जा सकती है। ऐसे में आसिम मुनीर को बुलाकर बात करने से कयास लग रहे हैं। कहा जा रहा है कि ईरान और इजरायल की जंग के मद्देनजर ट्रंप ने उन्हें बुलाया था और आसिम मुनीर को वाइट हाउस में लंच कराने की कीमत वसूली जा सकती है। इस मीटिंग को लेकर डॉन के एक लेख में कहा गया है कि कोई भी लंच फ्री नहीं कराता। बाकिर सज्जाद सैयद ने अपने लेख में लिखा है कि शायद यह मीटिंग तब कराई गई, जब पाकिस्तान की ओर से ईरान के समर्थन का ऐलान किया गया। इसके अलावा लॉन्चपैड के तौर पर भी



पाकिस्तान को इस्तेमाल करने का खतरा है। सैयद ने ट्रंप के उस बयान का भी जिक्र किया है, जिसमें उन्होंने आसिम मुनीर के लिए कहा कि ये ईरान को बहुत अच्छे से और सबसे अच्छे से जानते हैं। इसके आगे ट्रंप ने कहा, 'वे ईरान में हो रही घटनाओं से किसी भी बात से खुश नहीं हैं। ऐसा नहीं है कि उनका इज़राइल से संबंध खराब है।' इस तरह ट्रंप ने साफ कर दिया कि उनकी मुलाकात का मुख्य एजेंडा मिडल ईस्ट ही है। बाकिर सज्जाद लिखते हैं, 'पाकिस्तान के लिए उसकी अस्पष्टता एक ढाल के रूप में काम कर सकती है। ईरान के साथ नैतिक एकजुटता का संकेत देकर, लेकिन सैन्य प्रतिबद्धताओं से दूरी बनाकर इस्लामाबाद यह उम्मीद करता है कि वह अपने लिए एक गुंजाइश बनाए रखेगा। इससे वह अमेरिकी नाराज़गी और ईरानी संदेह दोनों से बच सकेगा। ईरान की निंदा वाले IAEA मतदान से अनुपस्थित रहने का उसका निर्णय उसी संतुलन साधने का संकेत है। लेकिन एक सच्चाई यह है कि मुफ़्त लंच नहीं कराए जाते। खासकर वे नहीं जो वाइट हाउस में दिए जाते हैं।' इस मुलाकात को लेकर यह चिंता भी डॉन अखबार में जताई गई है कि मीटिंग में कोई राजनीतिक नेतृत्व पाकिस्तान की ओर से नहीं था। बाकिर सज्जाद लिखते हैं कि नोट करने वाली बात है कि मीटिंग में अमेरिका की तरफ से डोनाल्ड ट्रंप, मार्को रूबियो और मिडल ईस्ट के लिए अमेरिकी प्रतिनिधि स्टीव विटकॉफ मौजूद थे। वहीं पाकिस्तान की ओर से कोई राजनीतिक नेतृत्व नहीं था। सेना प्रमुख आसिम मुनीर थे और आईएसआई के डीजी आसिम मलिक इस मीटिंग का हिस्सा थे। यह मीटिंग एक घंटे होनी थी और दो घंटे तक चली।

# एसीबी ने ईई को 2 लाख की घूस लेते रंगे हाथ किया गिरफ्तार

**जगदलपुर,20 जून।** छत्तीसगढ़ के जगदलपुर में एसीबी की टीम ने बड़ी कार्रवाई की है। रिश्वत मांगने की शिकायत पर पहुंची एसीबी की टीम ने जगदलपुर के कार्यपालन अभियंता को 2 लाख की रिश्वत लेते रंगे हाथ पकड़ा है। रिश्वतखोर अधिकारी का नाम अजय कुमार टैंभूरने हैं। एसीबी की टीम ने कार्यपाल अभियंता के घर छापामार कर उन्हें गिरफ्तार किया है। लोक निर्माण विभाग के जगदलपुर डिवीजन में अजय कुमार कार्यपालन अभियंता विद्युत यांत्रिकी के पद पर पदस्थ हैं। फिलहाल पूछताछ जारी है। बताया जा रहा है कि ठेकेदार को काम दिलाने के नाम पर ईई अजय कुमार ने 2 लाख की मांग की थी। ठेकेदार को कार्यपालन अभियंता ने जगदलपुर के साकेत कॉलोनी में स्थित अपने सरकारी घर में रिश्वत की रकम लेकर बुलाया था। चुकी ठेकेदार



रिश्वत देना नहीं चाहता था, बल्कि उसे रंगे हाथ पकड़वाना चाहता था। ठेकेदार ने इसकी शिकायत एसीबी से की। शिकायत की जांच के बाद एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम ने ईई के घर आज सुबह पहुंची। इस दौरान कार्यपालन अभियंता अजय कुमार टैंभूरने को 2 लाख की रिश्वत लेते रंगे हाथ पकड़ा गया। एसीबी टीम की कार्रवाई चल रही है। यह एंटी करप्शन ब्यूरो के द्वारा की गई अबतक की सबसे बड़ी कार्रवाई है। कार्रवाई खतम होने के बाद एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम इसकी विस्तृत

## एक नजर

### ट्रांसपोर्ट व्यवसायी से ठगी,दो गिरफ्तार



**भिलाई, 20 जून।** ट्रांसपोर्ट व्यवसायी की 12 चक्का 6 गाड़ियों को कुसमुंडा माइंस में लगाने के नाम पर 14.40 लाख ठगने वाले दो आरोपियों को पुरानी भिलाई थाने पुलिस ने गिरफ्तार किया है पुरानी भिलाई टीआई अम्बर सिंह भारद्वाज ने बताया कि शोभाराम साहू निवासी ग्राम मोरिद वार्ड - 39, भिलाई-3 चरोदा में विठ्ठलपुरम से ट्रांसपोर्ट का व्यवसाय करता है उन्होंने रिपोर्ट दर्ज कराया कि प्रार्थी के आफिस में लोकेश नेताम एवं स्वप्निल शिंदे आकर संपर्क बनाते रहे लगातार प्रार्थी के आफिस में आकर व्यवसाय के संबध में चर्चा करते हुए संपर्क में रहे। इसके बाद अपने परिचित के माध्यम से भी संपर्क बनाया तथा उसी दौरान उन लोगों ने कहा कि वे भी एक बड़ी कंपनी के डायरेक्टर हैं कम्पनी12 पहिया वाहन लगते हैं और उनकी कंपनी का नाम रूलबर्ड वाईट साफटेक प्राइवेट मिलिटेड है वे लोग अन्य कंपनियों से मासिक भाड़ा में वाहन लगाते हैं उन्होंने प्रार्थी को कहा कि वह आपकी गाड़ी कंपनी में लगवा दूंगा तथा अच्छी रकम दिलाउंगा उसके पश्चात आफिस में बार बार आकर अनेक प्रकार के लुभावने आफर दिये गये झांसा दिया कि उनका कोरबा, बिलासपुर, अंबिकापर, रायगढ़ के कंपनी एवं कोल खदान के अधिकारी एवं सभी विधायक एवं मंत्री से अच्छा संबंध है कोई भी कंपनी में उन्हे टेंडर मिल जाता है एक दिन किसी अधिकारी को बुलाकर प्रार्थी के आफिस में मिलवाया गया उनका परिचय कोल खदान के मार्केटिंग अधिकारी के रुप में कराया गया प्रार्थी ने उसके झांसा में आकर अपनी 6 गाड़ी (12 पहिया) को उन्हें दे दिया और उनसे कहा कि कोरबा के कुसमुंडा माइन्स में लगा दिया हूं तथा उसका एक फर्जी वीडियो बनाकर भेजा भी। उसके पश्चात एक फर्जी व्यक्ति को माइंस का जीएम बताकर बात करा दिया। प्रार्थी को कहा कि प्रति गाड़ी मासिक 2,40,000 रुपए मिलेगा। इस प्रकार से एक माह का किराया 14,40,000 बनता है। तत्पश्चात लोकेश नेताम एवं स्वप्लिल शिंदे 10 जनवरी 2025 को भिलाई-3 से प्रार्थी की गाड़ी ले गए आज 16 जून तक कोई राशि प्राप्त नहीं हुई है। तब प्रार्थी को आभाश हुआ कि उसके साथ धोखाधड़ी हुई है पुलिस ने आरोपी लोकेश नेताम (30 साल ) निवासी सेक्टर-8 और स्वप्लिल शिंदे (31 साल ) निवासी आनंद विहार फेस 2 को गिरफ्तार कर लिया है।

### केबल चोरी, 4 लोग गिरफ्तार



**भिलाई, 20 जून।** भिलाई हाउसिंग बोर्ड भिलाई के निवासी रामकृष्ण मुखर्जी ने जामुल थाना में एक रिपोर्ट दर्ज कराई थी रिपोर्ट के कुछ अज्ञात व्यक्तियों ने पलक इंडस्ट्रीज कंपनी से तीन से चार सौ मीटर लंबी कापर केबल वायर चोरी कर ली पुलिस ने घटना की जांच के दौरान आसपास के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज की समीक्षा की इसके आधार पर संदेही छत्रपाल बारले को घेराबंदी कर गिरफ्तार किया गया पूछताछ में छत्रपाल ने अपने साथियों हरीचन्द्र साहू, राहूल यादव और महेश कुमार साहू के साथ मिलकर चोरी करने की बात स्वीकार की जामुल थाने पुलिस ने आरोपितों के कब्जे से चोरी की गई केबल वायर भी बरामद की पुलिस के अनुसार पकड़े गए आरोपितों में से छत्रपाल बारले के खिलाफ थाना भिलाई-3 में हत्या का प्रयास, दुष्कर्म और मारपीट के मामले दर्ज हैं। वहीं, हरीचन्द्र साहू के खिलाफ थाना सुपेला में मारपीट का मामला दर्ज है सभी आरोपित आदतन बदमाश हैं और भिलाई-3 थाना क्षेत्र के आमाकुंआ चौक पुरैना के निवासी हैं इसके अतिरिक्त शाह इंडस्ट्रीज कंपनी में भी चोरी की एक घटना सामने आई है। जामुल पुलिस ने गौतम नगर खुर्सीपार भिलाई निवासी मोहम्मद मुराद को गिरफ्तार किया है इस मामले में एक अपचारी बालक को भी पकड़ा गया है आरोपितों दरम्यानी रात चोरी की घटना को अंजाम दिया था प्रार्थी उज्जव शाह ने जामुल पुलिस में घटना की रिपोर्ट दर्ज कराई थी पुलिस ने आरोपितों के कब्जे से चोरी का सामान भी बरामद किया है।

### चाकूबाजी, तीन गिरफ्तार



**भिलाई, 20 जून।** भिलाई चाकूबाजी के मामले में पुलिस ने एक अपचारी बालक सहित तीन लोगों को पकड़ा है सिरसा खुर्द निवासी प्रार्थी लाल बहादुर ने स्मृति नगर चौकी में शिकायत की थी वह रात अपने भाई सुखदेव निंषाद के साथ एम्स रायपुर से बाइक में घर लौट रहा था प्रार्थी शुभम कालोनी के पास कोहका पहुंचा तो आरोपित हेमन्त क्षत्रिय व उदय कुमार के द्वारा अपने साथी अपचारी बालक के साथ मिलकर मोटर साइकिल का हार्न बजाते हो कहकर चाकू से हमला कर दिया।

### महापौर अलका बाघमार शैक्षणिक दौरे पर इंदौर रवाना

**दुर्ग, 20 जून।** दुर्ग नगर पालिक निगम महापौर श्रीमती अलका बाघमार दो दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण पर इंदौर रवाना हो गई हैं।

उनकी अनुपस्थिति में, प्रभारी वित्त विभाग के सदस्य नरेंद्र बंजारे को दो दिनों के लिए प्रभारी महापौर की जिम्मेदारी सौंपी गई है।महापौर श्रीमती बाघमार ने यह आदेश जारी करते हुए शहर के कामकाज को सुचारु रूप से चलाने के लिए यह निर्णय लिया है।

# युवक को बंधक बनाकर मारपीट करने वाले गिरफ्तार

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**भिलाई, 20 जून।** भिलाई युवक का अपहरण कर तीन दिनों तक बंधक बनाकर मारपीट करने वाले तीन आरोपियों को खुर्सीपार पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है आरा मिल संचालक उज्जवल सिंग ने अपने साथियों के साथ मिलकर पूर्व कर्मी का अपहरण किया था फिलहाल मुख्य आरोपी पुलिस के पकड़ से बाहर है खुर्सीपार पुलिस ने बताया कि प्रार्थी हरीश कुमार सोनी उर्फ विक्की सोनी (33 साल ) निवासी श्रमिक नगर छावनी ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि पहले वह नवा तरिया जामुल निवासी उज्जवल सिंह की आरा मिल में काम करता था12 मई को काम छोड़ दिया। बाद में कुम्हारी स्थित हरीश शुक्ला की आरा मिल में काम करने लगा। 21 मई को करीब 8 बजे उसे पुराने मालिक उज्जवल सिंह ने कॉल किया और पुराना पेमेंट देने का हवाला देकर केनाल रोड पर इंद्रजीत उर्फ टकली के घर के पास बुलाया मिल पर काम खत्म कर रात 10 बजे केनाल रोड पहुंचा, जहां पहले से उज्जवल सिंह उसका कार में इंतजार कर रहा था। कार शुभम सिंह चला रहा था और पीछे की सीट पर इंद्रजीत उर्फ टकली और उसके अन्य साथी बैठे थे इसके बाद उसे कार में बिठाकर निर्माणाधीन मकान की पहली मंजिल पर बने कमरे में ले गए, जहां उज्जवल के कहने पर उसके मारपीट की। इसके बाद आरोपी कार में जबरदस्ती बिठाकर उज्जवल के सुरडुंग वाले फार्म हाउस ले गए वहां उसके उसके साथ मारपीट की इस बीच आरोपियों ने उसे नशे का इंजेक्शन भी दिया 23 मई को आरोपियों के चंगुल से छूटकर भाग गया 24 मई को खुर्सीपार थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई इसके बाद खुर्सीपार थाना प्रभारी वंदिता पनिकर ने टीम बनाई आरोपी इंद्रजीत उर्फ टकली (25 साल ) निवासी केनाल रोड खुर्सीपार, हरू उर्फ हर्ष सिंह (23 साल ) निवासी न्यू खुर्सीपार और गोली उर्फ ओमकार सिंह (22 साल ) निवासी सुभाष मार्केट खुर्सीपार को गिरफ्तार किया है।



### विद्यार्थियों को नशामुक्ति की शपथ दिलाई

**कवर्धा ,20 जून।** नशा मुक्त भारत अभियान अंतर्गत संत कबीर कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र कवर्धा में नशामुक्ति थीम पर रंगोली एवं चित्रकला व भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने बढ़कर हिस्सा लिया। उक्त कार्यक्रम में विजयी प्रतिभागियों को समाज कल्याण विभाग द्वारा पुरस्कृत किया गया। साथ ही कार्यक्रम के दौरान उपस्थित समस्त अधिकारी , कर्मचारियों और शिक्षकों एवं विद्यार्थियों को नशामुक्ति हेतु शपथ दिलाया गया एवं नशे से होने वाले दुष्प्रभाव को बताते हुए विद्यार्थियों को नशामुक्ति हेतु जागरूक किया गया।

# सेल निदेशक ने बीएसपी में की परियोजनाओं की समीक्षा



**भिलाई, 20 जून।** सेल के निदेशक एवं निदेशक प्रभारी अतिरिक्त प्रभार भिलाई इस्पात संयंत्र मनीष राज गुप्ता बृहस्पतिवार को भिलाई के आधिकारिक दौरे पर पहुंचे। प्रातः भिलाई निवास पहुंचने पर उनका स्वागत कार्यपालक निदेशक पवन कुमार एवं कार्यपालक निदेशक राकेश कुमार ने किया। गुप्ता के साथ उनकी धर्मपत्नी श्रीमती कविता गुप्ता भी उपस्थित रहीं। भिलाई दौरे के क्रम में मनीष राज गुप्ता ने मरोदा-1 जलाशय स्थित 15 मेगावाट क्षमता वाले निर्माणाधीन फ्लोटिंग सोलर प्लांट के परियोजना स्थल का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने परियोजना की स्थापना से जुड़े तकनीकी पहलुओं की गहन समीक्षा की और विभिन्न महत्वपूर्ण जानकारियां साझा कीं। उनके साथ कार्यपालक निदेशक राकेश कुमार, मुख्य महाप्रबंधक प्रवीण राय भल्ला, मुख्य महाप्रबंधक राजीव पांडेय, मुख्य महाप्रबंधक वी. वेंकटेशन, महाप्रबंधक आलोक सिंह सहित बीएसपी एवं एनएसपीसीएल के अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। निरीक्षण के दौरान गुप्ता को इस परियोजना के तकनीकी विवरण जैसे फ्लोटिंग स्ट्रक्चर की डिजाइन, सोलर मॉड्यूल इंस्टॉलेशन तकनीक, केबलिंग सिस्टम, इन्वर्टर सेटअप एवं कंट्रोल रूम संचालन की स्थिति की प्रत्यक्ष जानकारी दी गई। उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ राज्य का यह पहला फ्लोटिंग सोलर प्लांट अपने अंतिम चरण में है, जिसका क्रियान्वयन एनटीपीसी-सेल पावर सप्लाई कंपनी लिमिटेड द्वारा किया जा रहा है व यह परियोजना स्थापना के उन्नत चरण में है जिसके जुलाई 2025 तक प्रारंभ किये जाने की संभावना है। यह परियोजना भिलाई इस्पात संयंत्र की कार्बन उत्सर्जन को कम करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, क्योंकि इससे प्रतिवर्ष लगभग 33 मिलियन यूनिट हरित ऊर्जा का उत्पादन होने की संभावना है, जिससे प्रतिवर्ष लगभग 22,000 टन कार्बन डाइऑक्साइड की बचत होगी। भिलाई इस्पात संयंत्र ने आगामी चरण में सौर ऊर्जा उत्पादन क्षमता को और बढ़ाने की योजना बनाई है, जिसके तहत मरोदा जलाशय में अतिरिक्त 20 मेगावाट की फ्लोटिंग सोलर परियोजना तथा नंदिनी एयरस्ट्रिप में 25 मेगावाट क्षमता की ग्राउंड-माउंटेड सोलर परियोजना स्थापित की जाएगी।

### सेल ने आईएनएस अर्नाला के लिए विशेष स्टील की आपूर्ति की

**भिलाई, 20 जून।** देश की महारत्न और सार्वजनिक क्षेत्र की सबसे बड़ी इस्पात उत्पादक कंपनी, स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) ने रक्षा क्षेत्र में देश की आत्मनिर्भरता और आयात प्रतिस्थापन की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम आगे बढ़ाया है।

सेल ने भारत के पहले स्वदेशी रूप से डिजाइन और निर्मित एंटी-सबमरीन वारफेयर शैलो वाटर क्राफ्ट आईएनएस अर्नाला के लिए विशेष स्टील की पूरी जरूरत को पूरा किया है।

# टेक्नोलॉजी में जिस गति से बदलाव आ रहा है वह पिछली कई पीढ़ियों में नहीं हो पाया था : प्रणय



**भिलाई, 20 जून।** द इंस्टीट्यूशन ऑफ इंजीनियर्स द्वारा ए आई इन मेटलर्जिकल इंडस्ट्रीज विषय पर एक तकनीकी व्याख्यान का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में प्रणय कुमार, मुख्य महाप्रबंधक, सेट, सेल, भिलाई, विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ सुभाष गांगुली, विभागाध्यक्ष एवं सह प्राध्यापक, धातुकर्म एवं सामग्री इंजीनियरिंग, एनआईटी रायपुर तथा अतिथि वक्ता एस पी राजकुमार, वरिष्ठ प्रबंधक उपस्थित थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता द इंस्टीट्यूशन ऑफ इंजीनियर्स (इंडिया) की भिलाई केंद्र के चेयरमैन पुनीत चौबे ने की। स्वागत भाषण संस्था के मानसेवी सचिव बसंत साहू ने दिया। मुख्य अतिथि प्रणय कुमार ने अपने उदबोधन में कहा कि वर्तमान में टेक्नोलॉजी जिस गति से अद्यतन हो रही है और बदलाव आ रहा है वह पिछले कई पीढ़ियों में नहीं हो पायी थी। प्रणय ने कहा कि कॉलेज के दिनों में हमारा ज्ञान पुस्तकों से मिलता था और हमारे प्रोफेसर देते थे जो आज इन्टरनेट और ए आई तथा चैट जी पी टी के माध्यम से सरलता से उपलब्ध है। विशिष्ट अतिथि डॉ सुभाष गांगुली ने बताया कि प्रत्येक सामग्री का एक माइक्रो स्ट्रक्चर होता है जो कि उसके प्रसंस्करण की प्रक्रिया से मिलता है और वही उसके गुणों को नियंत्रित करता है। अतिथि वक्ता एस पी राजकुमार ने बताया कि जनरेटिव ए आई बहुत सारे डेटाबेस को एक मनुष्य की तरह विश्लेषण कर के उत्तर देता है। धन्यवाद ज्ञापन पी के नियोगी तथा संचालन आलोक सिंह ने किया। इस अवसर पर द इंस्टीट्यूशन ऑफ इंजीनियर्स की भिलाई केंद्र के पूर्व चेयरमैन शिखर तिवारी तथा उपाध्यक्ष बी पी यादव सहित विभिन्न महाविद्यालयों के छात्र-छात्रा उपस्थित थे।

### बैंकों में लंबित योजना के आवेदनों का शीघ्र निराकरण करें: कलेक्टर

**दुर्ग, 20 जून ।** कलेक्टर श्री अभिजीत सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में अग्रणी बैंक कार्यालय दुर्ग द्वारा जिला स्तरीय परामर्शदात्री समिति एवं जिला स्तरीय समीक्षा समिति÷ की बैठक बुधवार को संपन्न हुआ। बैठक के प्रारंभ में बैंको की साख जमा अनुपात (सीडी रेसियो) पर चर्चा हुई। जिन बैंकों का साख जमा अनुपात कम हैं, उन बैंकों को अगले तिमाही बैठक तक सुधार करने को कहा गया।कलेक्टर श्री सिंह ने दुर्ग जिले की सभी बैंकों में चल रहे सेवा योजनाओं की योजनावार समीक्षा की एवं बैंकों में लंबित आवेदनों को समयावधि में निराकृत कर लक्ष्य प्राप्त करने निर्देशित किया।



### राष्ट्रीय पॉवर लिफ्टिंग प्रतियोगिता के लिए खिलाड़ियों का चयन

**भिलाई, 20 जून।** राष्ट्रीय सब-जूनियर, सीनियर पॉवर लिफ्टिंग प्रतियोगिता 22 से 30 जून तक दावनगेरे कर्नाटक में भाग लेने हेतु छत्तीसगढ़ पॉवर लिफ्टिंग टीम में निम्नलिखित प्रतिभागियों का चयन किया गया है - पुरुष खिलाड़ी - जयदीप साहू, ब्लेसन बोस्को, श्रीनु राव, आसिफ अली खान, शुभम कुमार, चैतन्य पवार, खुशल पटेल, उपेंद्र कवर, मो. सरफराज, जे भागवत राव, अमान शुक्ला सभी भिलाई इस्पात संयंत्र, दुष्यंत मोहंती महासमुंद जिला, मो. दानिश दुर्ग जिला, शैलेश थवाइत बिलासपुर जिला। महिला खिलाड़ी - ए आनवी, अन्नपूर्णा नायक, नूतन, सिगिनम लावान्या सभी भिलाई इस्पात संयंत्र, संतोषी माझी दुर्ग जिला। टीम के ऑफिशियल्स एवं निर्णायक के रूप में ¬ नश्क़र टंडन, संतोषी माझी, जयदीप साहू राष्ट्रीय निर्णायक कैटेगिरी-1, आसिफ़ अली राष्ट्रीय निर्णायक, कैटेगिरी-2, कृष्णा साहू अंतरराष्ट्रीय निर्णायक कैटेगिरी-1। उक्त राष्ट्रीय पॉवर लिफ़्टिंग प्रतियोगिता में नेशनल एंटी डोपिंग एजेंसी के डोप टेस्ट से गुजरना होगा । यह जानकारी छत्तीसगढ़ पॉवर लिफ्टिंग संघ के महासचिव कृष्णा साहू विक्रम, गुंडाधुर एवं वीर हनुमान सिंह एवॉर्डी द्वारा दिया गया है ।

# आयुक्त ने मौसम को देखते हुए डामरीकरण शीघ्र कराने के दिए निर्देश



**भिलाई, 20 जून।** नगर पालिक निगम भिलाई के जोन क्र. 04 शिवाजी नगर क्षेत्रांतर्गत वार्ड क्र. 40 एवं 41 में मंगल बाजार स्थित पूर्व निर्मित सामुदायिक शौचालय, सामुदायिक भवन एवं डोम शेड का निरीक्षण करने आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय, वार्ड पार्षद गिरिजा बंछोर के साथ पहुंचे। दोनों भवनों की स्थिति देखरेख के अभाव में ठीक नहीं है, जिसका आवश्यक संधारण कार्य कराने साथ ही डोम शेड निर्माण संबंधी नस्ती का अवलोकन करने जोन आयुक्त अमरनाथ दुबे को निर्देशित किये। वहीं लाईट इंडस्ट्रियल एरिया में रोड साइड नाली के उपर अवैध रूप से अतिक्रमण कर नाली को जाम कर दिया गया है, जिसके कारण पानी का निकासी नहीं हो रहा है। जिसको हटाने की कार्यवाही करने निर्देशित किया गया है। कुसुम इंडस्ट्री का औचक निरीक्षण किये, जहां नाला का निर्माण किया जाना है और आवश्यक सफाई हेतु निर्देशित किया गया। आयुक्त पाण्डेय ने जोन आयुक्त के साथ हथखोज रोड में चल रहे निर्माणाधीन डामरीकरण कार्य का निरीक्षण किया। निर्माणकर्ता एजेंसी को मौसम देखते हुए डामरीकरण का कार्य शीघ्र और गुणवत्तायुक्त कराने निर्देशित किये। जोन क्र. 03 श्याम नगर तालाब में बीड हार्वेस्टर से चल रहे जलकुंभी सफाई कार्य का अवलोकन पश्चात स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली को अन्य तालाबों की सफाई कराने निर्देशित किये। निरीक्षण के दौरान सहायक अभियंता प्रिया करसे, जोन सहायक राजस्व अधिकारी बालकृष्ण नायडू, जोन स्वास्थ्य अधिकारी हेमंत मांझी, बीरेन्द्र बंजारे, सहायक उद्यान अधिकारी संजय शर्मा, जोन स्वच्छता निरीक्षक चुर्णामणी यादव एवं अन्य कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

### उत्तर गंगोत्री एवं नेहरू नगर में हो रहे अवैध कब्जों को निगम ने हटाया



**भिलाई, 20 जून।** राधिका नगर, नेहरू नगर पूर्व एवं उत्तर गंगोत्री के सतनाम भवन में दुकान बनाकर अवैध कब्जा किया जा रहा था। जैसे ही आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय को शिकायत मिली तत्काल जोन आयुक्त जोन सहायक राजस्व अधिकारी अजय शुक्ला को मौके का निरीक्षण कर कार्यवाही करने निर्देशित किये। जोन क्र. 01 राजस्व विभाग की टीम द्वारा मौके पर पहुंच कर अवैध निर्माण को ध्वस्त कराकर जगह रिक्त कराने की कार्यवाही की गई। इसी तरह सुपेला थाना के पीछे एस एल आर एम सेंटर के समीप रिक्त भूमि पर विभिन्न सामाजिक संगठनों द्वारा अवैध कब्जा करने की नियत से बोर्ड और सीमेंट पोल लगाए थे, जिसे जोन राजस्व टीम द्वारा हटाकर जप्ती बनाया गया। नेहरू नगर पूर्व मंगल भवन एस.टी.पी. आई आफिस के पास अवैध कब्जा कर गैरेज बनाया जा रहा था, वहां मौके पर पहुंचकर काम को बंद करवाया गया और निर्माण को तोड़वाकर सभी सामान को जप्ती बनाया गया। कार्यवाही के दौरान उपराष्ट्रीय निरीक्षक यू.पी. राज्य सुरक्षा विनोद शुक्ला, नंदू सिंह एवं तोड़फोड़ दस्ता प्रभारी हरिओम गुप्ता अपने दल के साथ उपस्थित रहे।

# विधायक ललित चंद्राकर ने किया स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा का अनावरण



**रिसाली।** जहां लोग कूड़ा करकट फेंकते थे उस स्थान को संवारा जा रहा है। दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने कृष्णा टॉकिज मार्ग से आशीष नगर जाने वाले मार्ग पर हुए सौन्दर्यीकरण का लोकार्पण किया। विधायक ने स्वामी विवेकानंद प्रतिमा का अनावरण किया। उन्होंने कहा कि स्वामी जी की प्रतिमा आज स्थापित हो रहा है, लेकिन नागरिकों ने इस मार्ग का नाम 35 वर्ष पहले ही विवेकानंद मार्ग रख चुके हैं। दुर्ग ग्रामीण विधायक ने कहा कि पार्षद मनीष यादव सौन्दर्यीकरण के कार्य में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। इसके पहले भी वे अपने वार्ड में आदिवासी समाज भवन जाने वाले मार्ग पर कलाकृति तैयार कर खुबसूरत बनाया है। प्रतिमा अनावरण कार्यक्रम में दुर्ग सांसद प्रतिनिधि दीपक पप्पू चंद्राकर, मण्डल अध्यक्ष अनुपम साहू, पार्षद रमा साहू समेत बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित थे। प्रतिमा अनावरण कार्यक्रम के मुख्य अतिथि दुर्ग ग्रामीण विधायक थे। इस अवसर पर उन्होंने उपस्थित नागरिकों से चर्चा की। जैसे ही विधायक की नजर 92 वर्षीय वृद्ध हनुमान सिंह पर पड़ी उन्होंने स्वयं हनुमान सिंह का हाथ पकड़ा और आतिथ्य का न्योता दिया। विधायक ललित ने प्रतिमा का अनावरण वरिष्ठ नागरिक से कराया। इसे देख सभी नागरिक अभिभूत हो गए।

### दुर्घटना में मृतक तथा घायल के परिजन को प्रतिकर राशि स्वीकृत

**दुर्ग, 20 जून।** कलेक्टर श्री अभिषेक सिंह ने वाहन दुर्घटना में मृतक तथा दुर्घटना में घायल के परिजन को 2.50 लाख रूपए की प्रतिकर राशि स्वीकृत की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार श्री शीतल कुमार यादव निवासी ग्राम खुटेरी तहसील आरंग जिला रायपुर की विगत 19 मई 2024 को कांजी हाउस के सामने कुम्हारी तहसील भिलाई-3 जिला दुर्ग के पास सड़क दुर्घटना (हिट एण्ड रन) में मृत्यु हो गयी थी। इसी प्रकार कुमारी नैनाप्रसाद पिता श्री पिंटूप्रसाद निवासी राजीव नगर सुपेला निजाम किराना स्टोर्स के पास वार्ड क्र. 05 सुपेला भिलाई तहसील व जिला दुर्ग की विगत 08 फरवरी 2024 को खारून ग्रीन के सामने जीई रोड के पास कुम्हारी जिला दुर्ग में सड़क दुर्घटना (हिट एण्ड रन) अज्ञात वाहन द्वारा सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो जाने पर हिट एण्ड रन मोटर दुर्घटनाओं में घोर उपहति होने की पुष्टि की गई है।

### बीएसपी कर्मचारी की बेटी आद्या पांडेय को मुख्यमंत्री ने किया सम्मानित



**भिलाई, 20 जून।** छत्तीसगढ़ राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग के 15वें स्थापना दिवस के अवसर पर रायपुर के पंडित दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में आयोजित राज्य स्तरीय समारोह में भिलाई की प्रतिभाशाली नृत्यांगना सुश्री आद्या पांडे को भारतीय शास्त्रीय नृत्य भरतनाट्यम में उनके योगदान के लिए मुख्यमंत्री विष्णु देव साय द्वारा सम्मानित किया गया। बाल आयोग की अध्यक्ष डॉ. वर्णिका शर्मा एवं अन्य गणमान्य अतिथियों की उपस्थिति में यह सम्मान समारोह सम्पन्न हुआ। आद्या के पिता दिनेश पांडे सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के मर्चंट मिल विभाग में कार्यरत हैं, जबकि उनकी माता श्रीमती सोनिया पांडे एक गृहिणी हैं।

### जिले में नारकोटिक्स के 49 प्रकरण दर्ज 231 किलो से अधिक गांजा बरामद

**दुर्ग, 20 जून ।** जिला स्तरीय समिति नारकोटिक्स की बैठक जिले के प्रभारी सचिव श्री सुब्रत साहू की अध्यक्षता में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से आयोजित की गई। इस बैठक में कलेक्टर श्री अभिजीत सिंह, पुलिस अधीक्षक श्री विजय अग्रवाल सहित खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग, स्वास्थ्य विभाग, आबकारी विभाग, समाज कल्याण विभाग, जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र विभाग और वन विभाग के अधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े।बैठक में श्री सुब्रत साहू ने पुलिस अधीक्षक से 01 जनवरी 2025 से 19 जून 2025 तक नारकोटिक्स एक्ट के तहत की गई कार्रवाई की जानकारी ली। उन्होंने बताया कि इस दौरान 49 प्रकरण दर्ज किए गए और विभिन्न मादक पदार्थों, जैसे- गांजा 231.745 कि.ग्रा., नशीली दवाइयाँ 55182 नग, हेरोइन 306.29 ग्राम, ब्राउन शुगर 2.5 ग्राम की बरामदगी हुई है। साथ ही कोटपा एक्ट के तहत दो स्थानों पर कार्रवाई की गई है। उक्त 49 प्रकरणों में 2 प्रकरण पेट्रोलिंग/चेकिंग के दौरान एवं शेष 47 प्रकरण में मुखबीर की सूचना के आधार पर एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्यवाही की गई।

# ऑक्सीजन प्लांट में किया गया आपदा प्रबंधन मॉक ड्रिल



**भिलाई, 20 जून।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के ऑक्सीजन प्लांट-2 में आपदा प्रबंधन मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। ऑक्सीजन प्लांट-2 एक अति संवेदनशील क्षेत्र है, जहाँ 2000 टन क्षमता वाले दो तरल ऑक्सीजन टैंक स्थित हैं। मॉक ड्रिल के दौरान यह परिकल्पित किया गया कि टैंक-2 से जुड़े पंप नंबर-3 में विद्युत फॉल्ट उत्पन्न हो गया है, जिसकी मरम्मत हेतु छह सदस्यीय इलेक्ट्रिकल टीम भेजी गई। इसी बीच पंप नंबर-1 में बेल्ट घर्षण के कारण अचानक आग लग गई, जो लिक्विड ऑक्सीजन के रिसाव के चलते तीव्र हो गई। इस आग के फैलाव से कंट्रोल पैनल कक्ष के बाहर की संरचना प्रभावित हुई और तीन कर्मचारी कक्ष में फंस गए। उनमें से एक को सहकर्मियों द्वारा सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए साइट इंचार्ज योगेश शर्मा ने तत्क्षण शिफ्ट इंचार्ज गौरव चौधरी को सूचित किया, जिन्होंने विभागाध्यक्ष पी.सी. बाग को जानकारी दी। इसके बाद आपातकालीन सायरन बजाया गया और सभी आपातकालीन एजेंसियों को सूचित किया गया। स्थिति को नियंत्रित करने के पश्चात 10¬57 बजे ऑल क्लियर सायरन बजाया गया।

### पब्लिक स्कूल में जिला स्तरीय योग कार्यक्रम

**दुर्ग, 20 जून।** भारत सरकार आयुष मंत्रालय के निर्देश के परिपालन में जिले में 21 जून 2025 को 'योगा संगम' एवं 'हरित योग' थीम पर अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस का जिला स्तरीय आयोजन किया जाना है। खेल एवं युवा कल्याण विभाग के सहायक संचालक से प्राप्त जानकारी के अनुसार उक्त कार्यक्रम का आयोजन खालसा पब्लिक स्कूल परिसर दुर्ग में प्रातः 7 से 7.45 बजे के मध्य किया जाएगा।

# महापौर ने किया मिडिल स्कूल मोतीपुर की मरम्मत का निरीक्षण

**राजनांदगांव 20 जून।** महापौर मधुसूदन यादव ने मोतीपुर स्कूल मैदान स्थित पूर्व माध्यमिक शाला मोतीपुर के भवन मरम्मत कार्य का निरीक्षण किया। उल्लेखनीय है कि, महापौर मधुसूदन यादव के अनुशंसा पर डॉ.रमन सिंह अध्यक्ष छ.ग. विधानसभा एवं विधायक राजनांदगांव द्वारा डी.एम.एफ. फण्ड से 9 लाख रू. की राशि मोतीपुर मिडिल स्कूल मरम्मत कार्य के लिए स्वीकृत की गई थी। उक्त निर्माण कार्य हेतु नगर पालिक निगम राजनांदगांव को कार्य एजेंसी बनाया गया है जिसके द्वारा स्कूल भवन मरम्मत एवं निर्माण कार्य प्रारंभ किया गया है। उक्त मरम्मत एवं निर्माण कार्य के निरीक्षण हेतु राजनांदगांव महापौर निर्माण



स्थल पर पहुचे और कार्यों का जायजा लिया। इस अवसर पर उनके साथ पार्षदगण कमलेश बंधे, मनोहर यादव, सावन वर्मा, भाजपा नेता एवं समाज सेवी राजेन्द्र जैन बन्टू, ठेकेदार नरेश रामटेके नगर निगम के इंजिनियर कर्मचारी सहित वार्डवासीगण उपस्थित रहे। प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष ने मोतीपुर स्कूल के मरम्मत कार्यों का जायजा लेते हुए आवश्यक सुधार हेतु दिशानिर्देश दिया एवं स्कूल में छात्र उपयोगी वाल राईटिंग के लिए भी आदेशित किया गया। उन्होने स्कूल में उच्चगुणवत्ता युक्त फर्नीचर उपलब्ध कराने एवं प्रसाधन कक्ष को भलीभांति मरम्मत एवं नवीनीकरण के भी निर्देश दिए।

## पूर्रामटोला में धूमधाम से मनाया गया शाला प्रवेश उत्सव

**डोंगरगांव , 20 जून।** शासकीय प्राथमिक व पूर्व माध्यमिक शाला पूर्रामटोला में संयुक्त रूप से बड़े हर्षोल्लास और पारंपरिक रीति रिवाज के साथ मनाया गया द्य नव प्रवेशी बच्चों का स्वागत तिलक लगाकर और मिठाई खिलाकर किया गया द्य इस अवसर पर सभी बच्चों को शाला द्वारा निशुल्क प्रदान की जाने वाली गणवेश व पाठ्य पुस्तक वितरित की गई द्य कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जनपद पंचायत छुरिया के अध्यक्ष संजय सिन्हा रहे द्य विशिष्ट अतिथि जनपद सदस्य प्रकाश मुदपरे ग्राम पंचायत पूर्रामटोला की सरपंच श्रीमती सुखबाई सिन्हा व पंचगण रहे द्य तथा शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के पदाधिकारी गण की गरिमा में उपस्थिति रहे द्य शाला की ओर से प्रधान पाठक आर के वैष्णव ,राम मनोहर देवांगन , डोमन साहू श्रीमती कुरैशी मैडम श्रीमती सेवता मैडम रही साथ ही साथ संकुल प्राचार्य दयाल शरण मेश्राम एवं संकुल समन्वयक संतु राम चौरे उपस्थित हुए मुख्य अतिथि एवं वक्ताओं ने बच्चों को शुभकामनाएं देते हुए शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला और अभिभावकों से अपील की कि वे अपने बच्चों को नियमित रूप से शाला भेजें एवं पढ़ाई के प्रति प्रोत्साहित करें ।

# सामाजिक सुरक्षा पेंशन के लिये 29 जुलाई प्रातः 10:30 से दोपहर 3:30 बजे तक वार्डों में शिविर

**राजनांदगांव, 20 जून।** नगर के सामाजिक सुरक्षा पेंशनधारियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुये नगर निगम द्वारा प्रति माह पेंशन का भुगतान वार्डो में शिविर लगाकर किया जाता है। इसी कडी में हितग्राहियों को माह फरवरी से मई 2025 की पेंशन भुगतान के लिये वार्डो में 17 जून 2025 से 29 जुलाई 2025 तक प्रातः 10:30 बजे से दोपहर 3:30 बजे तक शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिसके तहत 21 जून को शासकीय मुद्रणालय वार्ड नं. 6 व महारानी लक्ष्मी बाई वार्ड नं. 10 के लिये चिखली स्कूल में, 23 जून को चिखली वार्ड नं. 5 के लिए शीतला मंदिर परिसर चिखली में , 24 जून को महात्मा गांधी वार्ड नं. 7 व शंकरपुर वार्ड नं. 8 के लिये हास्पिटल परिसर शंकरपुर में एवं 25 जून को राजेन्द्र प्रसाद वार्ड नं. 11 के लिए ओव्हर ब्रिज के नीचे निगम औषधायल में शिविर का आयोजन किया गया है। शेष वार्डो के लिये भी शिविर आयोजित किये जायेगे। निगम आयुक्त श्री अतुल विश्वकर्मा ने सामाजिक सुरक्षा पेंशनधारियों से वार्डो में आयोजित शिविर में प्रातः 10:30 बजे से दोपहर 3:30 बजे तक उपस्थित होकर माह फरवरी से मई 2025 की पेशन का लाभ लेने की अपील की है। उन्होंने शिविर में लगे कर्मियों से कहा कि सामाजिक सुरक्षा पेंशन का कार्य को सर्वोच्च प्राथमिकता देवे एवं कोई भी हितग्राही पेंशन लेने से वंचित न रहे, इस बात का विशेष ध्यान रखा जावे।

## एक नजर

### भाजपा मंडल छुरिया ने संकल्प से सिद्धि कार्यक्रम का किया आयोजन




**छुरिया, 20 जून।** भारतीय जनता पार्टी राष्ट्रीय प्रदेश एवं जिला भाजपा के निर्देशानुसार आज भाजपा मंडल छुरिया मेंसंकल्प से सिद्धि कार्यक्रम अंतर्गत विकसित भारत का अमृत काल, सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के 11 साल बेमिसाल पूर्ण होने पर गुरुवार को साहू धर्मशाला में आम सभा रखी गई।जिसमे मुख्य वक्ता के रूप में श्री दिनेश गाँधी पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष,श्री चन्द्रिका प्रसाद डड़सेना, श्री एम. डी. ठाकुर,जनपद पंचायत अध्यक्ष श्री संजय सिन्हा , मंडल अध्यक्ष श्री कांता प्रसाद साहू ,नगर पंचायत अध्यक्ष श्री अजय पटेल , धन्ना यादव , महामंत्री गैंदाटोला मंडल राम कुमार मंडावी,जिला पंचायत सदस्य बीरम बाई मंडावी, अनिता मंडावी कार्यक्रम के संयोजक श्री शेखर भरतद्वाज , सहसंयोजक श्री अशोक मरकाम , कुंदन बाडोलेजी, राधे श्याम शर्मा, नैन सिंह पटेल , मयाराम साहू,जनपद पंचायत सदस्यगण एवं सभी जनप्रतिनिधि , ज्येष्ठ श्रेष्ठ कार्यकर्ताओं के गरिमामय उपस्थिति में मंडल स्तरीय आम सभा का आयोजन संपन्न हुआ।

### अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर कई जगह होंगे कार्यक्रम



**अम्बागढ़ चौकी, 20 जून।** भारतीय जनता पार्टी मोहला मानपुर अम्बागढ़ चौकी के अम्बागढ़ चौकी विश्राम गृह में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर प्रेस वार्ता रखी गयी जिसमे मुख्य वक्ता दिनेश गांधी,भाजपा जिलाध्यक्ष श्रीमती नम्रता सिंह,पूर्व संसदीय सचिव संजीव शाह,जिला महामंत्री दिलीप वर्मा ने मीडिया को सम्बोधित किया।मुख्य वक्ता दिनेश गांधी ने कहा जैसा कि आप सभी जानते हैं कि अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस अब हर वर्ष विश्व भर में मनाया जाता है। भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदीजी के प्रयासों से संयुक्त राष्ट्र संघ ने इस दिवस की मान्यता दीऔर इस दिन दुनिया के सभी देशों में कार्यक्रम आयोजित किये जाते हैं। भारत के लिए यह बड़े ही गौरव की बात है। यह 2015 से हर साल 21 जून को मनाया जाता है। क्योंकि उत्तरी गोलार्ध में सबसे लंबा दिन इस दिन होता है और आध्यात्मिक सिद्धियों के लिए यह उपयुक्त समय होने के कारण इस दिन का चयन मोदीजी ने किया। सन 2014 में संयुक्त राष्ट्र महासभा में इस प्रस्ताव को 177 देशों का समर्थन मिला था।हर वर्ष अलग-अलग थीम पर यह दिवस मनाया जाता है. सन 2025 की थीम एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग है। राष्ट्रीय और स्थानीय स्तर पर योग सत्र, शिविर, और कार्यशालाओं का आयोजन होगा। पूर्व की तरह ही स्कूलों, कॉलेजों, और कार्यस्थलों में योग कार्यक्रम, जिसमें सामूहिक योगाभ्यास और जागरूकता सत्र होंगे।इस प्रेस के माध्यम से हम जनता से निवेदन करते हैं कि सभी इस आयोजन से जुड़ें। योग को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाएं। जहां कल शासन द्वारा भी यह दिवस मनाया जाएगा, वहीं भारतीय जनता पार्टी की तरफ से भी अनेक आयोजन हर जिले में प्रस्तावित हैं। इस अवसर पर अम्बागढ़ चौकी मंडल अध्यक्ष आशीष द्विवेदी,पूर्व मंडल अध्यक्ष गुलाब गोस्वामी,पूर्व मंडल अध्यक्ष राजेश सिंगी,नगर पंचायत उपाध्यक्ष पवन गुप्ता,श्रीमती कमलेश सारस्वत,जिला मीडिया प्रभारी अविनाश त्रिपाठी,राजीव तिवारी,खोमन मेश्राम,मनीष मिश्रा,जिला पंचायत सदस्य नेहरू रजक,महामंत्री चंदन उपाध्याय, विमल यादव,देवनारायण कुम्भकार,सैयद अजहरुद्दीन उपस्थित रहे।

# जन्मदिन पर राहुल गांधी के सामाजिक संघर्षों को याद किया गया



**डोंगरगांव , 20 जून।** डोंगरगांव में प्रदेश युवा कांग्रेस के आह्वान पर एवं राजनांदगांव युवा कांग्रेस ग्रामीण के संयोजन में डोंगरगांव युवा कांग्रेस द्वारा नेता प्रतिपक्ष श्री राहुल गांधी जी के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में ÷सामाजिक न्याय संवाद÷ संगोष्ठी का आयोजन किया गया।सभा स्थल पर युवाओं में उत्साह और जोश का माहौल था। पोस्टरों, नारों और तालियों के साथ राहुल गांधी के नेतृत्व को सलाम किया गया।इस अवसर पर वक्ताओं ने राहुल गांधी के सामाजिक संघर्षों को स्मरण करते हुए उन्हें जन्मदिन की बधाई दी और कहा कि उन्होंने सड़क से संसद तक हर वर्ग की आवाज बुलंद की।तीन कृषि कानूनों की वापसी हो या जातिगत जनगणना की मांग– राहुल गांधी की निरंतर पहल और जनआंदोलन के कारण ही केंद्र सरकार को झुकना पड़ा।युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जातिगत जनगणना की दिशा में उठाए गए कदम के लिए श्री गांधी का आभार व्यक्त किया और कहा कि यह कदम सामाजिक न्याय और समावेशी नीति की दिशा में ऐतिहासिक सिद्ध होगा।

युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष महेश सेन ने कहा, राहुल गांधी आज सिर्फ एक नेता नहीं, बल्कि सामाजिक परिवर्तन के प्रतीक हैं। हम सब उनके दिखाए रास्ते पर चलकर एक समतामूलक समाज की दिशा में कार्यरत हैं।

कार्यक्रम में प्रमुख रूप सेगणेश साहू, टिकेश साहू पूर्व अध्यक्ष जनपद पंचायत, सुयश नाहटा पूर्व उपाध्यक्ष जनपद पंचायत, श्रीमती संध्या साहू पूर्व अध्यक्ष नगर पंचायत,वीरेंद्र बोरकर उपाध्यक्ष नगर पंचायत, डॉ. नरेंद्र साहू, रोशन यदु, वैशाली बोरकर, श्रुति शुक्ला, आरती, कलम वैष्णव, मोहनीश साहू, संजय मुटकुरे, प्रदीप रत्नाकर, मयंक यदु, राकेश साहू, प्रियंक जैन, लोकेश सिन्हा, राजाराम पंचारी, अमित ठाकुर सहित बड़ी संख्या में युवा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## स्वास्थ्य सेवा के विस्तार के लिए प्रस्ताव व कार्ययोजना बनाएं:राऊत

**मोहला, 20 जून ।** भारत रेड क्रास सोसायटी के सचिव श्री एम के राऊत ने गत दिवस जिला कार्यालय के सभाकक्ष में बैठक लेकर जिला मोहला मानपुर अंबागढ़ चौकी अंतर्गत सोसायटी के लक्ष्य और कार्ययोजना की समीक्षा की। उन्होंने जिले में भारत रेड क्रास सोसायटी की सदस्य संख्या बढ़ाने के साथ ही जिले में स्वास्थ्य सेवा विस्तार पर विस्तृत चर्चा की। उन्होंने कहा कि जिला मुख्यालय में संचालित स्वास्थ्य केंद्र में बेहत्तर स्वास्थ्य सेवा के लिए आवश्यक प्रस्ताव दें। अच्छे विशेषज्ञ चिकित्सकों की पूर्ति के लिए सेवानिवृत्त चिकित्सकों की सेवा लेना कहा। उन्होंने कहा कि दूर दराज के नागरिकों को बेहतर स्वास्थ्य के लिए हॉट बाजारों में शिविर लगाएं।

# रमेश राही छग अधिकारी कर्मचारी पेंशनर्स एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष बने

**डोंगरगांव , 20 जून।** छत्तीसगढ़ अधिकारी कर्मचारी पेंशनर्स एसोसियेशन के प्रांतीय अध्यक्ष श्री पी. आर. यादव ने नगर के वरिष्ठ साहित्यकार, समाजसेवी व शिक्षाविद रमेश जैन राही को छ. ग. अधिकारी कर्मचारी पेंशनर्स एसोसिएशन का राजनांदगांव जिला अध्यक्ष नियुक्त किया है। साथ ही उन्हें जिला कार्यकारिणी के गठन एवं तहसीलों के अध्यक्ष पद पर नियुक्ति हेतु भी अधिकृत किया है। रमेश राही के जिला अध्यक्ष बनने पर प्रदेश महामंत्री उमेश मुदलियार मीडिया प्रभारी विद्याभूषण दुबे अन्य प्रांतीय पदाधिकारियों, सभी जिला अध्यक्षों सहित तृ. वर्ग कर्मचारी संघ राजनांदगांव के आनन्द श्रीवास्तव, राजेन्द्रसिंह ठाकुर, गजेंद्र हरिहारनो, दिलेश्वर सांडिल, पत्रकारों, सहित्यकारों व शिक्षाविदों आदि ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई प्रेषित की है। जिला अध्यक्ष बनने के बाद रमेश राही ने बताया कि जिला कार्यकारिणी एवं तहसील अध्यक्षों की नियुक्ति शीघ्र कर दी जाएगी।



# अप्रशिक्षित आरक्षकों को कार्यशाला में नए कानूनों की जानकारी दी गई



**राजनांदगांव, 20 जून।** एक दिवसीय कार्यशाला आ आयोजन रक्षित केन्द्र राजनांदगांव के मंगल भवन में आयोजित किया गया। जिसमें पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव श्री मोहित गर्ग एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ऑप्स) श्री मुकेश ठाकुर द्वारा नए कानून भारतीय न्याय संहिता 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 और भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023 के विषय पर 370 से अधिक अप्रशिक्षित आरक्षकों को प्रशिक्षण दिया गया। पुलिस अधीक्षक श्री मोहित गर्ग ने कहा कि आरक्षक आम नागरिकों और कानून व्यवस्था के बीच पहला संपर्क होते हैं, अतः उन्हें नवीन कानूनों की जानकारी होना आवश्यक है ताकि वे प्रभावी ढंग से संवाद कर सकें। घटनास्थल पर पहुंचने के बाद आरक्षक को यह समझना जरूरी है कि नई प्रक्रिया में किन बातों का ध्यान रखना है (जैसे इलेक्ट्रानिक साक्ष्य का सुरक्षित संग्रहण)। आम नागरिकों को भी नए कानूनों की जानकारी देना पुलिस की जिम्मेदारी है, जिसमें आरक्षक अहम भूमिका निभाते हैं। नवीन कानूनों में नागरिकों के अधिकारों का विशेष ध्यान रखा गया है, जिसे समझकर आरक्षक संवेदनशीलता के साथ अपनी ड्यूटी निभा सकें। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम आरक्षकों के ज्ञानवर्धन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम रहा, जिससे वे नवीन विधानों के अनुरूप अपनी भूमिका को बेहतर ढंग से निभा सकेंगे। पुलिस अधीक्षक श्री मोहित गर्ग ने अपेक्षा जताई कि सभी इन कानूनों की गहराई से जानकारी लेकर इसे अपने व्यवहार में लायेंगे।अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ऑप्स) श्री मुकेश ठाकुर द्वारा इस अवसर पर कहा कि कानूनों में समय-समय पर होने वाले परिवर्तनों के कारण आरक्षकों निरंतर अद्यतन रहना आवश्यक है, ताकि वे न्यायिक प्रक्रिया में अपनी भूमिका को प्रभावी ढंग से निभा सकें। इस तरह के प्रशिक्षण सत्र न केवल दक्षता को बढ़ाते हैं, बल्कि न्याय प्रणाली में पारदर्शिता और प्रभावशीलता सुनिश्चित करने में भी सहायक होते हैं। उनको जागरूक कर उनकी क्षमता को विकसित कर प्रभावी कार्य करने के लिए समस्त अप्रशिक्षित आरक्षकों को प्रेरित किया।

# मामूली विवाद के चलते साथी की हत्या करने वाला गिरफ्तार

**राजनांदगांव, 20 जून।** मृतक चंदन कुमार एवं आरोपी भीष्मदेब दोने पश्चिम बंगाल के निवासी है जो निर्माणाधीन कल्याणी इस्पात कंपनी लिमिटेड कोपेडीह में लोहा सरिया सेंट्रींग तार बांधने का काम करते है दिनांक 15.06.2025 को आरोपी गलत तरीके से सेंट्रींग तार बांध रहा था, तब मृतक आरोपी को फटकार लगाकर सही तरीके से तार बांधने के लिए बोला तो दोनो के मध्य इस बात को लेकर वाद विवाद हुआ था, शाम को मृतक व आरोपी अलग अलग अंजोरा शराब भटठी जाकर ष्षराब पीये आरोपी शराब पीकर पहले अपने क्वाटर में आया गया था रात्रि करीबन 08:30 बजे मृतक भी अपने क्वाटर में जाने के लिए आरोपी के क्वाटर के सामने से जा रहा था जिसे देख कर आरोपी दोपहर में हुई




विवाद के रंजिष से क्वाटर के सामने पडे लकडी के बाटम (बत्ता) से हत्या करने की नियत से मृतक के सिर, हाथ, पसली में मारपीट कर गंभीर चोट पहूचाया गया था, जिसे ईलाज के लिए जिला अस्पताल दुर्ग लेकर गये थे जिसका ईलाज के दौरान मृतक चंदन की मृत्यु हुई है जिस पर थाना सोमनी में अपराध क्रमांक 135/2025 धारा 103 बीएनएस कायम कर विवेचना में लिया गया। मामला गंभीर प्रकृति का होने से मामले की जानकारी तत्काल वरिष्ठ अधिकारियों को दिया गया बाद श्रीमान् पुलिस अधीक्षक महोदय श्री मोहित गर्ग के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री राहूल देव शर्मा के मार्गदर्शन व नगर पुलिस अधीक्षक श्री पुष्पेन्द्र नायक के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी सोमनी उप निरीक्षक प्रमोद श्रीवास्तव के नेतृत्व के थाना सोमनी पुलिस की टीम आरोपी पता तलाष हेतु गठित कर आरोपी भीष्मदेब सिंघा जो दीगर राज्य पष्चिम बंगाल का है भागने के फिराक में था जिसे मुखबीर सूचना पर से हिरासत में लेकर पूछताछ किया गया जो मृतक चंदन कुमार को दिनांक 15.06.2025 को सही तरीके से सेंट्रींग तार बांधने के लिए डांटने फटकारने की बात को लेकर रंजिष रखते हुए हत्या करना बताया आरोपी द्वारा जुर्म स्वीकार करने पर आरोपी भीष्मदेब सिंघा पिता हराधन सिंघा उम्र 35 साल निवासी दक्षिण काषिम नगर थाना महिंसातल जिला पूर्बा मदनीपुर पष्चिम बंगाल हाल पता - कल्याणी इस्पात कंपनी कोपेडीह का क्वाटर थाना सोमनी जिला राजनांदगांव छ0ग0 को गिरफतार कर माननीय न्यायालय पेष कर ज्युडिषियल रिमाण्ड में लिया गया है।उपरोक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी सोमनी उनि प्रमोद श्रीवास्तव, उनि जलालुददीन खान, प्र0आर0 डूलेश्वर साहू , आर. सहबाज सिद्धिकी, गुलाब चंद्राकर एवं पुलिस स्टाफ सोमनी का महत्वपूर्ण योगदान एवं सराहनीय भूमिका रहा हैं ।

# योग को दैनिक जीवन में शामिल करने के लिए लोगों को प्रेरित करें:कलेक्टर



**राजनांदगांव,20 जून।** कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम की तैयारी के लिए अधिकारियों की बैठक ली। इस दौरान पुलिस अधीक्षक श्री मोहित गर्ग, वन मंडलाधिकारी श्री आयुष जैन एवं जिला पंचायत सीईओ सुश्री सुरूचि सिंह उपस्थित रहे।

कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने कहा कि स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता लाने के लिए अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर 21 जून 2025 को सुबह 6.45 बजे से दिग्विजय स्टेडियम में सामूहिक योगाभ्यास का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने आयोजन की तैयारी के लिए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अच्छे स्वास्थ्य के लिए योग को अपने दैनिक जीवन में शामिल करने के लिए नागरिकों को अधिक से अधिक प्रेरित करना है। इसमें अधिक से अधिक लोगों की सक्रिय सहभागिता होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम में जनप्रतिनिधि, स्कूल बच्चे, खिलाड़ी, सभी अधिकारी-कर्मचारी एवं नागरिक शामिल होंगे। उन्होंने मंच, साऊंड, योग करने के लिए कार्पेट की व्यवस्था, वाहन पार्किंग, ट्रैफिक के संबंध में दायित्व सौंपे एवं आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि स्वयंसेवी एवं समाज सेवी संस्थाएं कार्यक्रम में शामिल होंगे। उन्होंने समाज कल्याण विभाग एवं खेल विभाग को कार्यक्रम की तैयारी सुनिश्चित करने के लिए कहा। इस अवसर पर अपर कलेक्टर श्री सीएल मारकण्डेय, अपर कलेक्टर श्री प्रेम प्रकाश शर्मा, नगर निगम आयुक्त श्री अतुल विश्वकर्मा, एसडीएम राजनांदगांव श्री खेमलाल वर्मा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## किसानों के लिए दलहन-तिलहन बीज नगद में उठाव के लिए उपलब्ध

**महासमुंद, 20 जून।** जिले के किसानों को आगामी खरीफ सीजन में बोनी हेतु सहायता प्रदान करने के उद्देश्य से कृषि विभाग महासमुंद द्वारा दलहन एवं तिलहन फसलों के बीज नगद भुगतान पर उपलब्ध कराए जा रहे हैं। बीज की उपलब्धता पहले आओ, पहले पाओ के आधार पर की जा रही है।उप संचालक कृषि श्री एफ.आर. कश्यप ने बताया कि कृषकगण वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी कार्यालय महासमुंद, बागबाहरा, पिथौरा, बसना एवं सरायपाली में संपर्क कर नगद भुगतान पर बीज प्राप्त कर सकते हैं। बीज की उपलब्धता इस प्रकार है। जिसमें दलहन फसल अंतर्गत उड़द (किस्म - इंदिरा-1) की मात्रा 79 क्विंटल, अरहर (किस्म - सी.जी.-1) 72.60 क्विंटल, तिलहन फसल अंतर्गत मूंगफली (किस्म - के 1812) 32.20 क्विंटल, तिल (किस्म -

# अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर योग को अपनी जीवनशैली का हिस्सा बनाएं:किरण

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**छुरिया, 20 जून।** जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती किरण रविन्द्र वैष्णव ने अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर राजनांदगांव जिले वासियों से अपील की है। आइये, इस अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर योग को अपने जीवनशैली का हिस्सा बनायें। श्रीमती वैष्णव ने कहा कि योग युगों-युगों से हमारी संस्कृति का हिस्सा रहा है। आज के इस आधुनिक युग में भी योग के प्रति विश्व में बढ़ती जिज्ञासा इसके प्रभाव का प्रत्यक्ष प्रमाण है। हम सभी को नियमित योग करना चाहिए जो हमारे स्वास्थ्य के लिए बेहतर है।

प्राचीन भारतीय परम्परा का एक अमूल्य उपहार, योग है जो शारीरिक और मानसिक तंदुरुस्ती को बढ़ावा देने के सबसे भरोसेमंद साधनों में से एक के रूप में उभरा है। योग शब्द संस्कृत मूल युज से लिया गया है जिसका अर्थ है शामिल होना, जुड़ना या एकजुट होना, जो मन और शरीर की एकता, विचार और क्रिया, संयम और तृप्ति, मानव और प्रकृति के बीच सामंजस्य और स्वास्थ्य और तंदुरुस्ती के लिए एक समग्र दृष्टिकोण का प्रतीक है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के अथक प्रयासों के कारण संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के रूप में घोषित किया गया। अपने प्रस्ताव में इस बात का समर्थन किया कि योग जीवन के सभी पहलुओं के बीच संतुलन स्थापित करने के अलावा स्वास्थ्य और कल्याण के लिए एक समग्र दृष्टिकोण प्रदान करता है। योग के फ़ायदों के बारे में जानकारी का व्यापक प्रसार पूरी दुनिया के स्वास्थ्य के लिए फ़ायदेमंद होगा। इसने समग्र स्वास्थ्य क्रांति का एक युग शुरू किया जिसमें इलाज के बजाय रोकथाम पर अधिक ध्यान दिया गया। आइये, हम सब मिलकर इस अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर योग को अपने जीवनशैली का हिस्सा बनायें और नियमित योगाभ्यास करें व दुसरो को भी प्रेरित करें।

## धरती आबा अभियान से जनजातीय समुदाय को मिली नई पहचान

**मोहला 20 जून ।** जिले में धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के अंतर्गत एक महत्वपूर्ण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इस विशेष अवसर पर तहसील कार्यालय परिसर में आय, जाति एवं निवास प्रमाण पत्रों का वितरण किया गया। साथ ही जिले में स्थानीय शालाओं में जाति प्रमाण पत्र शिविर भी आयोजित किए जा रहे है।

# जिला पंचायत अध्यक्ष की बिटिया ने लगाया एक पौधा मां के नाम



**छुरिया, 20 जून (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।**जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती किरण रविन्द्र वैष्णव व जिला भाजपा महामंत्री रविन्द्र वैष्णव की बिटिया मानसी वैष्णव आज अपने माता पिता के साथ एक पेड़ मां के नाम के तहत एक पेड़ लगाकर वृक्षारोपण कार्य की । जिला पंचायत अध्यक्ष ने कहा कि एक पेड़ माँ के नाम÷ एक प्रयास है जो हमारी मातृभूमि और प्रकृति के प्रति हमारे सम्मान और समर्पण को दर्शाता है। आज मेरी बिटिया भी कार्यक्रम में शामिल होकर प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के आवाहन पर जामुन के वृक्ष का वृक्षारोपण की है। निश्चित रूप से पेड़ हम सभी को लगाना भी जरूरी है और उससे ज्यादा उसका देखभाल करना भी जरूरी है।हमारे देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के आवाहन पर इस अभियान की शुरुआत की गई है।इस अभियान का का उद्देश्य माँ के नाम पर एक पेड़ लगाना और एक स्थायी स्मृति बनाना है, जो न केवल पर्यावरण की रक्षा करेगा बल्कि एक हरे और अधिक समृद्ध भविष्य के निर्माण में भी योगदान देगा। माँ और प्रकृति दोनों ही जीवन का मूल आधार हैं और इस पहल के माध्यम से हम अपनी जिम्मेदारी निभा रहे हैं। एक पेड़ माँ के नाम का हिस्सा बनें और अपनी माँ के लिए एक अविस्मरणीय स्मृति बनाने के लिए एक पेड़ लगाएँ।वृक्षारोपण से वायु और जल प्रदूषण को कम करने, मिट्टी के कटाव को रोकने, और जैव विविधता को बढ़ाने में मदद मिलती है।वृक्षारोपण से शहरों और गांवों में हरियाली बढ़ती है, जिससे वातावरण अधिक सुंदर और स्वस्थ बनता है। श्रीमती वैष्णव ने सभी से अपील की है की सभी को वृक्षारोपण कार्यक्रम के महत्व के बारे में लोगों को शिक्षित करें व अधिक से अधिक पेड़ लगाने प्रेरित करे।

# 2.30 करोड़ से बन रही नहर नाली योजना लापरवाही से सवालों के घेरे में

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**मोहला, 20 जून।** जिला मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी के ग्राम पंचायत राणाटोला में बन रही करोड़ों की नहर-नाली योजना में भ्रष्टाचार की गूंज उठने लगी है। ग्रामीणों ने निर्माण कार्यों में भारी गड़बड़ी और घोर लापरवाही के गंभीर आरोप लगाए हैं। साल भर पहले शुरू हुए इस निर्माण कार्य में जगह-जगह दरारें दिखने लगी हैं और नालियों के टूटने की शुरुआत हो चुकी है। करीब 2 करोड़ 30 लाख रुपये की लागत से बन रही यह चार किलोमीटर लंबी नहर-नाली परियोजना अब सवालों के घेरे में है। ग्रामीणों का कहना है कि नाली की मोटाई जहां तीन इंच होनी चाहिए, वहां महज डेढ़ से दो इंच में ढलाई कर दी जा रही है। गुणवत्ता की पोल तो



तब खुली, जब निर्माणाधीन ढांचे में दरारें आने लगीं और उन्हें पैचवर्क से छिपाया जाने लगा। मुरम को सही नहीं दबाने की वजह टूटने लगी हैं, जबकि मुरम डालने के उपरांत उसे सघन व ठोस होने तक रुककर निर्माण करना था। क्या ये गैर जिम्मेदाराना नहीं है?पूर्व में भी कलेक्टर के निर्देश पर धस रहे नाली को तुड़वा कर नया बनवाया गया था। जबकि जिम्मेदार इंजीनियर इसे स्वतः संज्ञान में लेते हुए ठीक करवा सकते थे। इस बार भी मामला कलेक्टर तक पहुंचा है, आखिर कब सुधरेंगे गैर जिम्मेदार इंजीनियर क्या सरकारी पगार खानापूर्ति करने के लिए ली जा रही है?और भी हैरान करने वाली बात यह है कि निर्माण सामग्री - गिट्टी और रेत - को साइट पर तैनात सुपरवाइजर खुलेआम बेच रहे हैं। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि ठेकेदार जिम्मेदार अधिकारी को मटेरियल तो मौके पर दिखा रहे हैं, किंतु दूसरी ओर उसे रातों रात बेंच कर भ्रष्टाचार का परत चढ़ा रहे हैं। इससे निर्माण में कम अनुपात में सामग्री डाली जा रही है और पूरा ढांचा बेहद कमजोर बन रहा है।

### क्या कर रहे हैं जिम्मेदार अधिकारी?

लापरवाह इंजीनियर जहां इस घटिया निर्माण पर आंख मूंदे बैठे हैं, वहीं प्रोजेक्ट का नक्शा और स्टीमेट तक दिखाने से बच रहे हैं। इससे साफ जाहिर है, कि मिलीभगत की बू आ रही है। विभागीय ईई आफताब आलम ने मीडिया से कहा कि दरारें आने की स्थिति में उसे तोड़कर दोबारा बनाया जाएगा और निर्माण की पांच साल की गारंटी है जिसकी संपूर्ण जवाबदेही पांच साल तक ठेकेदार की है। चूंकि अभी काम पूरा नहीं हुआ है।

**लेकिन सवाल ये है —** जब शुरुआत ही भ्रष्टाचार से हो रही है, तो गारंटी का क्या मतलब इस पूरे प्रकरण पर कलेक्टर तुलिका प्रजापति ने संज्ञान लेते हुए स्पष्ट कहा है कि जांच समिति गठित कर विभागीय जांच करवाई जाएगी और कार्य को गुणवत्ता के अनुसार पूरा कराया जाएगा।

## संपादकीय

# मोदी का ट्रंप को सीधा जवाब

कांग्रेस सहित विपक्षी दल लंबे समय से कह रहे थे कि अमरीका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप कई बार कह चुके हैं कि भारत व पाकिस्तान के बीच सैन्य कार्रवाई उनके कहने पर ही रुकी है। पीएम मोदी इस मामले में राष्ट्रपति ट्रंप से कुछ कहते क्यों नहीं है।राष्ट्रपति ट्रंप व पीएम मोदी में यही तो फर्क है कि ट्रंप तो आए दिन कुछ न कुछ कहते रहते हैं और उससे बाद में पलट भी जाते हैं। वह कब क्या कहेंगे और कब अपने कहे से पलट जाएंगे, इसका कोई ठिकाना नहीं है, जबकि पीएम मोदी सही समय पर बोलते हैं और सोच समझकर बोलते हैं और उस पर अडिग रहते हैं। सही समय जी-7 की बैठक में आया। यहां पर पीएम मोदी व राष्ट्रपति ट्रंप के बीच बातचीत होती तो पीएम मोदी उन्हें बताते कि आप ने जो कुछ कहा भारत पाकिस्तान सैन्य कार्रवाई रोकने के बारे में वह सही नहीं है। जी-7 की बैठक में पीएम मोदी का सामना किए बगैर ट्रंप बड़े काम करने का बहाना कर अमरीका चले गए। वह नहीं चाहते थे कि पीएम मोदी व उनके बीच जो बातचीत हो, उसे दूसरे लोग सुने. इसीलिए वह उन्होंने अमरीका से फोन कर पीएम मोदी से बात की। यहां गौर करने वाली बात यह है कि फोन अमरीका के राष्ट्रपति ट्रंप ने पीएम मोदी को किया, वह जानते थे कि पीएम मोदी उनके युध्दविराम के बयान से नाराज हैं, पीएम मोदी तो उनको फोन नहीं करेंगे,दोनों के बीच 35 मिनट बात हुई और पीएम मोदी ने फिर एक ट्रंप का समझा दिया है कि भारत व पाकिस्तान के मामले में भारत को किसी के मध्यस्थता की जरूरत न पहले थे न आज है और न भविष्य में रहेगी। भारत व पाकिस्तान के बीच सैन्य कार्रवाई रुकी है तो पाकिस्तान के कहने पर रुकी है। पाकिस्तान कोई आतंकी घटना को अंजाम देगा तो अब भारत उसे एक्ट आफ वार मानेगा, और आतंकवाद के खिलाफ भारत का आपरेशन सिंदूर जारा है यानी पाकिस्तान ने फिर आतंकियों को भारत भेजा तो भारत फिर सैन्य कार्रवाई करेगा। साथ ही राष्ट्रपति ट्रंप के अमरीका आने के निमंत्रण के विनम्रता से मना कर राष्ट्रपति ट्रंप के साथ राहुल गांधी को भी बता दिया है कि पीएम मोदी को कोई झुका नहीं सकता। नरेंदर कभी सरेंडर नहीं करता है।

## राशिफल

**मेष** आज का दिन आपके लिए वाणी और व्यवहार पर संयम बनाए रखने के लिए रहेगा। बिजनेस में आपको मन मुताबिक लाभ मिलने से आपकी खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा, लेकिन यदि आप नौकरी में बदलाव की सोच रहे हैं, तो फिलहाल आप रुक जाएं और आपको किसी पुराने खर्चों पर पूरा ध्यान देना होगा। आर्थिक दृष्टिकोण से आज का दिन आपके लिए अच्छा रहेगा। आपका कोई छुपा हुआ राज बाहर निकल सकता है, जिससे जीवनसाथी आपसे नाराज हो सकते हैं।

**वृषभ** आज आप किसी संपत्ति का सौदा बहुत ही ध्यान से करें और उसके चल व अचल पहलुओं को स्वाधीनता से जांचना होगा। आप किसी अजनबी से कोई लेनदेन ना करें। पिताजी यदि काम को लेकर आपको कोई सलाह दें, तो आप उस पर अमल अवश्य करें, वह आपके लिए अच्छी रहेगी। आपको कार्यक्षेत्र में कामों को लेकर भागदौड़ अधिक रहेगी। आप अपने जीवनसाथी से अपने आगे के भविष्य को लेकर बातचीत कर सकते हैं। आपका कोई काम यदि पूरा होने में समस्या आ रही थी, तो वह भी दूर होगी।

**मिथुन** आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आपको सरकारी नौकरी में प्रमोशन मिलने से एक स्थान से दूसरे स्थान पर जाना पड़ सकता है। आप अपनी योजनाओं को लेकर यदि परेशान थे, तो वह आपके लिए अच्छी रहेगी। संतान के करियर को लेकर आपको चिंता हो सकती है, जिसके लिए आप उनके गुरुजनों से भी बातचीत कर सकते हैं। आपको किसी जरूरतमंद व्यक्ति की मदद करने का मौका मिले, तो आवश्यक करें। आपको एक साथ कई काम हाथ लगने से आपकी व्याकाग्रता बढ़ेगी।

**कर्क** आज का दिन आपके लिए मन मुताबिक लाभ दिलाने वाला रहेगा। आपकी बिजनेस की कोई लंबे समय से रुकी हुई टीम फाइनल हो सकती है,जो आपको खुशी देगी। संतान को किसी नई नौकरी की प्राप्ति हो सकती है। आप किसी से उधार का लेनदेन ना करें। परिवार में किसी नए मेहमान का आगमन हो सकता है। आपको अपने कामों को लेकर योजना बनाकर चलना होगा। आपको किसी सरकारी योजना में धन लगाना बेहतर रहेगा। आपको किसी पुरानी गलती से सबक लेना होगा।

**सिंह** आज आपकी कोई मन की इच्छा पूरी हो सकती हैं। आप किसी मकान या वाहन आदि की खरीदारी कर सकते हैं, जो आपके लिए अच्छी रहेगी। सामाजिक क्षेत्रों में कार्यरत लोगों की अपने साथियों से खूब पटेगी। आप अपने आस-पड़ोस में किसी वाद-विवाद मे ना पड़ें। वाहनों का प्रयोग आपको सावधान रहकर करना होगा। आपका कोई काम यदि लंबे समय से अटका हुआ था, तो आप उसे निपटाने की पूरी कोशिश करें। आप अपने सहयोगियों से काम को लेकर सलाह ले सकते हैं।

**कन्या** आज का दिन आपके लिए स्वास्थ्य में चल रही समस्याओं पर पूरा ध्यान देने के लिए रहेगा। कार्यक्षेत्र में आप शीघ्रता और भावुकता में कोई निर्णय न लें। आपको किसी विपरीत परिस्थिति में भी धैर्य बनाए रखने की आवश्यकता है। आपको अपने बॉस से रिश्तों में मधुरता लानी होगी। यदि वह आपको कोई जिम्मेदारी दें, तो आप उसमें लापरवाही बिल्कुल ना करें। जो लोग विदेशों से व्यापार कर रहे हैं, उन्हें कोई बेहतर अवसर मिल सकता है। आपको किसी यात्रा पर थोड़ा ध्यान देकर जाना होगा।

**तुला** आज का दिन आपके लिए उत्साहपूर्ण रहने वाला है। प्रेम और सहयोग की भावना आपके मन में बनी रहेगी। धार्मिक कामों में आप बढ़ चढ़कर हिस्सा लेंगे। जीवनसाथी के साथ कुछ रोमांटिक समय व्यतीत करेंगे। आपको किसी सदस्य से कोई बात बहुत ही सोच समझकर बोलनी होगी। लापरवाही के कारण आपकी समस्याएं बढ़ सकती है। यदि आप किसी प्रॉपर्टी की खरीदारी करने की सोच रहे हैं, तो वह आप कर सकते हैं। आप अपनी ऊर्जा को सही कामों में लगाएं, तो आपके लिए बेहतर रहेगा।

**वृश्चिक** आज का दिन आपके लिए मिश्रित रूप से फलदायक रहने वाला है। लेनदेन से संबंधित मामलों में आपको थोड़ा ध्यान देना होगा। आपको किसी पुराने मित्र से लंबे समय बाद मिलने का मौका मिलेगा, जिससे आपके मन में खुशियां रहेंगी। परिवार में किसी सदस्य को कोई पुरस्कार मिलने से माहौल खुशनुमा रहेगा। भाई और बहनों से आप परिवारिक बिजनेस को लेकर कोई सलाह ले सकते हैं। आपको अपने सहयोगियों से मन की बात करने का मौका मिलेगा। आपका कोई लंबे समय से रुका हुआ काम भी पूरा हो सकता है।

**धनु** आज का दिन आपके लिए मिलाजुला रहने वाला है। आप काम को लेकर थोड़ी टेंशन ले सकते हैं। आपके खर्च अधिक रहने से आप थोड़ा परेशान रहेंगे। आपको किसी कुछ विशेष व्यक्तियों से मिलने का मौका मिलेगा। आर्थिक दृष्टिकोण से दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आप आज खर्च अधिक करेंगे। आपके ऊपर काम का दवाब अधिक रहने से आप परेशान रहेंगे। आप अपने घर किसी नए बिजली के उपकरण को लेकर आ सकते हैं। नौकरी की तलाश में इधर-उधर भटक रहे लोगों को कोई खुशखबरी सुनने को मिल सकती है।

**मकर** आज का दिन आपके लिए व्यस्तता से भरा रहने वाला है। बिजनेस कर रहे लोगों की आय बढ़ेगी, जो आपको खुशी देगी। आप अपने मनपसंद भोजन का आनंद लेंगे। आपको कुछ विशेष व्यक्तियों से मिलने का मौका मिलेगा। ससुराल पक्ष से आपको धन लाभ मिलता दिख रहा है। घूमने फिरने के दौरान आपको कोई महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त होगी। आपको किसी परिजन की कोई बात बुरी लग सकती है। आपकी कुछ नया करने की कोशिश रंग लाएगी। आपको अपने किसी पुराने मित्र से लंबे समय बाद मिलकर खुशी होगी।

**कुंभ** आज का दिन आपके लिए पद-प्रतिष्ठा को बढ़ाने वाला रहेगा। आप दोस्तों के साथ किसी पार्टी आदि को करने की योजना बना सकते हैं। आपको अपने कामों को लेकर तालमेल बनाकर चलने की आवश्यकता है। भाई-बहनों का आपके कामों में पूरा साथ मिलेगा। विद्यार्थियों को पढ़ाई-लिखाई में लापरवाही करने से बचना होगा। माताजी आपसे किसी चीज की फरमाइश कर सकती हैं, जिसे आप पूरी अवश्य करें। संतान के मनवाने व्यवहार के कारण आप थोड़ा परेशान रहेंगे।

**मीन** आज का दिन आपके लिए सुखमय रहने वाला है। कार्यक्षेत्र में आप कुछ नया सीखने की कोशिश में लगे रहेंगे। आप राजनीति में भी हाथ आजमाने की सोचेंगे। आप परिवार के सदस्यों को कहीं घुमाने लेकर जा सकते हैं। यदि आपका प्रॉपर्टी को लेकर कोई मामला अटका हुआ था, तो वह भी सुलझ सकता है। आप अपने आलस्य को दूर करके काम करने की कोशिश करें।

### अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस

# योग-क्रांति से नये मानव एवं नये विश्व की संरचना संभव

**ललित गर्ग**



हिंसा, युद्ध, आतंकवाद, आर्थिक प्रतिस्पर्धा के दौर में दुनिया शांति एवं अमन चाहती है और इसका सशक्त माध्यम है योग। इंसान से इंसान को जोड़ने, शांति का जीवन जीने एवं स्वस्थ जीवन के लिये भारतीय योग के महत्व को दुनिया ने स्वीकारा है। योग भारत की प्राचीन परम्परा का एक अमूल्य उपहार है, यह दिमाग और शरीर की एकता का प्रतीक है, मनुष्य और प्रकृति के बीच सामंजस्य का आधार है, संयम और अहिंसा प्रदान करने वाला तथा स्वास्थ्य और भलाई के लिए एक समग्र दृष्टिकोण है। योग के व्यापक मानवहितकारी महत्व के कारण ही प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 11 दिसम्बर 2014 को संयुक्त राष्ट्र महासभा में दिये गये अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के प्रस्ताव को मंजूरी मिलने के बाद सर्वप्रथम इसे 21 जून 2015 को पूरे विश्व में मनाया गया। इस वर्ष 11वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर प्रधानमंत्री मोदी ने योग दिवस की थीम 'योगा फॉर वन अर्थ, वन हेल्थ' रखी है। इसे आसान भाषा में समझें तो 'एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योगा' है। इसका मतलब है कि जिस तरह से पृथ्वी एक है ठीक उसी प्रकार से हमारा स्वास्थ्य भी एकमात्र है, जिसे हमें दुरुस्त रखने की जरूरत है। इसी से नये मानव एवं नये विश्व की संरचना संभव है।

आज जबकि मनुष्य जीवन अनेक असाध्य बीमारियों से जूझ रहा है, ऐसे जटिल स्वास्थ्य-संकट के दौर में इस थीम का मुख्य उद्देश्य है कि हमें हमारे स्वास्थ्य की देखभाल करनी चाहिए क्योंकि स्वास्थ्य एकमात्र ऐसी चीज है, जिसके सहारे आप अपना स्वस्थ जीवन जीते हुए न केवल परिवार, समाज, राष्ट्र बल्कि विश्व के लिये एक ऊर्जा, एक शक्ति एवं एक गति बन सकते हो। प्रधानमंत्री मोदी ने योग को शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक स्वास्थ्य सुनिश्चित करने वाली जीवनशैली के रूप में स्वीकार किया। उन्होंने समाज के सभी वर्गों में योग की पहुंच बढ़ाने और स्वस्थ, खुशहाल और अधिक सामंजस्यपूर्ण विश्व के निर्माण के लिए योग को एक साधन के रूप में उपयोग करने की दिशा में संयुक्त प्रयासों की अपील की। योग केवल व्यायाम नहीं है, बल्कि अपने भीतर एकता की भावना, अहिंसा एवं शांति, दुनिया और प्रकृति की खोज है। हमारी बदलती जीवन-शैली में यह चेतना बनकर, हमें जलवायु परिवर्तन से उत्पन्न महासंकट से निपटने में मदद कर सकता है। योग एवं ध्यान के माध्यम से भारत दुनिया में गुरु का दर्जा एवं एक अनूठी पहचान हासिल करने में सफल हो रहा है। आज हर व्यक्ति एवं परिवार अपने दैनिक जीवन में अत्यधिक तनाव/दबाव महसूस कर रहा है। हर आदमी संदेह, अंतर्द्वंद्व और मानसिक उथल-पुथल की जिंदगी जी रहा है। मनुष्य के सम्मुख स्वस्थ-शांतिपूर्ण जीवन का संकट खड़ा है। मानसिक संतुलन अस्त-व्यस्त हो रहा है। मानसिक संतुलन का अर्थ है विभिन्न परिस्थितियों में तालमेल स्थापित करना, जिसका सशक्त एवं प्रभावी माध्यम योग ही है। योग एक ऐसी तकनीक है, एक विज्ञान है जो हमारे शरीर, मन, विचार एवं आत्मा को स्वस्थ करती है। यह हमारे तनाव एवं कुंठा को दूर करती है। जब हम योग करते हैं, श्वासों पर ध्यान केन्द्रित करते हैं, प्राणायाम और कसरत करते हैं तो यह सब हमारे शरीर और मन को भीतर से खुश और प्रफुल्लित रहने के लिये प्रेरित करती है, जिसकी आज विश्व मानवता को सर्वाधिक अपेक्षा है। एक ऐसे विश्व में रहने की कल्पना करें जहां आपकी प्रत्येक सांस मानसिक शांति, शारीरिक शक्ति और हमारे साझा ग्रह पर सद्भाव को बढ़ावा देती हो। एक समय में एक मुद्रा, एक श्वास, एक क्षण, यह जानने के लिए कि योग किस प्रकार आपके जीवन और आपके आस-पास की दुनिया को बदल सकता है, योग दिवस का मुख्य ध्येय है। मनुष्य, पशु और पौधे सहित सभी जीवित प्राणी हमारे ग्रह को अपना घर मानते हैं। हमें प्राकृतिक दुनिया के साथ शांतिपूर्वक सह-अस्तित्व बनाए रखते हुए इसकी देखभाल करनी चाहिए। योग हमें सद्भावना से रहना, सचेत रहना और समझदारी-विवेक से निर्णय लेना सिखाता है। हम योग का अभ्यास करके पर्यावरण की रक्षा कर सकते हैं और अपने स्वास्थ्य को बेहतर बना सकते हैं। पर्यावरण की स्थिति का सीधा असर हमारे स्वास्थ्य पर भी पड़ता है। जब हम अपने पर्यावरण और खुद का ख्याल रखते हैं तो सभी को फायदा होता है। विश्व अनेक स्वास्थ्य एवं पारिस्थितिकी समस्याओं का सामना कर रहा है, जिनमें प्रदूषण, तनाव और जीवनशैली से जुड़ी बीमारियाँ शामिल हैं।



योग शारीरिक, मानसिक और भावनात्मक स्वास्थ्य को बेहतर बनाने का एक त्वरित, प्राकृतिक साधन है। अभी कुछ दिन पहले ही समाचारपत्रों में पढ़ा कि कैंसर क्यों होता है, इसके कई कारण हैं। एक कारण यह है कि जो लोग मस्तिष्क का सही उपयोग करना नहीं जानते, उनके कैंसर हो सकता है। मस्तिष्क विज्ञानी तो यह भी कहते हैं कि मस्तिष्क की शक्तियों का केवल चार या पांच प्रतिशत उपयोग आदमी करता है, शेष शक्तियां सुप्त पड़ी रहती है। यह भी कहा जाता है कि कोई मस्तिष्क की शक्तियों का उपयोग सात या आठ प्रतिशत करने में समर्थ हो जाए तो वह दुनिया का सुपर जीनियस बन सकता है। सबसे पहले हमारी जानकारी मस्तिष्क विद्या के बारे में होनी चाहिए। योग विद्या भारत की सबसे प्राचीन विद्या है। योगविद्या के आचार्यो ने मस्तिष्क विद्या से दुनिया का परिचय कराया था। हमारे मस्तिष्क में एक पर्त है एनीमल ब्रेन की। वह पर्त सक्रिय होती है तो आदमी का व्यवहार पशुवत हो जाता है। जितने भी हिंसक और नकारात्मक भाव हैं, वे इसी एनीमल ब्रेन की सक्रियता का परिणाम है। इसे संतुलित करने का माध्यम योग है।

हमें अपनी योग्यताओं और क्षमताओं को किसी दायरे में बांधने से बचना होगा। ऐसा तब होगा, जब हम अपनी कमजोरियों पर ही नहीं, बल्कि उनसे उबरने के रास्तों पर भी विचार करेंगे। यहीं से हमारी तरक्की का रास्ता खुलता है और इसके लिये योग ही प्रभावी माध्यम है। हम अपनी समस्या को समझें और अपना समाधान खोजें। समस्याएं परेशान करती हैं। जरूरत खुद को काबू में रखने की होती है, हम दूसरों को काबू में करने में जुटे रहते हैं। आज विश्व में जो आतंकवाद, हिंसा, युद्ध, साम्प्रदायिक विद्वेष की ज्वलंत समस्याएं खड़ी हैं, उसका कारण भी योग का अभाव ही है। विज्ञान ने यह प्रमाणित कर दिया है- जो व्यक्ति स्वस्थ रहना चाहता है, उसे योग को अपनाना होगा। बार-बार क्रोध करना, चिड़चिड़ापन आना, मूड का बिगड़ते रहना- ये सारे भाव हमारी समस्याओं से लडने की शक्ति को प्रतिहत करते हैं। इनसे ग्रस्त व्यक्ति बहुत जल्दी बीमार पड़ जाता है। हमें अपनी योग्यताओं और क्षमताओं को किसी दायरे में बांधने से बचना होगा। ऐसा तब होगा, जब हम योग को अपनी जीवनशैली बनायेंगे। योग एवं ध्यान एक ऐसी विधा है जो हमें भीड़ से हटाकर स्वयं की श्रेष्ठताओं से पहचान कराती है। हममें स्वयं पुरुषार्थ करने का जज्बा जगाती है। स्वयं की कमियों से रू-ब-रू होने को प्रेरित करती है। स्वयं से स्वयं का साक्षात्कार कराती है। आज जरूरत है कि हम अपनी समस्याओं के समाधान के लिये औरों के मुंहताज न बने। ऐसी कोई समस्या नहीं है जिसका समाधान हमारे भीतर से न मिले। भगवान महावीर का यह संदेश जन-जन के लिये सीख बने- 'पुरुष! तू स्वयं अपना भाग्यविधाता है।' औरों के सहारे मुकाम तक पहुंच भी गए तो क्या? इस तरह की मंजिलें स्थायी नहीं होती और न इस तरह का समाधान कारगर होता है। आधुनिक भौतिकवादी एवं सुविधावादी जिंदगी मनुष्य को अशांति, असंतुलन, तनाव, थकान तथा चिड़चिड़ाहट की ओर धकेल रही हैं, जिससे अस्त-व्यस्तता बढ़ रही है। ऐसी विषमता एवं विसंगतिपूर्ण जिंदगी को स्वस्थ तथा ऊर्जावान बनाये रखने के लिये योग एक ऐसी रामबाण दवा है जो माइंड को कूल तथा बॉडी को फिट रखता है। योग से जीवन की गति को एक संगीत एवं शांतिमय रफ्तार दी जा सकती है।

योग में गहरी दिलचस्पी लेने वाले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने एक महान संकल्प लेकर उसे कार्यान्वित किया है। निश्चित ही उनकी योग-क्रांति विश्व मानवता के जीवन में विकास, अहिंसा, सुख और शांति का माध्यम बन रही है। आंतरिक व आत्मिक विकास, मानव कल्याण से जुड़ा यह विज्ञान सम्पूर्ण दुनिया के लिए एक महान तोहफा है।

# योग और मानसिक स्वास्थ्य: एक संतुलित दृष्टिकोण

**डाक्टर सुनिता जैन**

मानसिक स्वास्थ्य एक ऐसा विषय है, जिसे अब गंभीरता से लेना समय की मांग है।



योग एक ऐसा माध्यम है जो बिना किसी दुष्प्रभाव के व्यक्ति को मानसिक शांति और संतुलन प्रदान करता है। यदि हम रोज़ाना कुछ समय योग और ध्यान को दें, तो न केवल हम मानसिक बीमारियों से बच सकते हैं, बल्कि एक सकारात्मक, आनंदमय और संतुलित जीवन की ओर अग्रसर हो सकते हैं।

आज की तेज़ रफ्तार ज़िंदगी में मानसिक तनाव, चिंता और अवसाद जैसे मानसिक रोग आम होते जा रहे हैं। काम का दबाव, सामाजिक प्रतिस्पर्धा, रिश्तों में तनाव और अनियमित जीवनशैली हमारे मानसिक स्वास्थ्य को गहरे रूप से प्रभावित कर रही है। ऐसे समय में योग एक प्राकृतिक, सुलभ और प्रभावी उपाय के रूप में सामने आया है, जो न केवल शारीरिक स्वास्थ्य बल्कि मानसिक संतुलन को भी मज़बूती प्रदान करता है।

**योग: केवल शारीरिक व्यायाम नहीं-** बहुत से लोग योग को केवल शरीर को लचीला बनाने का साधन मानते हैं, परंतु वास्तव में योग एक सम्पूर्ण जीवनशैली है। पतंजलि योगसूत्र में योग को "चित्तवृत्ति निरोधः" कहा गया है, अर्थात योग मन की चंचलता को नियंत्रित करने का माध्यम है। योग के विभिन्न अंग — जैसे कि प्राणायाम, ध्यान (मेडिटेशन), और आसन — व्यक्ति के मानसिक स्वास्थ्य पर गहरा सकारात्मक प्रभाव डालते हैं।

तनाव को कम करने में योग की भूमिका -आज का मनुष्य हर पल किसी न किसी तनाव से घिरा रहता है। प्राणायाम जैसे गहरी सांस लेने की विधियाँ तंत्रिका तंत्र को शांत करती हैं और हार्वर्ड मेडिकल स्कूल के एक अध्ययन के अनुसार, नियमित योगाभ्यास से कॉर्टिसोल (तनाव हार्मोन) का स्तर कम होता है।इससे मानसिक हल्कापन महसूस होता है और सोचने-समझने की शक्ति बेहतर होती हैचिंता और अवसाद से राहत - ध्यान (मेडिटेशन) और योग निद्रा जैसी विधियाँ मस्तिष्क में सकारात्मक न्यूरोट्रांसमीटर — जैसे कि सेरोटोनिन और डोपामिन — के स्राव को बढ़ावा देती हैं। ये रसायन मूड को बेहतर बनाने में सहायक होते हैं और अवसाद व चिंता से लड़ने में मदद करते हैं। नियमित योगाभ्यास करने वालों में आत्मविश्वास, भावनात्मक स्थिरता और मानसिक स्पष्टता देखने को मिलती है।। Deep breathing (प्राणायाम) और mindfulness meditation से मस्तिष्क में GABA (Gamma Aminobutyric Acid) का स्तर बढ़ता है, जो चिंता और अवसाद को कम करता है

अनेक वैश्विक और भारतीय शोधों में यह सिद्ध हुआ है कि योग का नियमित अभ्यास मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाता है। कुछ अध्ययन यह भी बताते हैं कि योग थेरेपी, मानसिक रोगों से पीड़ित व्यक्तियों के उपचार में दवाओं के साथ-साथ सहायक भूमिका निभा सकती है।

. **नींद की गुणवत्ता में सुधार** - अनियमित नींद या अनिद्रा, मानसिक विकारों का बड़ा कारण है। योग निद्रा, शवासन, और ध्यान के माध्यम से नींद की गुणवत्ता में सुधार होता है। AIIMS (नई दिल्ली) के एक अध्ययन में यह पाया गया कि नियमित योग से अनिद्रा से ग्रसित व्यक्तियों की नींद की अवधि और गहराई दोनों में सुधार हुआ।

ध्यान केंद्रित करने की क्षमता में वृद्धि - योगाभ्यास से मस्तिष्क के prefrontal cortex और hippocampus जैसे क्षेत्रों में सक्रियता बढ़ती है, जो ध्यान और स्मृति से संबंधित हैं। यह विशेषकर छात्रों, प्रोफेशनलों और बुजुर्गों के लिए अत्यंत लाभकारी है। कोविड-19 और मानसिक स्वास्थ्य में योग की भूमिका - महामारी के दौरान जब मानसिक स्वास्थ्य एक वैश्विक चुनौती बन गया, तब WHO और आयुष मंत्रालय ने योग को मानसिक स्वास्थ्य बनाए रखने का एक प्रभावी उपाय माना। "Common Yoga Protocol" के माध्यम से लाखों लोगों ने मानसिक शांति पाई। सरकारी प्रयास और नीति - भारत सरकार ने 'फिट इंडिया मूवमेंट', 'आयुष मंत्रालय', और 'अंतरराष्ट्रीय योग दिवस' जैसे अनेक कार्यक्रमों के माध्यम से योग को जन-जन तक पहुँचाया है। wellness centers NCDs and life style clinic ke madhyam se abhi Chhattisgarh me nihsulk yogabhyas n roganusar yogparamarsh sabhi jilo me diya jar raha hai मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता में योग को एक प्रमुख घटक के रूप में शामिल किया गया है।

**निष्कर्ष-**योग मानसिक स्वास्थ्य की दिशा में एक सरल, सुलभ और सशक्त उपाय है। वैज्ञानिक शोधों और अनुभवों से यह सिद्ध हो चुका है कि योग न केवल तनाव और चिंता को कम करता है, बल्कि संपूर्ण जीवन को संतुलन प्रदान करता है। आज के तनावग्रस्त समाज में योग को अपनाना केवल एक विकल्प नहीं, बल्कि एक आवश्यकता बन चुका है।

# वामिका गब्बी ने स्टाइलिश ड्रेस में बिखेरा हुस्न का जलवा



एक्ट्रेस वामिका गब्बी ने एक बार फिर सोशल मीडिया पर अपने लेटेस्ट लुक से तहलका मचा दिया है. वामिका ने हाल ही में इंस्टाग्राम पर कुछ बेहद स्टाइलिश तस्वीरें शेयर की हैं, जिसमें वह लिलैक कलर की स्ट्रैपलेस ड्रेप ड्रेस में नजर आ रही हैं. उनका ये लुक न सिर्फ ग्लैमरस है, बल्कि काफी एलिगेंट भी लग रहा है. तस्वीरों में वामिका ने मल्टीकलर एंब्रॉयडरी वाला फ्लोरल टॉप कैरी किया है, जो उनके आउटफिट को रिच और रॉयल फील दे रहा है. उन्होंने लाइट मेकअप और खुले बालों के साथ इस लुक को कंप्लीट किया. कैमरे के सामने उनका कॉन्फिडेंस और पोज़ काफी इंप्रेसिव रहा. फैंस वामिका के इस ग्लैमरस अवतार की जमकर तारीफ कर रहे हैं. किसी ने उन्हें 'गॉर्जियस क्वीन कहा तो किसी ने 'स्टाइल दीवा . पोस्ट पर कुछ ही घंटों में हजारों लाइक्स और कमेंट्स आ चुके हैं. वामिका का यह बोल्ड और ग्रेसफुल लुक यह साबित करता है कि वह न सिर्फ शानदार परफॉर्मर हैं, बल्कि स्टाइल के मामले में भी किसी से कम नहीं. सोशल मीडिया पर उनका ये लुक फिलहाल ट्रेंड में बना हुआ है.

## सू-दोकू 85

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | | 8 | | 1 | | 7 | | |
| 4 | | 6 | | | 7 | | 5 | |
| | 3 | | | 6 | | 8 | | 9 |
| | | 3 | | | 1 | | 6 | |
| 5 | | | 6 | | | 9 | | |
| | | 9 | | 5 | | | 3 | |
| 3 | | | 7 | | 9 | | | 1 |
| | 5 | | | 2 | | 3 | 9 | |
| 1 | | 4 | | | 8 | | 7 | |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.084 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 5 | 6 | 4 | 1 | 2 | 8 | 3 | 9 |
| 3 | 4 | 8 | 6 | 7 | 9 | 2 | 1 | 5 |
| 1 | 2 | 9 | 5 | 3 | 8 | 7 | 4 | 6 |
| 2 | 8 | 1 | 9 | 5 | 6 | 4 | 7 | 3 |
| 6 | 9 | 7 | 2 | 4 | 3 | 5 | 8 | 1 |
| 5 | 3 | 4 | 7 | 8 | 1 | 9 | 6 | 2 |
| 8 | 7 | 2 | 1 | 6 | 5 | 3 | 9 | 4 |
| 4 | 6 | 5 | 3 | 9 | 7 | 1 | 2 | 8 |
| 9 | 1 | 3 | 8 | 2 | 4 | 6 | 5 | 7 |

# छोटी कोशिश, बड़ा असर

**जान्हवी शर्मा**



कभी दो प्यार भरी पप्पी, कभी दुलार से सर पर रखा हाथ, तो कभी बिना किसी कारण के फूल लाकर देना — ये छोटे-छोटे इशारे हमारी ज़िंदगी में बड़ा बदलाव ला सकते हैं। ये बातें देखने में मामूली लगती हैं, मगर इनके पीछे का भाव इतना सशक्त होता है कि ये किसी का बुरा दिन भी अच्छा बना सकती हैं। आज की व्यस्त जिंदगी में हम अपनों के लिए समय निकालना भूलते जा रहे हैं। लेकिन जैसे हम ऑफिस, मीटिंग और सोशल मीडिया के लिए समय निकालते हैं, वैसे ही अपनों के लिए भी हमें समय निकालना चाहिए। भावनाएं व्यक्त करने के लिए बड़े शब्दों या बड़े गिफ्ट्स की ज़रूरत नहीं होती, बल्कि छोटे-छोटे प्रेम भरे काम दिल को छू जाते हैं। बच्चे को सिर पर एक स्नेहभरा हाथ यह विश्वास देता है कि वो अकेला नहीं है। एक महिला के बालों में लगाया गया गजरा यह जताता है कि कोई उसकी भावनाओं की कद्र करता है। पापा के लिए सुबह का अखबार तैयार मिलना या मम्मी के लिए एक छोटा सा उपहार — ये सब उन्हें महसूस कराता है कि वे खास हैं। आज जब हर कोई किसी न किसी मानसिक बोझ से जूझ रहा है, ऐसे में ये छोटे इशारे भावनात्मक सहारा बन सकते हैं। आइए, हम खुद से और अपनों से जुड़ें, और उन्हें यह जताएं कि हम हमेशा उनके साथ हैं।

## सेहत

# मातृत्व के बाद मौन संघर्ष

**(डॉ. राजेश कुमार अग्रवाल)**

छत्तीसगढ़ में मातृ स्वास्थ्य का एक बढ़ता मुद्दा उभर रहा है - एक ऐसा मुद्दा जो दैनिक जीवन को प्रभावित करता है लेकिन इसके बारे में शायद ही कभी बात की जाती है। तनाव मूत्र असंयम (एसयूआइ), छींकने, खांसने या सामान उठाने जैसी गतिविधियों के दौरान मूत्र का अनैच्छिक रिसाव, राज्य में प्रसव के बाद अनुमानित 10% से 40% महिलाओं को प्रभावित कर रहा है। एमबीबीएस, एमएस, डीएनबी (यूरोलॉजी), एफएमएएस, एयूए फेलोशिप (शिकागो) डॉ. राजेश कुमार अग्रवाल ने कहा, एसयूआई विशेष रूप से उन महिलाओं में आम है जो योनि से प्रसव करा चुकी हैं, विशेष रूप से उन महिलाओं में जिनमें एपीसीओटॉमी या संदंश-सहायता वाले प्रसव शामिल हैं। उच्च मातृ आयु, उच्च बॉडी मास इंडेक्स (बीएमआई), एकाधिक गर्भधारण और पेल्विक फ्लोर स्वास्थ्य के बारे में जागरूकता की कमी जैसे कारकों से जोखिम बढ़ जाता है। इसकी व्यापकता के बावजूद, छत्तीसगढ़ में कई महिलाएं चुपचाप सहती हैं, लक्षणों को सामान्य करती हैं और कलंक और सीमित पहुंच के कारण देखभाल से बचती हैं। एमबीबीएस, एमएस, डीएनबी (यूरोलॉजी), एफएमएएस, एयूए फेलोशिप (शिकागो) डॉ. राजेश कुमार अग्रवाल ने कहा, "तनावपूर्ण मूत्र असंयम एक शारीरिक स्वास्थ्य समस्या से कहीं अधिक है। यह एक महिला के आत्मविश्वास, मानसिक स्वास्थ्य और रोजमर्रा की जिंदगी में शामिल होने की क्षमता को चुपचाप प्रभावित करता है। दुर्भाग्य से, छत्तीसगढ़ में कई महिलाएं इन लक्षणों को सामान्य कर रही हैं, जिससे समय पर निदान और उपचार में देरी हो रही है।" "हमें पेल्विक फ्लोर शिक्षा को नियमित प्रसवोत्तर देखभाल में एकीकृत करना चाहिए और पेल्विक फिजियोथेरेपी को सभी जिलों में अधिक सुलभ बनाना चाहिए।" महिला स्वास्थ्य विशेषज्ञों और फिजियोथेरेपी सेवाओं की सीमित उपलब्धता के कारण बस्तर, दंतेवाड़ा, बिलासपुर और कोरबा जैसे वंचित जिलों में रहने वाली महिलाओं को और भी अधिक चुनौतियों का सामना करना पड़ सकता है। विशेषज्ञ प्रारंभिक लक्षणों की पहचान करने और महिलाओं को सहायता के लिए मार्गदर्शन करने में सामुदायिक स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं, नर्स दाइयों और फ्रंटलाइन देखभाल प्रदाताओं की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर देते हैं। एसयूआई का प्रभाव सिर्फ शारीरिक नहीं है। यह एक महिला की भावनात्मक भलाई, सामाजिक जीवन और अंतरंग संबंधों को प्रभावित करता है, और अगर इसका समाधान नहीं किया गया तो आत्मसम्मान में लगातार गिरावट आ सकती है। कई महिलाएं रिपोर्ट करती हैं कि उन्होंने अपनी दैनिक दिनचर्या में बदलाव कर दिया है या सार्वजनिक स्थानों से पूरी तरह परहेज कर लिया है, जिसके परिणामस्वरूप अलगाव और मानसिक परेशानी हो रही है।

## एक नजर

### स्वस्थ जीवन के लिए परिवार के हर सदस्य को करना चाहिए योग:अटामी



**दंतेवाड़ा 20 जून।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी दंतेवाड़ा द्वारा आयोजित प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए विधायक चैतराम अटामी ने कहा की अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस अब हर वर्ष विश्व भर में मनाया जाता है। भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के प्रयासों से संयुक्त राष्ट्र संघ ने इस दिवस की मान्यता दी और तब से हर वर्ष दुनिया के सभी देशों में कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। भारत के लिए यह बड़े ही गौरव की बात है। यह 2015 से हर साल 21 जून को मनाया जाता है। क्योंकि उत्तरी गोलार्ध में सबसे लंबा दिन इस दिन होता है और आध्यात्मिक सिद्धियों के लिए यह उपयुक्त समय होने के कारण इस दिन का चयन मोदीजी ने किया। सन 2014 में संयुक्त राष्ट्र महासभा में इस प्रस्ताव को 177 देशों का समर्थन मिला था । जिसमें सामूहिक योगाभ्यास और जागरूकता सत्र होंगे। इस प्रेस के माध्यम से हम जनता से निवेदन करते हैं कि सभी इस आयोजन से जुड़ें। योग को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाएं। जहां कल शासन द्वारा भी यह दिवस मनाया जाएगा, वहीं भारतीय जनता पार्टी की तरफ से भी अनेक आयोजन प्रस्तावित हैं। श्री अटामी ने कहा की अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर देशभर में विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से योग की महत्ता को रेखांकित किया गया है । इस विशेष दिन पर नागरिकों से यह अपील की गई है कि वे अपने जीवन में नियमित रूप से योग को शामिल करें और पूरे परिवार को स्वस्थ रखने के लिए एक सामूहिक प्रयास करें।

### समस्याओं का निराकरण होने पर महिलाओं ने की शिविर की सराहना



**रायपुर, 20 जून।** केन्द्र सरकार के द्वारा आदिवासी क्षेत्रों में सेवाओं एवं अन्य बुनियादी सुविधाएं प्रदान करने तथा उनके व्यक्तिगत अधिकारों से परिपूर्ण करने के उद्देश्य से धरती आबा संचालित की जा रही है। इस अभियान के अंतर्गत आयोजित शिविर में जनजातीय समाज के लोगों को शासन के विभिन्न जनकल्याणकारी योजना अत्यंत लाभप्रद सिद्ध हो रहा है। बालोद जिले में आयोजित लाभ संतृप्ति शिविरों के माध्यम से शासन के विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का त्वरित लाभ मिलने से जनजातीय समाज के लोगों ने शासन की इस महत्वपूर्ण पहल एवं जनहितैषी कदम की भूरी-भूरी सराहना की है। इसी कड़ी में बालोद जिले के डौण्डीलोहारा विकासखण्ड के ग्राम मार्री बंगला में आयोजित लाभ संतृप्ति शिविर के माध्यम से उनके बहुप्रतीक्षित समस्याओं के निराकरण होने पर जनजातीय समाज के ग्रामीण महिलाओं ने शिविर के आयोजन की मुक्तकंठ से प्रशंसा की है। शिविर के माध्यम से अपने नन्हें पुत्र तेजस के आधार कार्ड का पंजीयन होने से ग्राम मार्री बंगला निवासी दामिन बाई तथा गहिरा नवागांव निवासी श्रीमती इयन बाई का नया राशन कार्ड बनने से दोनों महिलाएं बहुत ही अभिभूत नजर आ रही थी।

### वन विभाग ने मनाया अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस

**जगदलपुर 20 जून।** वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग बस्तर वन मंडल द्वारा वन विद्यालय के प्रांगण में हरित योग, अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम वन मंडलाधिकारी श्री उत्तम गुप्ता के मार्गदर्शन में शासन द्वारा मान्यता प्राप्त योग शिक्षक श्री अमीन लीला द्वारा योगाभ्यास करवाया गया। अमीन ने योग के माध्यम से मानसिक शारीरिक और भावनात्मक स्वास्थ्य पर प्रभाव की जानकारी दी, नियमित योग करने के फायदे को समझाया और साथ ही योग, प्राणायाम और ध्यान का अभ्यास करवाया।कार्यक्रम में उप वनमंडलाधिकारी जगदलपुर, बस्तर, चित्रकूट, समस्त परिक्षेत्र अधिकारी, उप वनक्षेत्रपाल, वनपाल, वनरक्षक तथा प्रशिक्षु वनपाल, वनरक्षक उपस्थित रहे।

### कलेक्टर ने किया दरभा विकासखंड का दौरा

**जगदलपुर 20 जून।** कलेक्टर श्री हरिस एस और सीईओ जिला पंचायत श्री प्रतीक जैन ने गुरुवार को दरभा विकासखंड के तीरथगढ़ एवं मंगनार का दौरा किया। दौरे में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, मनरेगा, हार्टिकल्चर एवं प्रदान संस्था अन्य के समन्वय से ग्राम स्तर पर किए जा रहे कार्यों का जायजा लिया। कलेक्टर ने ग्रामीणों से संवाद करते हुए महिला स्व-सहायता समूह, ग्राम संगठन एवं क्लस्टर लेवल फेडरेशन की कार्यप्रणाली,सोलर लिफ्ट सिंचाई प्रणाली हेतु मॉडल, कार्यान्वयन प्रक्रिया एवं समुदाय द्वारा संचालन की व्यवस्था, सब्जी उत्पादन के लिए बैकवर्ड व फॉरवर्ड लिंकेज, रेजेनेरेटिव खेती पद्धति एवं किसानों की आमदनी में वृद्धि, कृषक उत्पादक संगठन, मुर्गी शेड, चारा प्रबंधन व आय में वृद्धि की प्रक्रिया, फलदार पौधारोपण में आम, नींबू, सहजन, पपीता, केला, नारियल एवं नर्सरी विकास कार्य,इमली प्रसंस्करण से किसानों की आमदनी में इजाफा, मनरेगा के तहत पर्कोलेशन टैंक, ड्रिप सिंचाई, जल टंकिया का निर्माण और इको-टूरिज्म को बढ़ावा देने के लिए बाँस राफ्टिंग एवं कायकिंग जैसी गतिविधियाँ संचालित करने पर चर्चा किए। इसके अलावा ग्राम में प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत निर्मित आवासों का अवलोकन। इस अवसर पर दरभा पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी बीरेन्द्र बहादुर, एपीओ मनरेगा शशांक, एनआरएलएम प्रभारी राजकुमार, पीएम आवास योजना के प्रभारी मनिहर सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे ।

# सीएम साय को बस्तर के ऐतिहासिक 'गोंचा महापर्व' का आमंत्रण : 'तुपकी' भेंट कर किया सम्मान





**रायपुर, 20 जून।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से आज रात्रि उनके निवास परिसर में जगदलपुर विधायक किरण देव के नेतृत्व में गोंचा महापर्व आयोजन समिति के प्रतिनिधि मंडल ने सौजन्य भेंट की। प्रतिनिधि मंडल ने मुख्यमंत्री को संभागीय मुख्यालय जगदलपुर में आयोजित गोंचा महापर्व में सम्मिलित होने का न्यौता दिया। उन्होंने बताया कि छह सौ वर्षों से अधिक समय से निरंतर मनाया जा रहा यह पर्व बस्तर में सामाजिक समरसता और प्रेम का प्रतीक है। बस्तर दशहरा के बाद सबसे ज्यादा लंबे समय तक चलने वाले इस पर्व की शुरुआत चंदन यात्रा के साथ 11 जून से हो चुकी है।

प्रतिनिधियों ने जानकारी दी कि पर्व के अंतर्गत 26 जून को नेत्रोत्सव पूजा तथा 27 जून को गोंचा रथयात्रा का आयोजन होगा। 5 जुलाई को बाहुड़ा गोंचा रथयात्रा के साथ महापर्व का समापन होगा। इस अवसर पर प्रतिनिधि मंडल ने मुख्यमंत्री साय को बस्तर की परंपरा अनुसार 'तुपकी' भेंट कर सम्मानित किया।

उल्लेखनीय है कि गोंचा महापर्व में तुपकी चलाने की सदियों पुरानी परंपरा है। बस्तर के आदिवासी पोली बांस की नली से तुपकी तैयार करते हैं, जिसमें एक विशेष पौधे का फल डालकर बलपूर्वक दबाया जाता है, जिससे पटाखे जैसी आवाज उत्पन्न होती है। मुख्यमंत्री साय ने आमंत्रण के लिए आभार व्यक्त करते हुए गोंचा महापर्व की हार्दिक शुभकामनाएं दीं। प्रतिनिधि मंडल में 360 घर आरण्यक ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष वेदप्रकाश पाण्डे, गोंचा समिति अध्यक्ष चिंतामणि पाण्डे सहित हेमंत पाण्डे, रजनीश पाणिग्राही, नरेंद्र पाणिग्राही, सुदर्शन पाणिग्राही, पुरुषोत्तम जोशी, मुक्तेश्वर पांडे, बनमाली पाणिग्राही, दिनेश पाणिग्राही, दिलेश्वर पाण्डे, प्रशांत पाणिग्राही, देवशंकर पंडा, विजय पांडे, आत्माराम जोशी, देवकृष्ण पाणिग्राही, जयप्रकाश पाढ़ी, वैभव पाण्डे, चुम्मन पांडे, सोमप्रकाश जोशी, वेणुधर पाणिग्राही, प्रदीप पाढ़ी, सोमेश जोशी सहित अन्य गणमान्यजन उपस्थित थे।

## विवादित डॉक्टर दंपति की गीदम वापसी, फिर से विरोध के संकेत

- **कोविड अस्पताल प्रभारी रहने के दौरान चक्काजाम के बाद हटाया गया था**

**तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता**

**दंतेवाड़ा 20 जून।** कोविड काल में गीदम में डेडिकेटेड कोविड हास्पिटल के प्रभारी रहे जिस डॉ देवेंद्र प्रताप सिंह व उनकी पत्नी डॉ शीतल सिंह को स्थानीय लोगों के भारी विरोध के चलते हटाया गया था, उसी दंपति की फिर से गीदम में पोस्टिंग होने से विरोध के स्वर उठने लगे हैं। वर्ष 2022 में गीदम निवासियों ने नेशनल हाईवे-63 पर चक्का जाम कर डॉ दंपति को हटाने की मांग की थी। विरोध प्रदर्शन करने वालों का आरोप था कि डॉ देवेंद्र प्रताप सिंह व उनकी पत्नी का व्यवहार मरीजों के प्रति ठीक नहीं रहता है। साथ ही कई गंभीर आरोप भी लगाए गए थे। इसके बाद सीएमएचओ ने दोनों को वापस मुख्यालय बुलवा लिया था। तीन साल बाद यह कहानी फिर से दोहराई जा रही है। गौरतलब है कि डॉ देवेंद्र प्रताप सिंह के कार्यकाल में निर्मित मातृत्व, शिशु अस्पताल एमसीएच गीदम में हुई आगजनी का मामला भी अभी पूरी तरह से शांत नहीं हुआ है। इस बीच डॉ देवेंद्र प्रताप सिंह की वापसी गीदम हो गई है। इस बारे में गीदम ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष अनिल कर्मा का कहना है कि डॉ दंपति की गीदम में दोबारा पोस्टिंग का पुरजोर विरोध किया जाएगा। पिछली बार इतने विरोध और गंभीर शिकायतों के बावजूद डॉ देवेंद्र प्रताप सिंह को यहां से हटाया गया, उन्हें दोबारा गीदम में पदस्थ करना और गीदम में ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर का प्रभार देने की सूचना मिलने से गीदम की जनता चिंतित है।

**गीदम में पोस्टिंग हुई पर बीएमओ नहीं बनेंगे : सीएमएचओ रामटेके**

जिले के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ अजय रामटेके ने बातचीत में स्वीकार किया कि डॉ देवेंद्र प्रताप सिंह फिर से एमसीएच गीदम में स्वास्थ्य अधिकारी के तौर पर पदस्थ किए गए है। उनकी पत्नी डॉ शीतल सिंह चाइल्ड स्पेशलिस्ट के तौर पर डीएमएफ मद से नियुक्ति की गई हैं। गीदम बीएमओ जैसी जिम्मेदारी डॉ देवेंद्र प्रताप को फिलहाल नहीं दी जा रही है।

**राशन दुकानों में मनमानी चरम पर**

## 'ट्रिपल इंजन सरकार' में गरीबों को नहीं मिल रहा हक का अनाज

- **हितग्राही बोले - ओटीपी के नाम पर राशन में सेंधमारी, प्रशासन करे सख्त निगरानी**

**तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता**

**किरंदुल, 20 जून।** किरंदुल औद्योगिक नगर सहित आसपास के क्षेत्रों में संचालित शासकीय राशन दुकानों की कार्यप्रणाली इन दिनों भारी विवादों में है। गरीब एवं अशिक्षित हितग्राहियों को मिलने वाला सरकारी अनाज अब उनके हाथों तक सही से नहीं पहुंच पा रहा है। 'ट्रिपल इंजन सरकार' की महत्वाकांक्षी योजनाओं के बावजूद ज़मीनी हकीकत इसके विपरीत है। सरकार की ओर से बीपीएल कार्डधारकों को तीन माह का राशन एक साथ देने की घोषणा भले ही राहत का संदेश लेकर आई हो, लेकिन यह व्यवस्था अब कालाबाजारी और अनियमितता का जरिया बनती जा रही है। अत्याधुनिक मोबाइल तकनीक जैसे हुझक्कसत्यापन प्रणाली का उपयोग कर अब राशन दुकानदार गरीबों के हिस्से के अनाज में सेंधमारी करने लगे हैं। हितग्राहियों का कहना है कि राशन वितरण के नाम पर दुकान संचालक ओटीपी मांगते हैं, और कई बार बिना जानकारी के उनके मोबाइल पर आए ओटीपी का दुरुपयोग कर राशन निकाल लिया जाता है। जब हितग्राही दुकान पर पहुंचते हैं, तो उन्हें बताया जाता है कि उनका राशन पहले ही वितरित किया जा चुका है। नगर में संचालित करीब एक दर्जन शासकीय राशन दुकानों का संचालन महिला स्व-सहायता समूह या ठेका प्राप्त करने वाले एजेंटों द्वारा किया जा रहा है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि इन दुकानों में खुलेआम राशन की हेराफेरी की जा रही है।

## नगर के बीआईओपी स्कूल में कोचिंग क्लास का शुभारंभ

- **पहले ही दिन 300 से अधिक छात्रों ने लिया लाभ**

**तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता**

**किरंदुल, 20 जून।** किरंदुल औद्योगिक नगर के बीआईओपी स्कूल परिसर में आज जिला प्रशासन की मदद से कोचिंग कक्षाओं का औपचारिक शुभारंभ किया गया। इस पहल को लेकर युवाओं में जबरदस्त उत्साह देखने को मिला। कोचिंग के पहले ही दिन 300 से अधिक विद्यार्थियों ने पंजीयन कर प्रशिक्षण प्राप्त किया, जो इस योजना की सफलता का संकेत है। नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती रूबी शैलेन्द्र सिंह ने इस अवसर पर दंतेवाड़ा कलेक्टर श्री कुणाल दुदावत का कोचिंग प्रारंभ कराने में सहयोग हेतु धन्यवाद ज्ञापित किया। उन्होंने एनएमडीसी परियोजना प्रमुख श्री संजीव साईं का भी विशेष रूप से आभार व्यक्त किया, जिनके सहयोग से प्रशिक्षण हेतु भवन की व्यवस्था संभव हो सकी। कोचिंग कक्षाओं के शुभारंभ से पूर्व एक संयुक्त बैठक आयोजित की गई, जिसमें लक्ष्य संस्था के शिक्षकगण, नगर पालिका अध्यक्ष व उपाध्यक्ष, सीएमओ, पुलिस प्रशासन, एनएमडीसी अधिकारी, के.साजी, पार्षदगण तथा स्थानीय युवा उपस्थित रहे। यह बैठक प्रशिक्षण व्यवस्था, विद्यार्थियों की जरूरतों एवं सहयोगी पक्षों की भूमिका को लेकर सार्थक रही। इस नवाचार से किरंदुल सहित आसपास के युवाओं को प्रतियोगी परीक्षाओं हेतु गुणवत्तापूर्ण मार्गदर्शन उपलब्ध होगा, जिससे क्षेत्र की शिक्षा व रोजगार की दिशा में महत्वपूर्ण प्रगति संभव हो सकेगी।

### श्रीमद् भागवत कथा के पंचम दिवस में भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीला, पूतना वध की कथा

**सुकमा, 20 जून।** श्रीमद्भागवत कथा के पांचवें दिन कथावाचक पंडित रामकिशोर दधीच ने भक्तों को भगवान श्रीकृष्ण की जन्म और बाल लीला का वर्णन सुनाया। स्वर्गीय ओम प्रकाश करेशिया शर्मा के प्रथम पुण्यतिथि पर श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। इस दौरान कुशाला महाराज, भोमराज जैन, अवधेश सिंह भदौरिया, हरिओम गुप्ता, रामफेर सिंह राठौर, हुकमी चंद जैन, मालती भदौरिया, शीतल प्रभा नर्मदा, ई भारती राव, दुर्गा तिवारी, पूर्णिमा तिवारी, ममता पलौड, किरण जैन, ऊषा, किरण जोपठ, सहित बड़ी संख्या श्रद्धालुजन शामिल हुए। गुरुवार को कथावाचक पंडित रामकिशोर दधीच ने भगवान कृष्ण के जन्म होने के बाद कंस उसको मौत के घाट उतारने के लिए अपनी राज्य की सर्वाधिक बलवान राक्षसी पूतना को भेजता है। पूतना वेश बदलकर भगवान श्रीकृष्ण को अपने स्तन से जहरीला दूध पिलाने का प्रयास करती है। लेकिन भगवान श्रीकृष्ण उसको मौत के घाट उतार देते हैं। उसके बाद कार्तिक माह में ब्रजवासी भगवान इंद्र को प्रसन्न करने के लिए पूजन का कार्यक्रम करने की तैयारी करते हैं।

## क्लेक्टर कुणाल दुदावत ने विभिन्न निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया

**तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता**



**दंतेवाड़ा, 20 जून।** जिले में चल रहे विभिन्न निर्माणाधीन कार्यो को तय मियाद में पूर्ण करने की प्रशासनिक प्रतिबद्धता के मद्देनजर कलेक्टर कुणाल दुदावत के द्वारा जिले के विभिन्न ब्लॉकों का अनवरत निरीक्षण भ्रमण जारी है। इस क्रम में कलेक्टर द्वारा आज बचेली और किरंदुल के नगरीय क्षेत्र में नाली निर्माण कार्य एवं किरंदुल में निर्माणाधीन आस्था-2 विद्या मंदिर के निर्माण स्थल का पुनः निरीक्षण किया गया। ज्ञात हो कि लगभग एक महिने पूर्व कलेक्टर ने इन निर्माण कार्यो का निरीक्षण कर कार्य में प्रगति लाने के निर्देश दिए थे। इस दौरान उन्होंने अद्यतन प्रगति को देखा और कार्य एजेंसियों को पुनः महत्वपूर्ण दिशा निर्देश दिए।

कलेक्टर कुणाल दुदावत ने आज दंतेवाड़ा जिले के प्रमुख लौह नगरीय क्षेत्र, बचेली और किरंदुल, का सघन निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अन्य विकास कार्यों की समीक्षा, अधूरे निर्माणों की प्रगति सुनिश्चित करने के साथ-साथ स्थानीय नागरिकों से रूबरू होकर उनकी समस्याओं को जाना और शीघ्र निराकृत करने हेतु आश्वस्त किया।

## नल कनेक्शन देने बीच सड़क गढढा खोदकर पालिका कर्मचारी नदारद

- **पखवाड़े भर पूर्व ही बनी थी मुख्य मार्ग पर नई सड़क**
- **5 दिन से मुख्य सड़क पर कर रखा है बड़ा सा गड्ढा, न कलेक्शन दे रहे न गढढा भर रहे**
- **सड़क पर गड्ढा होने से वाहन दुर्घटना होने की बढ़ी आशंका**

**तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता**



**दंतेवाड़ा 20 जून।** नगर पालिका दंतेवाड़ा अपने अजब गजब कारनामें के लिए जानी जाती है। नगर पालिका की लचर-भष्ट, सुस्त कार्यप्रणाली जग जाहिर है। जानमाल का नुकसान हो चाहे आम लोगों को दिक्कत इससे पालिका के अधिकारी व उनके मातहत कर्मचारियों को कोई फर्क नहीं पड़ता वे तो तभी काम को पूर्ण रूप से अंजाम देते हैं जब उनका मन करता है अन्यथा आधा अधूरा काम कर महिनों छोड़ देना उनकी फितरत बन चुकी है। ऐसा प्रतीत होता है कि पालिका सीएमओ की उनके ही कर्मचारी उनकी सुन नहीं रहे और मनमानी कर रहे हैं।

नगर पालिका नगरीय क्षेत्र में आमजनों को मूलभूत सुविधाएं जैसे अच्छी सड़क, साफ पानी, बिजली, स्वच्छ नाली एवं नगर की साफ सफाई व्यवस्था के लिए जानी पहचानी जाती है पालिका का मुख्य कार्य भी यही होता है। मगर दुर्भाग्य से दंतेवाड़ा नगर पालिका क्षेत्र में निवासरत आम जनता खराब सड़क, गंदे बजबजाती नाली, मच्छर एवं गंदगी से खासी परेशान है। पालिका की लचर भ्रष्ट एवं सुस्त कार्यप्रणाली का एक ताजा उदाहरण पर यदि गौर करें तो बता दें कि अभी हाल ही में पखवाड़े भर पूर्व मुख्य सड़क पर बीटी कार्य अर्थात नया डामरीकरण कार्य हुआ है। डामरीकरण कार्य होने के कुछ ही दिनों बाद पालिका ने एक दुकान में कामर्शियल नल कनेक्शन देने के नाम पर स्टेट हाईवे-5 में नगर केबीच सड़क पर गढढा खोद दिया और उसे अब तक भरा नहीं है। बीते 5 दिनों से गढढा जस के तस खुदा पड़ा है। न कनेक्शन जोड़ रहे है न गढढा पाट रहे हैं। जबकि नियमतः सड़क खोदकर यदि किसी को कनेक्शन देना होता है तो उक्त कार्य को 24 घंटे के अंदर पूर्ण कर लिया जाता है। गढढा खोदने एवं कनेक्शन जोड़ने का काम रातों रात पूरा करना होता है ताकि सड़कों पर आवागमन करने वाले वाहनों को इससे कोई परेशानी न हो। मगर दंतेवाड़ा नगर पालिका की तो बात ही निराली है। कनेक्शन के लिए पालिका के नल प्रभारी द्वारा 5 दिनों से गढढा खोदकर यूं ही छोड़ दिया गया है। स्टेट हाईवे की सड़क हो या नेशनल हाईवे की इससे इनको कोई फर्क नहीं पड़ता। गढढा खोदकर नल जल प्रभारी एवं उनके कर्मचारी नदारद हैं। नए डामरीयुक्त सड़क पर गढढा कर एक तो सड़क को खराब किया दुसरा यह कि गढढा खोद ही दिया है तो उस कार्य को समयबद्ध पूर्ण क्यों नहीं किया जा रहा है? इसी तरह बीते साल भी एक घर में नल कनेक्शन देने के नाम पर बीच सड़क गढढा खोदकर पालिका ने करीब डेढ से दो माह तक यूं ही छोड़ रखा था।

## समाचार संक्षेप

### सामुदायिक, स्वास्थ्य, शिक्षा और पोषण के प्रति जागरूकता अभियान चलाया



- **रूप नहीं गुण देखो, एवं आज क्या सीखा, पढ़ाई का कोना जैसे विभिन्न कार्यक्रम से ग्रामीण हो रहे है जागरूक**

**दंतेवाड़ा, 20 जून।** जिले में जिला प्रशासन एवं यूनिसेफ के संयुक्त तत्वाधान में समस्त विकासखंड एवं ग्राम पंचायत में सामुदायिक, स्वास्थ्य, शिक्षा और पोषण के प्रति जागरूकता लाने युवाओं की जनभागीदारी सुनिश्चित किए जाने युवोदय कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है। इस संबंध में कलेक्टर के निर्देश अनुसार युवाओं के साथ साथ समुदाय के अन्य सामुदायिक प्रेरकों का प्रशिक्षण किया जाना निर्धारित है, जिसके परिचालन विकासखंड गीदम में ''शिक्षा को प्राथमिकता'' देने हेतु ''रूप नहीं गुण देखो'' के अंतर्गत लैंगिक समानता, बालक बालिका में भेदभाव को समाप्त करने, की पहल की जा रही है। वहीं पालकों और स्कूली बच्चों के लिए ''आज क्या सीखा'', एवं प्रत्येक स्कूली बच्चों के घर में ''पढ़ाई का कोना'' कार्यक्रम के तहत पढ़ाई की अनिवार्यता को बताया गया। इस कार्यशाला में विकासखंड गीदम के चयनित 30 पंचायत के महिला सह सहायता समूह के सदस्य एवं स्मार्ट मदर ने कार्यशाला के दौरान स्वास्थ्य, पोषण, शिक्षा, स्वच्छता को विस्तार से समझा एवं अपने अपने पंचायतों में मलेरिया, डेंगू, डायरिया, कुपोषण, खतरे वाली गर्भवती महिला, शाला त्यागी बच्चे एवं उनके परिवार को सकारात्मक व्यवहार अपनाने हेतु जागरूक करने शपथ लिया। साथ ही साथ समुदाय में स्वास्थ्य के तहत अस्पताल में ही उपचार कराने तथा शासन प्रशासन की योजना का लाभ लेने के लिए महिलाओं को प्रेरित किया गया। इस कार्यशाला में जिला समन्वयक यूनिसेफ राजेश बघेल, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद गीदम बलराम ध्रुव, बी पी एम वैभव शेष, एन आर एल एम, सतीश बघेल विकासखंड समन्वयक कुआकोंडा, संजीव साहू विकासखंड समन्वयक सहित युवोदय स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

### मां दंतेश्वरी मंदिर परिसर मेंढका डोबरा मैदान में होगा योगाभ्यास का आयोजन

**दंतेवाड़ा, 20 जून।** प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी 21 जून 2025 अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर जिला स्तरीय योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन मेंढका डोबरा, मैदान, माँ दंतेश्वरी मंदिर परिसर, दंतेवाड़ा में किया जाना प्रस्तावित है। इस क्रम में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के पूर्व जन मानस में योग के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए दिनांक 19 जून से 21 जून 2025 तक प्रातः 06ः30 बजे से 08 बजे तक मेंढका डोबरा, मैदान, मौ दंतेश्वरी मंदिर परिसर, दंतेवाड़ा में योगाभ्यास कार्यक्रम किया जाएगा।

### गमावाड़ा में 'धरती आबा ग्राम उत्कर्ष अभियान' चलाया गया



**दंतेवाड़ा, 20 जून।** ग्राम पंचायत गामावाड़ा में 'धरती आबा ग्राम उत्कर्ष अभियान' कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत उपाध्यक्ष अरविंद कुंजाम, जनपद पंचायत उपाध्यक्ष रमेश गावड़े, जनपद सदस्य मंगल कश्यप तथा ग्राम पंचायत गमावाड़ा, धुरली, बड़ेकमेली, कुम्हाररास, चांदेनार, तोयलंका और गदापाल के सरपंचों एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणों की उपस्थिति रही। उल्लेखनीय है कि इस अभियान का उद्देश्य ग्रामीणों को शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का सीधा लाभ देना और विभिन्न सेवाओं को एक ही स्थान पर उपलब्ध कराना था। गामावाड़ा में हुए 'धरती आबा' शिविर के दौरान ग्रामीणों के की आवश्यकताओं से संबंधित विभिन्न शासकीय कार्य जैसे 23 आधार कार्ड अपडेट सन, 14, श्रम कार्ड पंजीयन, 4 आयुष्मान कार्ड, के वितरण के अलावा 101 ग्रामीणों का सिकलिंग, मलेरिया जांच (सभी रिपोर्ट निगेटिव), बीपी व शुगर जांच 75 (सभी रिपोर्ट निगेटिव), भी किए गए । साथ ही ग्रामीणों के बैंक खाते खोलने एवं राशन कार्ड, के प्रकरण भी निराकृत किए गए। कार्यक्रम के दौरान जनप्रतिनिधियों ने ग्रामीणों से अपील की कि वे ऐसे शिविरों में भाग लेकर अपने जरूरी दस्तावेज बनवाएं और सरकारी योजनाओं का लाभ उठाएं। इस अवसर पर ग्रामीणों ने कार्यक्रम की सराहना की और प्रशासन का आभार जताया।

### रेडी टू ईट एवं फोर्टीफाइड आटा के निर्माण एवं आपूर्ति यूनिट के लिए महिला स्व-सहायता समूहों का चयन

**दंतेवाड़ा, 20 जून।** महिला एवं बाल विकास विभाग दंतेवाड़ा अंतर्गत पूरक पोषण आहार व्यवस्था हेतु रेडी टू ईट एवं फोर्टीफाइड आटा का परियोजना स्तर पर स्थापित यूनिट के माध्यम से निर्माण एक आपूर्ति हेतु महिला स्व-सहायता समूहों के चयन हेतु दिनांक 11 जून 2025 तक महिला स्व-सहायता समूहों से आवेदन आमंत्रित किये गये थे। जिसमें प्राप्त आवेदन में वरीयता सूची तैयार की गई है। वरीयता सूची के संबंध में किसी आवेदक को किसी प्रकार का दावा-आपत्ति किया जाना है तो अपना अभ्यावेदन दिनांक 24 जून 2025 तक कार्यालयीन समय में जिला कार्यालय महिला एवं बाल विकास दंतेवाड़ा में की जा सकती है। वरियता सूची की विस्तृत जानकारी जिले के विभागीय सूचना पटल पर वेबसाईट WWW.dantewada.gov.in पर देखी जा सकती है।

### युक्तियुक्तकरण के खिलाफ छिंदगढ़ में कांग्रेस का प्रदर्शन

- **बीईओ को सौंपा ज्ञापन, सरकार से फैसला वापस लेने की मांग**

**सुकमा, 20 जून।** युक्तियुक्तकरण के खिलाफ ब्लॉक कांग्रेस कमेटी छिंदगढ़ द्वारा विकासखंड शिक्षा कार्यालय का घेराव किया गया। जिला कांग्रेस अध्यक्ष महेश्वरी बघेल और ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष कोसाराम पदामी के नेतृत्व में घेराव प्रदर्शन कर ब्लॉक शिक्षा अधिकारी को ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में कहा गया कि स्कूलों को एकतरफा बंद किया जा रहा है। इससे लगभग 45 हजार शिक्षकों के नियमित पद समाप्त हो जाएंगे। साथ ही नए सेटअप के नाम पर शिक्षक-छात्र अनुपात को बढ़ाकर प्राथमिक स्तर पर 30 और माध्यमिक स्तर पर 35 छात्र प्रति शिक्षक कर दिया गया है। यह निर्णय शिक्षा और रोजगार दोनों के लिए घातक है। इससे दूरस्थ वनांचल और आदिवासी क्षेत्रों जैसे बस्तर, सरगुजा, जशपुर इत्यादि में शिक्षा व्यवस्था पूरी तरह से चरमरा रही है। महज एक शिक्षक से 18 कक्षाओं और 60 विद्यार्थियों को पढ़ाना असंभव हो रहा है। हजारों रसोइया, स्वीपर और मध्यान्ह भोजन बनाने वाली महिलाओं के रोजगार पर भी संकट आ गया है। बच्चों की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा बाधित होगी और ड्रॉपआउट दर बढ़ेगी। सरकार द्वारा न तो इस निर्णय से पहले शिक्षकों से चर्चा की गई, न पालक संघों या छात्र संगठनों से सुझाव लिए गए, इस निर्णय से न केवल शिक्षा स्तर गिर जाएगा, बल्कि युवाओं के लिए रोजगार के अवसर भी खत्म हो जाएंगे। ज्ञापन में छिंदगढ़ विकासखंड में जितने स्कूल मर्ज किए गए हैं, उन्हें तत्काल स्थगित करने, 10 हजार 463 स्कूलों को बंद करने का आदेश तत्काल वापस लेने, जिन स्कूलों में छात्र संख्या कम है।

# खरसिया चेंबर के अध्यक्ष बने मुकेश मित्तल

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**खरसिया,20 जून।** छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स इंडस्ट्रीज के प्रदेश में खरसिया इकाई के अध्यक्ष हेतु खरसिया नगर के श्री श्याम कुटुंब के संस्थापक पूर्व अध्यक्ष चेंबर ऑफ कॉमर्स एवं जिला प्रभारी मुकेश मित्तल को अध्यक्ष के रूप में महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है यह नियुक्ति चेंबर के प्रदेश अध्यक्ष सतीश थोरानी द्वारा पूर्व प्रदेश चेंबर अध्यक्ष श्री सुंदरानी प्रदेश उपाध्यक्ष सुशील रामदास प्रदेश मंत्री शक्ति अग्रवाल की अनुशंसा पर की गई है उनकी नियुक्ति से खरसिया नगर के व्यापारियों में समूचे आंचल में उत्साह का माहौल है मुकेश मित्तल लंबे समय से व्यापारियों एवं सामाजिक क्षेत्र में अपनी सक्रिय भूमिका निभाते आ रहे हैं खरसिया इकाई की नियुक्ति पर मुकेश मित्तल ने खरसिया इकाई के अध्यक्ष की जिम्मेदारी प्रदान करने के लिए प्रदेश अध्यक्ष भाई सतीश थोरानी पूर्व प्रदेश अध्यक्ष श्री चंद सुंदरानी प्रदेश उपाध्यक्ष सुशील रामदास प्रदेश मंत्री शक्ति अग्रवाल को धन्यवाद देते हुए कहा है कि यह जिम्मेदारी मेरे लिए सम्मान की बात है मैं खरसिया नगर को व्यापारियों के हित के लिए पूरी निष्ठा से उनकी समस्याओं को निराकरण किया जाएगा मुकेश मित्तल ने आगे कहा कि खरसिया नगर के व्यापारियों की कोई भी समस्या हो उसका निरंतर समाधान हेतु प्रयास पूरी टीम द्वारा किया जाएगा प्रदेश अध्यक्ष के आदेशानुसार जल्द ही खरसिया नगर की चैंबर की कार्यकारिणी की घोषणा प्रदेश चेंबर के अध्यक्ष आदरणीय भाई सतीश थोरानी जी द्वारा बहुत जल्दी की जाएगी मुकेश मित्तल के खरसिया इकाई के अध्यक्ष नियुक्त होने पर अग्रसेन जनकल्याण ट्रस्ट के अध्यक्ष बजरंग अग्रवाल नगर पालिका अध्यक्ष कमल गर्ग उपाध्यक्ष अवध नारायण सोनी भाजपा के वरिष्ठ नेता गिरधर



गुप्ता श्री श्याम कुटुंब के अध्यक्ष विजय अग्रवाल हरीश शर्मा पूनम अग्रवाल शंकर अग्रवाल कैलाश सपना बिट्टू शर्मा पप्पू अग्रवाल विनोद अग्रवाल रमेश वकील राजेश बंसल मनोज अग्रवाल भाजपा नेता विनोद कबूलपुरिया रतन अग्रवाल आनंद अग्रवाल राइस मिल एसोसिएशन से कमल अग्रवाल बसंती प्रेम शंकर अग्रवाल मुंशी गायत्री मंदिर के अध्यक्ष सुरेश कबूलपुरिया जयप्रकाश गर्ग रोटरी क्लब के अध्यक्ष रूपेश शराफ़ राकेश गर्ग हितेन मोदी लाइव क्लब के अनिल बरतुंगा शिव अग्रवाल नेशनल कॉन्वेंट स्कूल के अध्यक्ष बाबूलाल गर्ग शंकराचार्य स्कूल मनोज अग्रवाल कमला नेहरू स्कूल के प्रबंधक अशोक अग्रवाल पत्रकार पूर्व चैंबर पदाधिकारीअशोक अग्रवाल आलू राजेंद्र अग्रवाल नूतन हसमुखभाई पटेल नरेश गोयल कैलाश अग्रवाल दवाई संजय अग्रवाल मेडिकल गोवर्धन गर्ग राजेंद्र मीरानी नटवर अगरवाल इंडस्ट्रीज गोविंद नथनी युगल किशोर रावलानी नानक रेलवानि अजय मित्तल जानकी धर्मशाला ट्रस्ट के हरि अग्रवाल मारवाड़ी युवा मंच के अध्यक्ष शुभम अग्रवाल मुकेश गर्ग राकेश अग्रवाल जगदीश मित्तल अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन के पूर्व अध्यक्ष महेश मित्तल निकुंज शराफ़ नगर कांग्रेस के अध्यक्ष रणधीर शर्मा रमेश अग्रवाल सुनील शर्मा नगर पालिका के पार्षद राम शर्मा अंकित अग्रवाल प्रिंस सलूजा खरसिया पार्षद अरुण चौधरी चीनू शर्मा दीपक अग्रवाल पत्रकार संघ के अध्यक्ष राजेश शर्मा नैनानंद वैष्णो अजय बंसल कैलाश शर्मा कैलाश गर्ग सुनील अग्रवाल विष्णु शर्मा गोपाल नायक गोपाल शर्मा आदि अनेक सामाजिक संगठनों एवं नगर के नागरिकों एवं व्यापारियों नागरिकों ने मुकेश मित्तल के अध्यक्ष बनने पर उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें बधाई दी

### जल्द ही 5 और 10 के सिक्के का वितरण किया जाएगा

बहुत जल्द खरसिया नगर में चिल्लर की समस्याओं का निराकरण हेतु बैंक से वार्ताकार 5 के और 10 के सिक्के का वितरण सभी व्यापारियों के बीच चैंबर ऑफ़ कॉमर्स के माध्यम से किया जाएगा जिससे व्यापारियों एवं ग्राहकों को चिल्लर की समस्या का निराकरण होगा मुकेश मित्तल ने कहा कि हमने पूर्व में भी चेंबर द्वारा हमारे अध्यक्ष काल में हमारी टीम द्वारा चिल्लर की समस्याओं का निराकरण निरंतर कई वर्षों तक व्यापारियों के बीच वितरण किया गया है।

## कलेक्टर ने किया बहुउद्देशीय केंद्र का निरीक्षण, 10 जुलाई से संचालन के निर्देश

**महासमुंद, 20 जून ।** जिले में पीएम जनमन योजना अंतर्गत स्वास्थ्य सेवाओं के सुदृढ़ीकरण, शून्य से 5 वर्ष के बच्चों को पूरक पोषण आहार, ग्रामीणों के लिए आजीविका केन्द्र जैसे सुविधा एक ही छत के नीचे मुहैय्या कराने के उद्देश्य से दो बहुउद्देशीय केन्द्रों का निर्माण किया जा रहा है।कलेक्टर श्री विनय लंगेह ने आज महासमुंद विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम धनसुली में निर्माणाधीन बहुउद्देशीय केन्द्र का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कार्य की प्रगति की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों एवं ठेकेदारों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। कलेक्टर ने निर्देशित किया कि जिले के दोनों मॉडल बहुउद्देशीय केंद्र का निर्माण कार्य 30 जून 2025 तक पूर्ण कर



लिया जाए, जिससे 10 जुलाई 2025 से इनका विधिवत संचालन आरंभ किया जा सके। उन्होंने निर्माण एजेंसी को समय सीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण कार्य सुनिश्चित करने को कहा। इस दौरान कलेक्टर ने ग्रामीण महिलाओं से चर्चा भी की और उनसे आजीविका संबंधी गतिविधियों की जानकारी ली। दूसरा बहुउद्देशीय केन्द्र बागबाहरा विकासखण्ड के ग्राम जोरातराई में निर्माणाधीन है। निरीक्षण के दौरान जिला पंचायत सीईओ श्री एस. आलोक, एसडीएम श्री उमेश कुमार साहू, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला बाल विकास श्री समीर पांडेय, सहायक आयुक्त आदिवासी विकास श्रीमती शिल्पा साय, स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी एवं पीडब्ल्यूडी के अधिकारी उपस्थित थे।निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने बहुउद्देशीय केंद्र को सर्वसुविधायुक्त बनाने के निर्देश देते हुए जरूरी व्यवस्थाओं को सुनिश्चित करने कहा। मॉडल केन्द्र में 24 घंटे एनएमएम एवं मितानिन की सेवाएं दी जाएगी, एक आधुनिक एम्बुलेंस की व्यवस्था की जाएगी एवं सोलर पंप आधारित 'सूर्य जल योजना' के माध्यम से 24 घंटे विद्युत आपूर्ति रहेगी।

## 21 जून को मनाया जाएगा जिले में 11वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस


**बीजापुर 20 जून ।** कलेक्टर श्री संबित मिश्रा के निर्देशन में 11वाँ अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस इस वर्ष एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग थीम पर बड़े उत्साह से मनाया जाएगा।जिला स्तरीय आयोजन एजुकेशन सिटी स्थित नवोदय विद्यालय परिसर में होगा, जिसमें मुख्य अतिथि माननीय सुश्री लता उसेण्डी, विधायक कोण्डागांव, और कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगे माननीय श्री विक्रम शाह मण्डावी, विधायक कलेक्टर श्री संबित मिश्रा द्वारा कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु विभिन्न विभागों को अलग-अलग जिम्मेदारियाँ सौंपी गई हैं। योग

## जनजातीय उत्थान के लिए प्रतिबद्धता के साथ कर रहे काम:राधेश्याम राठिया

**रायगढ़, 20 जून।** धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान का जिला स्तरीय शिविर धरमजयगढ़ विकासखंड के आमापाली में आयोजित हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए सांसद रायगढ़ श्री राधेश्याम राठिया ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी की पहल पर जनजातीय परिवारों को विकास की मुख्यधारा से जोडऩे के लक्ष्य के साथ यह योजना पूरे देश में लागू की है। इस अभियान का उद्देश्य संतृप्ति शिविर लगाकर केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं से जनजातीय आबादी को जोड़ते हुए जनजातीय समुदायों की सामाजिक-आर्थिक स्थिति में सुधार लाना है। इस अभियान में 17 मंत्रालयों द्वारा संचालित किए जा रहे 25 गतिविधियों को सम्मिलित किया गया है। कार्यक्रम में विधायक धरमजयगढ़ श्री लालजीत सिंह राठिया, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती पूर्णिमा लाला सिंह बैगा, जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती लीनव राठिया, जनपद पंचायत उपाध्यक्ष श्री शिशुपाल गुप्ता, डीडीसी पुनेश्वर प्रसाद राठिया, नगर पंचायत अध्यक्ष धरमजयगढ़ श्री अनिल सरकार, नगर पंचायत उपाध्यक्ष जगन्नाथ यादव, बीडीसी मैना राठिया, राशि बाई राठिया, नृप लाल राठिया, श्री भरतलाल साहू उपस्थित रहे।सांसद श्री राठिया ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में जनजातीय समुदायों के उत्थान के लिए लगातार नीतियों का निर्माण और क्रियान्वयन किया जा रहा है। गरीब परिवारों को प्रधानमंत्री आवास उपलब्ध करवाने की योजना हो, आयुष्मान कार्ड निर्माण से किफायती स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध करवाना, कृषक हितैषी योजनाओं का निर्माण, शौचालय निर्माण, पेंशन और बीमा योजनाओं से जनजीवन को बेहतर बनाने की दिशा में निरंतर कार्य किया जा रहा है।प्रदेश में मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में जनजातीय परिवारों को शासन की योजनाओं से जोडऩे लगातार शिविर लगाए जा रहे हैं। प्रदेश में महतारी वंदन योजना से माताओं बहनों को आर्थिक सहायता दी जा रही है। जमीन संबंधी कार्यों को आसान करने रजिस्ट्री की प्रक्रिया का सरलीकरण किया गया है। पीएम आवासों का निर्माण पूरी तेजी से किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि शिविर के माध्यम से अधिक से अधिक संख्या में शासन की योजनाओं का लाभ लें। शिविर में नन्हे बच्चों का अन्न प्रासन्न कराया गया, वहीं गर्भवती माताओं की गोदभराई की गई।

## जिले में बीज उत्पादक कृषकों की संख्या में करें वृद्धि:कलेक्टर

**रायगढ़, 20 जून।** कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में कृषि विभाग की समीक्षा बैठक ली। इस दौरान उन्होंने कृषि विभाग के काम-काज एवं आगामी कार्ययोजना की जानकारी ली। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत श्री जितेन्द्र यादव उपस्थित रहे।



कलेक्टर श्री चतुर्वेदी ने जिले में कृषि के क्षेत्राच्छादन की जानकारी ली। उन्होंने जिले के सिंचित एवं असिंचित कृषि क्षेत्र की समीक्षा करते हुए कहा कि जिन क्षेत्रों में सिंचाई के साधन है, लेकिन द्विफसलीय फसल नहीं लिया जा रहा है, ब्लॉक स्तर के अधिकारी ऐसे क्षेत्रों का चिन्हांकन कर, उन क्षेत्रों में द्विफसलीय फसल जैसे दलहन, तिलहन लेने के लिए कृषकों प्रोत्साहित करें, ताकि कृषकों की आय में वृद्धि ही सके। उन्होंने बीज की उपलब्धता सुनिश्चित करने हेतु उप संचालक कृषि को आरएईओ के माध्यम से बीज उत्पादक कृषक बढ़ाने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने बीज, खाद, भंडारण एवं वितरण के संबंध में भी आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। कलेक्टर ने प्रधानमंत्री फसल के संबंध में समीक्षा की।

इस दौरान उन्होंने बीमा के साथ ही दावा भुगतान की जानकारी भी ली। उन्होंने प्रधानमंत्री स्वायल हेल्थ कार्ड के संबंध में जानकारी लेते हुए स्वायल टेस्ट बढ़ाने के निर्देश दिए, ताकि किसानों को फसल

## मोर गांव-मोर पानी अभियान अंतर्गत कलस्टर लेवल प्रशिक्षण का आयोजन

**बीजापुर 20 जून ।** कलेक्टर संबित मिश्रा के मार्गदर्शन एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत हेमंत रमेश नंदनवार के नेतृत्व में मोर गांव मोर पानी अभियान अंतर्गत जिले में कुल 24 कलस्टर तैयार किया गया है। इस अभियान अंतर्गत विकासखण्ड स्तर पर प्रशिक्षण दिया जा रहा है। विकासखंड बीजापुर के ईटपाल कलस्टर और उसूर विकासखंड के बासागुड़ा क्लस्टर मे आयोजित एक दिवसीय प्रशिक्षण में प्रोत्साहित किया गया।

## गेल इंडिया को आवेदिका की जमीन का दोबारा मूल्यांकन करने का निर्देश

**रायगढ़, 20 जून।** छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ.किरणमयी नायक एवं सदस्य श्रीमती सरला कोसरिया ने आज कलेक्टोरेट रायगढ़ के सृजन सभाकक्ष में महिला उत्पीडऩ से संबंधित प्रकरणों पर जन सुनवाई की। छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग के अध्यक्ष डॉ.किरणमयी नायक की अध्यक्षता में आज 328 वीं एवं रायगढ़ जिला की 10 वीं सुनवाई हुई। जिले में आयोजित जन सुनवाई में 20 प्रकरणों पर सुनवाई की गई।



अन्य प्रकरण में आवेदिका उपस्थित अनावेदक क्र. अनावेदकगण आवेदिका की जमीन डायवर्टेड लैंड में है। जिसके बीचो बीच भारत सरकार का गैस पाईपलाईन प्रोजेक्ट जाने के लिए किये गये सर्वे में आवेदिका के जमीन पर स्थित टयूबवेल स्थाई सरंचना को नजरअंदाज किया गया व डायवर्टेड जमीन का मुआवजा भी सही तरीके से तय नहीं किया गया। आवेदिका का कुल 05 एकड जमीन में बीचों बीच 90 डिसमिल जमीन अनावेदकगणों द्वारा ले लिया गया है। जिससे आवेदिका अपनी जमीन का उपयोग नही कर पा रही है और न ही उसे कोई मुआवजा मिला है। आपत्ति किये जाने पर 7 लाख 35 हजार 440 रुपए तथा उसके टयूबवेल के लिए 85 हजार रुपए मुआवजा तय किया गया है। जिससे आवेदिका के जमीन का अमूल्यन हो गया है। उसने 2021 में डायवर्सन कराया था। अब वहाँ धान की फसल भी नही कर सकती है व जमीन को किराये में दिये जाने का एग्रीमेंट कराया गया था। जिससे आवेदिका को नुकसान हुआ है। अनावेदक पक्ष को समझाईश दिया कि वह आवेदिका के समस्त नुकसान के मामले में मानवीय दृष्टिकोण से पुनः आंकलन कर अपना प्रस्ताव आयोग को प्रस्तुत करें। अनावेदक क्रमांक 01 तहसीलदार खरसिया, निष्पक्ष रूप से अपनी भूमिका का निर्वहन करें एवं महिला आयोग की ओर से जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास श्री एल.आर.कच्छप इस प्रकरण की निगरानी करेंगे और 01 माह के बाद प्रकरण रिपोर्ट मिलने पर अंतिम निराकरण रायपुर में रखा जाएगा।

अन्य प्रकरण में आवेदिका और अनावेदक का 02 वर्ष का पुत्र है, विगत डेढ़ माह से अलग रह रहे है। दोनों पक्ष को विस्तार से समझाईश दिया गया जिसके तहत आवेदिका व अनावेदक क्रमांक 01 लिखित में इकरारनामा करना चाहे तो साथ रह सकते है या आपसी सहमति से तलाक ले सकते है। उनका परिवार परामर्श केन्द्र में तीसरी सुनवाई 26 जून 2025 को है उसके बाद उभयपक्ष चाहे तो महिला आयोग रायपुर में 30 जून 2025 को प्रातः 10.30 बजे आ सकते है।

## एक नजर

### रैली निकालकर लोगों को योग के महत्व व लाभ के बारे में बताया




**रायगढ़, 20 जून।** कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केन्द्र, बोईरदादर रायगढ़ के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून 2025 के परिप्रेक्ष्य में महाविद्यालय प्रांगण से लेकर बोईरदादर चौक तक जन जागरूकता रैली के माध्यम से योग के महत्व एवं लाभों के बारे में नारा लगाते हुए योग करने के लिए प्रेरित किया गया। जिसका मुख्य उद्देश्य योग के प्रति जागरूकता बढ़ाना एवं एक स्वस्थ जीवन शैली को बढ़ावा देना है। कार्यक्रम में महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ.ए.के.सिंह, राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी डॉ. जी.आर.राठिया के साथ महाविद्यालय के समस्त अधिकारी एवं कर्मचारी गण उपस्थित रहे। अधिष्ठाता द्वारा कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए योग के संबंध में स्वयं सेवकों को महत्वपूर्ण जानकारी साझा किया गया।

### नगर सेना ने बाढ़ आपदा से बचाव के लिए किया मॉकड्रिल



**रायगढ़, 20 जून।** नगर सेना रायगढ़ द्वारा प्राकृतिक आपदा बाढ़ से निपटने के लिए स्थानीय केलो डेम रायगढ़ में मॉक अभ्यास का आयोजन किया गया। इस दौरान नगर सेना विभाग रायगढ़ में उपलब्ध बाढ़ बचाव, संसाधन का परीक्षण किया गया। जिले में उपलब्ध 2 नग मोटर बोट का टेस्ट ड्राईव किया गया, जहां उपलब्ध सभी इंजन चालू हालत में है। जिले में बाढ़ आपदा से निपटने के लिए नगर सेना विभाग में 25 बाढ़ प्रशिक्षित जवान उपलब्ध है जो आपदा के समय बचाव कार्य हेतु तत्पर रहते है।माकड्रिल के दौरान बचाव कार्य के अन्य संसाधन जैसे लाईफ ब्वाय, लाईफ जैकेट, रस्सा ट्यूब, टार्च इत्यादि सभी सामग्रियों को तैयार रखा गया है। इस दौरान जिला सेनानी श्री बी.कुजूर एवं जिला अग्निशमन अधिकारी तथा नगर सेना बाढ़ बचाव दल के 25 जवान संलग्न रहे।

### जेलपारा में आयोजित स्वास्थ्य शिविर का लाभ 43 लोगों ने उठाया

**रायगढ़, 20 जून।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी अनिल कुमार जगत के मार्गदर्शन एवं सुश्री रंजना पैंकरा के कार्य संचालन में डॉ सोनाली मेश्राम के द्वारा आज जेल पारा सामुदायिक भवन में हमर क्लीनिक जेल पारा में निश्शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया।

स्वास्थ्य शिविर डॉ प्रदीप पटेल एवं हेल्थ टीम के द्वारा क्षेत्र के लोगों की जांच एवं उपचार की गई। साथ ही समुदाय के लोगों को मौसमी बीमारी की जांच के साथ-साथ उससे बचाव के लिए जागरूक किया गया। साथ ही वेलनेस एक्टीविटी के अंतर्गत योगा कराया गया और किस प्रकार का सही आहार लेकर गैर-संचारी रोग से कैसे बचें, इसकी जानकारी दी गई। शिविर में कुल मरीज की संख्या 43 रहा जिसमें सिकल सेल जांच 07, और ब्लड शुगर जांच 39, उच्च रक्त चाप जांच 39 हिमोग्लोबिन जांच 35 और दस्त मरीज की संख्या 02 दर्ज की गई। शिविर में निश्शुल्क जांच एवं दवा वितरण किया गया। इस अवसर पर पार्षद श्री रामजाने भारद्वाज, एसडीएम श्री महेश शर्मा सहित स्वास्थ्य विभाग की टीम मौजूद रही।

### आधार संचालक-ऑपरेटर के लिए 26 जून तक मंगाए गए आवेदन

**रायगढ़, 20 जून।** जिले के 33 शासकीय कार्यालयों में इन हाउस मॉडल के अनुसार आधार केन्द्र संचालन हेतु 33 आधार संचालक/आपरेटर का चयन किया जाना है। जिसके लिए 26 जून 2025 सायं 5 बजे तक केवल स्पीड पोस्ट के माध्यम से आवेदन मंगाए गए है। इच्छुक आवेदक कार्यालय कलेक्टर जिला ई-गवर्नेस सोसायटी, कक्ष क्रमांक 46 जिला-रायगढ़, पिन नंबर 496001 में आवेदन भेज सकते है। इस संबंध में अन्य विस्तृत जानकारी के लिए कार्यालय कलेक्टर, रायगढ़ में संपर्क कर सकते है।

### अग्निशमन में रिक्त पदों के लिए 31 जुलाई तक मंगाए गए ऑनलाइन आवेदन

**रायगढ़, 20 जून।** छत्तीसगढ़ अग्निशमन विभाग के 295 रिक्त पदों पर कर्मचारियों की पूर्ति हेतु स्थानीय निवासियों से विभाग की वेबसाईट https://cghgcd.gaæv.in पर ऑनलाईन आवेदन मंगाए गए है। आवेदन आवेदन जमा करने की प्रारंभिक तिथि 1 जुलाई तथा अंतिम तिथि 31 जुलाई 2025 है। त्रुटि सुधार 10 अगस्त 2025 तक है।

## जल जीवन मिशन से बदली तस्वीर घर-घर पहुंचा शुद्ध पेयजल




**बीजापुर,20 जून ।** उसूर विकासखण्ड ग्राम पंचायत गलगम के आश्रित ग्राम गुंजेपर्ती की तस्वीर आज बदलाव की मिशाल बन गया है। कभी विकास की मुख्य धारा से कोसो दूर रहने वाला यह ग्राम आज पेयजल सुविधा से समृद्ध हो गया है। लगभग 80 परिवारों की आबादी वाले इस छोटे से ग्राम में छत्तीसगढ़ सरकार की प्रमुख योजना नियद नेल्लानार योजना एवं केन्द्र सरकार की जल जीवन मिशन योजना विकास की नई तस्वीर बनी है।पहले गुंजेपर्ती ग्राम के लोग पानी की जरूरत पूरी करने के लिए हैण्डपंप और नदी पर निर्भर थे, पूरे ग्राम में 10 हैण्डपंप थे। पानी लाने के लिये महिलाओं को हैण्डपंप या नदी के किनारे जाना पड़ता था। ग्रामीणों को पेयजल के लम्बी दूरी तय करनी पड़ती थी। लेकिन अब जल जीवन मिशन योजना के तहत यह 21.03 लाख रू. की लागत से 3262 मीटर पाईप लाईन बिछायी गई है और 3 नग सोलर चलित जल आपूर्ति सिस्टम लगाये गये है। इसका नतीजा यह हुआ की ग्राम में हर-घर में नल के माध्यम से शुद्ध पेयजल प्रदाय किया जा रहा है।ग्राम की सरपंच सुशीला काका बताते है कि पहले हमें हैण्डपंप और नदी से पानी लाना पड़ता था अब हमें घर बैठे ही साफ पानी मिल रहा है जिससे हम सभी ग्रामवासी खुश है। वहीं ग्राम के पंच बाबूलाल पायम बताते है कि पहले अधिकतम समय नदी से पानी लाने में व्यतीत होता था। लेकिन अब जल जीवन मिशन ने हमारे जीवन को आसान बना दिया। सरकार ने हमारे घर-घर तक जल पहुँचाया है।

## कल्चर क्लब में निवेश के नाम पर ठगी

**बिलासपुर,20 जून।** न्यायधानी में उद्योगपति से 4.80 करोड़ रुपए की ठगी का मामला सामने आया है. कल्चर क्लब में निवेश पर प्रॉफिट और प्रॉपर्टी देने का झांसा देकर 2023 से 2025 तक किश्तों में उद्योगपति से निवेश कराकर ठगी की गई है. मामला सिरगिट्टी थाना क्षेत्र का है. पुलिस धोखाधड़ी का जुर्म दर्ज कर जांच में में जुट गई है। जानकारी के अनुसार, रामा वर्ल्ड में रहने वाले एक उद्योगपति टूर में छत्तीसगढ़ से बाहर गए थे. इसी दौरान उनकी दूसरे राज्य के एक फर्म संचालक से जान-पहचान हुई. उद्योगपति से दोस्ती के बाद फर्म संचालक ने उन्हें कल्चर क्लब के नाम निवेश करने पर मोटी रकम मुनाफा के साथ प्राइम लोकेशन में प्रापर्टी देने की बात बताई। फर्म संचालक की बातों में आकर उद्योगपति ने निवेश करना शुरू कर दिया. वर्ष 2023 से 2025 तक अलग-अलग किश्तों में उद्योगपति 4 करोड़ 80 लाख रुपए निवेश कर चुके हैं. मुनाफा व प्रापर्टी नहीं मिलने और फर्म संचालक के द्वारा गोल-मोल जवाब देने पर उन्हें ठगे जाने का अहसास हुआ. इसके बाद उन्होंने एफआईआर दर्ज कराई. पुलिस ने उद्योगति की रिपोर्ट पर अज्ञात के खिलाफ बीएनएस की धारा 420, 406 के तहत जुर्म दर्ज कर जांच में जुट गई है।

## बारिश में चढ़ा ऐसा नशा बीच सड़क पर बुजुर्ग ने किया हंगामा

**बलरामपुर,20 जून।** बरसात का मौसम शौकिनों के लिए खुशी, आनंद और मौज-मस्ती का होता है, लेकिन अगर इस दौरान नशा सिर चढ़ जाए, तो फिर दूसरों के लिए परेशानी हो जाती है. ऐसा ही कुछ वाड्रफनगर के करमडीहा गांव में हुआ, जहां शराब के नशे में धुत तेज बरसात में बीच सड़क पर हंगामा करने लगा। जानकारी के अनुसार, करमडीहा गांव में झाड़-फूंक का काम करने वाला शराब के नशे में धुत छोटेलाल कन्नौजिया अर्द्धनग्न होकर तेज बारिश के बीच सड़क पर हंगामा करने लगा. कभी किसी कार के सामने लेट जाता तो कभी किसी दूसरे गाड़ी के आगे ड्रामा कर रहा था। देर तक बुजुर्ग के हंगामे को देख तंग व्यापारियों ने पुलिस को सूचना दी. मौके पर पहुंची पुलिस ने बड़ी मशक्कत के बाद बुजुर्ग को काबू में कर परिजनों को सुपुर्द किया. बरसात की वजह से गाड़ियों की आवाजाही धीमी थी, नहीं तो कुछ बड़ा हादसा होने का अंदेशा था।

## तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर गड्ढे में गिरी,चालक की मौत

**खैरागढ़,20 जून।** खैरागढ़.धमधा मार्ग पर अनियंत्रित होकर कार सड़क किनारे पानी से भरे गड्ढे में जा गिरीण् हादसे में कार चालक की मौके पर ही मौत हो गईए वहीं दूसरा सवार घायल हो गया। जानकारी के अनुसार ग्राम साल्हेकला ललित साहू 45 वर्ष और अनिरुद्ध जंघेल 56 वर्ष कार में खैरागढ़ से साल्हेकला जा रहे थेण् तेज रफ्तार कार रास्ते में गाड़ाडीह के समीप अनियंत्रित होकर सड़क किनारे स्थित गड्ढे में जा गिरी गड्ढे में पानी भरा डूबने से कार चालक ललित साहू की मौके पर मौत हो गईण् वहीं अनिरुद्ध जंघेल घायल हो गयाए जिसे उपचार के लिए खैरागढ़ सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज घटना की जांच में जुट गई है।

## विश्व सिकल सेल जागरुकता दिवस मनाया

**बीजापुर,20 जून ।** विश्व सिकल सेल जागरुकता दिवस के अवसर पर जिला चिकित्सालय बीजापुर में जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कलेक्टर श्री संबित मिश्रा के मार्गदर्शन और मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. बी.आर. पुजारी के नेतृत्व में यह कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम में सिविल सर्जन सह अस्पताल अधीक्षक डॉ. रत्ना ठाकुर, जिला कार्यक्रम प्रबंधक एनएचएम श्री वरुण साहू एवं पैथोलॉजिस्ट डॉ. समिरा नंदन रेड्डी की सक्रिय सहभागिता रही। इस अवसर पर सिकल सेल रोग के प्रति आमजन को जागरूक किया गया। यह एक आनुवांशिक रक्त विकार है, जो विशेषकर अनुसूचित क्षेत्रों में अधिक पाया जाता है। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य इस रोग से पीड़ित व्यक्तियों को समुचित चिकित्सकीय सहायता उपलब्ध कराना था।जिले के समस्त स्वास्थ्य केंद्रों में निःशुल्क स्क्रीनिंग, चिकित्सकीय परामर्श, जेनेटिक कार्ड वितरण सहित सिकल सेल से जुड़ी स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की जा रही हैं। साथ ही, समाज कल्याण विभाग द्वारा विकलांग प्रमाण पत्र भी प्रदान किए जा रहे हैं।

### प्रेस वार्ता को संबोधित करते विधायक ने कहा

# परिवार को स्वस्थ रखने सामूहिक रूप से योग करें

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**दंतेवाड़ा 20 जून।** अंतराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी दंतेवाड़ा द्वारा आयोजित प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए विधायक चैतराम अटामी ने कहा की अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस अब हर वर्ष विश्व भर में मनाया जाता है। भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के प्रयासों से संयुक्त राष्ट्र संघ ने इस दिवस की मान्यता दी और तब से हर वर्ष दुनिया के सभी देशों में कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। भारत के लिए यह बड़े ही गौरव की बात है। यह 2015 से हर साल 21 जून को मनाया जाता है। क्योंकि उत्तरी गोलार्ध में सबसे लंबा दिन इस दिन होता है और आध्यात्मिक सिद्धियों के लिए यह उपयुक्त समय होने के कारण इस दिन का चयन मोदीजी ने किया। सन 2014 में संयुक्त राष्ट्र महासभा में इस प्रस्ताव को 177 देशों का समर्थन मिला था । हर वर्ष अलग-अलग थीम पर यह दिवस मनाया जाता है। योग सत्र, शिविर, और कार्यशालाओं का आयोजन होगा। पूर्व कीतरह ही स्कूलों, कॉलेजों, और कार्यस्थलों में योग



कार्यक्रम,जिसमें सामूहिक योगाभ्यास और जागरूकता सत्र होंगे। इस प्रेस के माध्यम से हम जनता से निवेदन करते हैं कि सभी इस आयोजन से जुड़ें। योग को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाएं। जहां कल शासन द्वारा भी यह दिवस मनाया जाएगा, वहीं भारतीयजनता पार्टी की तरफ से भी अनेक आयोजन प्रस्तावित हैं। अटामी ने कहा की अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर देशभर में विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से योग की महत्ता को रेखांकित किया गया है । इस विशेष दिन पर नागरिकों से यह अपील की गई है कि वे अपने जीवन में नियमित रूप से योग को शामिल करें और पूरे परिवार को स्वस्थ रखने के लिए एक सामूहिक प्रयास करें। अटामी ने कहा की योग केवल एक शारीरिक क्रिया नहीं, बल्कि मानसिक और आत्मिक संतुलन का माध्यम भी है। विशेषज्ञों का कहना है कि भागदौड़ भरी जीवनशैली, मानसिक तनाव, अनियमित खानपान और डिजिटल जीवनशैली से होने वाली परेशानियों से छुटकारा पाने के लिए योग सबसे प्रभावी उपाय है। आज के समय में जब बच्चों से लेकर बुजुर्ग तक कई तरह की शारीरिक और मानसिक समस्याओं से जूझ रहे हैं, ऐसे में योग एक सरल और सुलभ समाधान है।

विधायक चैतराम अटामी ने कहा की परिवार के सभी सदस्यों को मिलकर सुबह जल्दी उठकर योग करना चाहिए। यह न केवल शरीर को चुस्त-दुरुस्त बनाता है, बल्कि मानसिक शांति भी प्रदान करता है। बच्चों में एकाग्रता, धैर्य और आत्मनियंत्रण बढ़ाने के लिए योग बहुत ही उपयोगी है। अटामी ने बताया की वृद्धजनों के लिए योग जोड़ों के दर्द, मधुमेह, उच्च रक्तचाप जैसी बीमारियों को नियंत्रित करने में मदद करता है, वहीं युवाओं के लिए यह फिटनेस और आत्मविश्वास बढ़ाने का जरिया है। महिलाओं के लिए योग हार्मोन संतुलन और मानसिक स्थिरता लाने में सहायक है।अटामी ने कहा की योग दिवस पर आयोजित शिविरों, विद्यालयों, सामुदायिक केंद्रों और ऑनलाइन सत्रों के माध्यम से लोगों को यह प्रेरणा दी गई कि योग कोई एक दिन का आयोजन नहीं, बल्कि इसे रोज़मर्रा की आदत बनाना चाहिए। यदि प्रत्येक परिवार योग को अपनाता है तो न केवल व्यक्तिगत स्वास्थ्य सुधरेगा, बल्कि एक स्वस्थ और सशक्त समाज की नींव भी मजबूत होगी।

अतः आज के दौर में यह आवश्यक हो गया है कि हम सब मिलकर इस प्राचीन भारतीय परंपरा को जीवन का हिस्सा बनाएं और ÷योगा फॉर वेलनेस÷ को अपनी दिनचर्या में स्थान दें। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष संतोष गुप्ता,प्रदेश मंत्री ओजस्वी मंडावी,पूर्व जिलाध्यक्ष अभिमन्यु सोनी,जिला पंचायत अध्यक्ष नन्दलाल मुडामि,पूर्व जिला पंचायत सदस्य कमला विनय नाग,जिला महामंत्री धीरेन्द्र प्रताप सिंह,जिला उपाध्यक्ष सत्यजीत चौहान,पूर्व जिला महामंत्री पिंटू उइके,नगर पालिका अध्यक्ष पायल गुप्ता,मंडल अध्यक्ष जय भंसाली,मंडल महामंत्री मोहन ठाकुर उपस्थित हुए ।

# कृषि विभाग की टीम ने विक्रय केंद्रों में दी दबिश,अवैध खाद-बीज किया जब्त

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 20 जून।** कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देशानुसार कृषि विभाग द्वारा अभियान के रूप में विभिन्न विकासखंडों में संचालित कृषि केंद्रों में दबिश देकर छापेमारी की कार्यवाही की जा रही है।जिला स्तरीय निरीक्षण दल ने बुधवार क़ो निरीक्षण के दौरान विक्रय केंद्र में अवैध रुप से भण्डारित उर्वरक व बीज़ क़ो जब्त किया गया।

उप संचालक कृषि दीपक कुमार नायक के अगुवाई में विकासखंड भाटापारा के करहीबाजार में संचालित कृषि केंद्रों का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान राजकुमार पटेल कृषि केंद्र करहीबाजार में अवैध रूप से उर्वरक एवं बीज का भंडारण पाया गया, जिसके विरुद्ध तत्काल कार्यवाही करते हुए उपलब्ध उर्वरक एवं बीज स्कंद को जब्त किया गया है। साथ ही विक्रेता को कारण बताओं नोटिस जारी किया गया है, जिसका जवाब तीन दिवस के



भीतर प्रस्तुत करने हेतु लेख किया गया है।

करहीबाजार के ही महामाया खाद भंडार, एवं पटेल कृषि केंद्र का भी निरीक्षण किया गया।पटेल कृषि केंद्र में कालातीत बायो फर्टिलाइजर पाए जाने पर कारण बताओं नोटिस जारी किया गया है। जिला स्तरीय टीम द्वारा विकासखंड पलारी के कृषि सेवा केंद्र पलारी, मुन्ना भाई कृषि सेवा केंद्र सण्डी, वर्मा कृषि सेवा केंद्र सण्डी, का निरीक्षण किया गया निरीक्षण के दौरान विक्रय केंद्रों में उपलब्ध बीज , कीटनाशक स्कंध एवं मूल्य सूची प्रदर्शित नहीं था जिस कारण उन्हें कारण बताओं नोटिस जारी किया गया है।

जिले के कृषकों को गुणवत्ता युक्त कृषि आदान प्राप्त हो सके तथा किसी प्रकार के ठगी के शिकार न हो,इस हेतु विभाग द्वारा जिले में पदस्थ निरीक्षकों एवं मैदानी अमले क़ो कड़ी निगरानी के निर्देश दिये गये हैं।कृषि केंद्रों के संचालकों को स्पष्ट चेतावनी दिया गया है कि किसी भी प्रकार की अनियमितता न बरती जाए अन्यथा कड़ी कार्यवाही की जाएगी।

## समाचार संक्षेप

### धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान, परिवारों को मिल रहा योजनाओं का लाभ



**बलौदाबाजार, 20 जून।** भारत सरकार के जनजातीय कार्य मंत्रालय के निर्देशानुसार जनजातीय बाहुल्य गांव में सरकारी योजनाओं की पहुंच सुनिश्चित करने धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान संचालित किया जा रहा है। अभियान अंतर्गत जिले के 46 जनजातीय बाहुल्य गांवों में विशेष शिविर का आयोजन 15 जून से प्रारम्भ किया गया है। शिविर में 15 विभागों के लगभग 25 सेवाओं क़ा लाभ व जानकारी दी जा रहा है। विकासखंड भाटापारा के ग्राम धौराभाठा में आधार व सिकल सेल जांच शिविर का आयोजन किया गया जिसमें लगभग 64 लोगों का सिकल सेल जांच किया गया। इसके साथ ही विभिन्न विभागों के द्वारा योजना के तहत पात्र हितग्राहियो क़ो लाभान्वित किया गया। अभियान के तहत जिले के विकासखण्ड कसडोल के 21 गांव, बलौदाबाजार के 13, भाटापारा के 10 एवं विकासखंड सिमगा के 2 जनजातीय बाहुल्य गांव शामिल हैं। 30 जून तक चलने वाले विशेष शिविर में जनजातीय परिवारों को आधार कार्ड, राशन कार्ड, आयुष्मान कार्ड, जाति प्रमाण पत्र, अधिवास प्रमाण पत्र, किसान क्रेडिट कार्ड, पीएम किसान सम्मान निधि, जनधन खाता, बीमा कवरेज, वृद्धा पेंशन, विधवा पेंशन, विकलांग पेंशन, विश्वकर्मा योजना, मुद्रा ऋण, महिला एंव बाल कल्याण, टीकाकरण, जनजातीय परिवार के घरों में नल कलेक्शन, विद्युत कलेक्शन, उज्जवला, कौशल प्रशिक्षण इत्यादि सेवाएं प्रदाय की जाएगी।

### एक पृथ्वी-एक स्वास्थ्य थीम पर होगा योग संगम कार्यक्रम का आयोजन

**बलौदाबाजार, 20 जून।** रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल क़ो 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर जिला बलौदाबाजार -भाटापारा में जिला स्तरीय कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नामांकित किया गया है। श्री



अग्रवाल 21 जून 2025 क़ो बलौदाबाजार स्थित नवीन कृषि उपज मण्डी प्रांगण में आयोजित होने वाले जिला स्तरीय कार्यक्रम में शामिल होंगे। उल्लेखनीय है कि आयुष मंत्रालय भारत सरकार द्वारा 21 जून 2025 को 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर %%योग-एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य÷ थीम पर योग संगम कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। योग संगम कार्यक्रम में जिला, जनपद एवं ग्राम पंचायत स्तर पर अधिक से अधिक जनभागीदारी सुनिश्चित करते हुए विभिन्न स्थलों पर एकसमान समय सुबह 7 बजे से सुबह 8 बजे तक योगाभ्यास किया जाएगा। योग संगम कार्यक्रम के लिए शासकीय, शैक्षणिक संस्थान, निजी संस्था सहित अन्य संस्था को पोर्टल में पंजीयन करना अनिवार्य है। शासन के निर्देशानुसार अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर योग संगम के साथ हरित योग, योग अनप्लग्ड, योग महाकुम्भ, योग पार्क, योग प्रभाव, योग समावेशी के तहत विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। हरित योग अंतर्गत पारंपरिक योगाभ्यास के साथ-साथ पर्यावरण संवर्धन के लिए सामुदायिक गतिविधियों पौधरोपण, बीज वितरण, स्वच्छता अभियान, पर्यावरण जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। योग अनप्लग्ड के तहत युवाओं के स्वाभाविक जीवन अंग के रूप में स्थापित करने, युवाओं को योग के प्रति सजग, जागरूक एवं प्रेरित कर उनकी दैनिक दिनचर्या में योग को शामिल करने प्रेरित किया जाएगा। जिसमें युवाओं, छात्र-छात्राओं, एनसीसी-एनसीसी कैडेट्स, स्काउट-गाइड्स, रक्षा बलों की सक्रिय सहभागिता रहेगी।

## एक नजर

### अवैध रूप से शराब बेच रहे कोचिया को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**बलौदाबाजार, 20 जून।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती भावना गुप्ता के निर्देशन में आमजनों की शिकायत एवं समस्याओं का त्वरित निराकरण करने हेतु जिले में महत्वाकांक्षी योजना ÷समाधान सेल÷ प्रारंभ किया गया है, जिसकी सहायता से किसी भी प्रकार की सूचना, शिकायत अथवा आपराधिक गतिविधि की जानकारी ÷समाधान सेल÷ हेल्पलाइन नंबर 94792 20392 में व्हाट्सएप अथवा कॉल के जरिए प्रदान की जा सकती है। ÷समाधान सेल÷ के माध्यम से आपराधिक कार्यों में संलिप्त व्यक्तियों की धरपकड़ में भी लगातार कामयाबी मिल रही है। इसी तारतम्य में आज दिनांक 19.06.2025 को ÷समाधान सेल÷ में प्राप्त सूचना के आधार पर थाना सिटी कोतवाली की पुलिस टीम द्वारा भैंसाटसरा बलौदाबाजार में घेराबंदी कर अवैध रूप से शराब बिक्री करने वाले 01 आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी शराब कोचिया से ?9800 कीमत मूल्य का 98 पाव देशी मसाला शराब जप्त किया गया है। आरोपी के विरुद्ध थाना सिटी कोतवाली में धारा 34(2) आबकारी के तहत प्रकरण पंजीबध्द कर आरोपी को गिरफ्तार करते हुए माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने की प्रक्रिया की जा रही है।

### 11 साल में पीएम मोदी न देश का सर्वांगीण विकास किया:संतोष

**धमतरी, 20 जून।** देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सेवा , सुशासन और गरीबकल्याण के 11 साल पूर्ण होने पर भाजपा ने गुरुवार को जिला भाजपा कार्यालय में प्रोफेशनल मीट का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में जिले भर से विभिन्न वर्गों के बुद्धिजीवी शामिल हुए। कार्यक्रम में अपने विचार रखते हुए राजनांदगांव से दूसरी बार सांसद बने संतोष पांडेय ने कहा कि पोखरण के परमाणु विस्फोट से लेकर ऑपरेशन सिंदूर तक और आवास से लेकर आयुष्मान तक मोदी ने देश का सर्वांगीण विकास किया है। उन्होंने भारत को एक अभाव ग्रस्त देश से विश्व का सर्वाधिक प्रभावशाली देश बनाने का काम किया है। अपने 11 साल के शासन में मोदी जी गरीब, किसान, युवा और अन्नदाता सभी का जीवन स्तर ऊंचा उठाया है। कांग्रेस ने देश को अनेक प्रधानमंत्री दिए उसमें से 3 प्रधानमंत्री तो एक ही परिवार के रहे। कांग्रेस का यह राज परिवार कभी चीन के सामने, कभी पाकिस्तान के सामने और तो और वह परिवार अंग्रेजों के सामने तक सरेंडर होता रहा है। कांग्रेस के नेता लोकसभा में 99 सीटें जीत कर मीडिया के सामने विक्ट्री साइन दिखाते हैं और नरेन्द्र मोदी 240 सीट मिलने पर भी दृढ़ निश्चय के साथ देश हित को सर्वोपरि रख कर काम करते हैं।

### महापौर मीनल चौबे ने हरियाणा के मुख्यमंत्री सैनी से की सौजन्य भेंट

**रायपुर, 20 जून।** राजधानी शहर की प्रथम नागरिक नगर पालिक निगम रायपुर की महापौर श्रीमती मीनल चौबे ने हरियाणा राज्य के पंचकूला में अखिल भारतीय महापौर परिषद के सम्मेलन में राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में राजधानी रायपुर शहर को प्रतिनिधित्व दिया. महापौर श्रीमती मीनल चौबे ने रायपुर शहर को स्वच्छ, सुन्दर, विकसित राजधानी स्मार्ट सिटी बनाने के कार्यों पर चर्चा करते हुए गतिविधियों और उपलब्धियों की जानकारी राष्ट्रीय सम्मेलन में महापौरों और हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी को दी। महापौर श्रीमती मीनल चौबे ने हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी से सौजन्य भेट की। महापौरों की अखिल भारतीय परिषद का राष्ट्रीय सम्मेलन पंचकूला में दो दिन चला, जिसमें देश के 45 शहरों के महापौरों ने दो दिन तक मंथन कर महापौर को जनता की सेवा शहर में अच्छी तरह से करने कार्यों को पूर्ण करने अधिकारियों से कार्य करवाने और अधिक अधिकार और शक्तियाँ देने, देश भर के शहरों में 74वें संविधान संशोधन का पूर्ण परिपालन किये जाने और देश के सभी शहरों में महापौरों का कार्यकाल एकरूपता लाते हुए 5 वर्ष किये जाने की मांग पर सहमति सभी 45 महापौरों द्वारा व्यक्त की गयी।

### दस्तावेज नहीं होने पर अवैध निर्माण हटाने की कार्रवाई की गई

**रायपुर, 20 जून।** आज नगर पालिक निगम रायपुर के आयुक्त श्री विष्वदीप के निर्देष पर नगर निगम जोन 8 जोन कमिष्नर श्रीमती राजेष्वरी पटेल के नेतृत्व एवं कार्यपालन अभियंता श्री अभिषेक गुप्ता, सहायक अभियंता श्री फ्रहाज फ्रूखी, उपअभियंता श्री लोचन चौहान, जोन स्वास्थ्य अधिकारी श्री गोपीचंद देवांगन, स्वच्छता निरीक्षक श्री रितेष झा की उपस्थिति में नगर निगम जोन 8 क्षेत्र अंतर्गत वीर सावरकर नगर वार्ड ऋमांक 1 क्षेत्र अंतर्गत स्थल पर भूमियों के दस्तावेजो की निरीक्षण कर स्थल जांच की गई एवं दस्तावेजो का परीक्षण स्थल पर किया गया । इस दौरान दस्तावेज नहीं होने पर नियमानुसार प्रक्रिया के तहत निगम जोन 8 नगर निवेष विभाग की टीम ने जेसीबी की सहायता से स्थल पर अवैध निर्माण मार्ग से हटाने की कडी कार्यवाही करते हुए मार्ग में अवैध निर्माण हटाकर नागरिको को त्वरित राहत सुगम और सुव्यवस्थित यातायात उपलब्ध कराया।

## उपमुख्यमंत्री साव बोले हर काम हो रहा सांय-सांय

# सालों से लंबित मांग हुई पूरी, तिल्दा में 36 करोड़ रुपए से बनेंगी नई सड़कें

■ तिल्दा औद्योगिक क्षेत्र होने के बाद भी सड़कों की स्थिति थी बहुत खराब

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**तिल्दा नेवरा, 20 जून।** के बी एन बी प्रांगड़ में लगभग 36 करोड़ की सड़क निर्माण की उपमुख्यमंत्री अरूण साव , सांसद बृजमोहन अग्रवाल,मंत्री टंक राम वर्मा, के उपस्थिति में भूमिपूजन किया गया

डिप्टी सीएम अरुण साव ने करोड़ों की लागत से बनने वाली सड़कों का भूमिपूजन किया। इनमें सालों से लंबित सरोरा मार्ग, सरोरा से बिनायका मार्ग पुल पुलिया सहित लगभग 1032.78 लाख़ रुपए एनएच मार्ग सांकरा से तिल्दा सासाहोली मार्ग कुल लंबाई लगभग 11 किमी का जीर्णोधार और चौड़ीकरण के लिए 2663.28 लाख़ रुपए शामिल है।कार्यक्रम का आयोजन तिल्दा लोक निर्माण विभाग जिला रायपुर ने किया। कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री व लोक निर्माण




मंत्री अरुण साव ने लगभग 36 करोड़ की लागत से बनने जा रही सड़कों की सौगात क्षेत्रवासियों को दी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उपमुख्यमंत्री अरुण साव थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता क्षेत्रीय विधायक व मंत्री टंकराम वर्मा ने की। विशिष्ट अतिथि रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल रायपुर और धरसीवां विधायक अनुज शर्मा थे।

डिप्टी सीएम अरुण साव ने कहा कि बलौदाबाजार विधानसभा के तिल्दा क्षेत्र में सालो से लोग सड़क का मांग कर रहे थे जिसे मात्र 18 महीने में पुरा करते हुवे सड़कों का भूमिपूजन आज हुआ। लगभग 36 करोड़ की लागत से ये सड़कें बनेगी। ये बहुप्रतीक्षित सड़कें है लंबे समय से इसकी मांग की जा रही थी। स्थानीय लोगों व क्षेत्र के विधयक व विधायक व मंत्री टंकराम वर्मा के मांग पर ये सड़कें स्वीकृत हुई हैं। शीघ्र ही सड़कों का निर्माण होगा। टंकराम वर्मा बहुत ही कम समय में ज्यादा से ज्यादा विकास कार्य कर रहे हैं

कार्यक्रम में सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि इन सड़कों का निर्माण होने से लोगों को न केवल आगे जाने की सुविधा होगी बल्कि उद्योग, व्यापार भी बढ़ेगा। क्षेत्र के विकास में ये चारों सड़कें महत्वपूर्ण योगदान देगी। अटल जी ने छत्तीसगढ़ राज्य बनाया और विष्णु देव साय की सरकार इसे विकसित स्वरूप में गढ़ने का काम कर रही है। राज्य में गांव गरीबों किसानों का सर्वांगीण विकास सुनिश्चित हो रहा है। मोदी सरकार के विकसित भारत संकल्प से हम सभी रूबरू है ऑपरेशन सिंदूर से पाकिस्तान सहित आतंकवाद के अकाओ को भारत का सीधा जवाब मिला जिससे तिलमिला उठे हैं अब भारत की ओर आंख उठाने की किसी में हिम्मत नही विश्व के बड़े से बड़े देश भारत से मित्रता चाहता है मंत्री टंकराम वर्मा ने कहा कि जब से राज्य में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में सरकार बनी है, लगातार गांव का व शहरों का योजनाबद्ध तरीके से विकास हो रहा है। मोदी की गारंटी को पूरा किया जा रहा है। बलौदाबाजार के तिल्दा वासियों को हमेशा लगता था की तिल्दा में ध्यान नहीदीया जाता तिल्दा मेरी धड़कन है विधानसभा के क्षेत्र वासियों को आज करोड़ों की सौगात मिली ही।

## कार्यशाला में सिकलसेल एनीमिया के प्रति लोगों को जागरूक किया गया

■ रोगियों का स्वास्थ्य परीक्षण भी हुआ, पात्रता अनुसार दिव्यांगता प्रमाण पत्र भी मिले

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**धमतरी, 20 जून।** सिकलसेल एनीमिया जैसी गंभीर बीमारी को लेकर जनजागरूकता फैलाने एवं रोगियों को समुचित स्वास्थ्य सुविधा प्रदान करने के उद्देश्य से आज धमतरी में एक विशेष स्वास्थ्य जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। विश्व सिकलसेल दिवस के अवसर पर स्थानीय शहीद वीरनारायण सिंह सामुदायिक भवन में आयोजित इस कार्यशाला में बड़ी संख्या में सिकलसेल रोगी, उनके परिजन, स्वास्थ्य विशेषज्ञ, सामाजिक कार्यकर्ता एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। कार्यशाला में विशेषज्ञ चिकित्सकों ने सिकलसेल रोग के लक्षण, कारण, जांच, खानपान एवं सावधानियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उपस्थित रोगियों की हीमोग्लोबिन जांच, सिकल सेल की स्क्रीनिंग, एवं निःशुल्क परामर्श की व्यवस्था भी की गई। जरूरतमंद मरीजों को निःशुल्क दवाएं भी वितरित की गईं। कार्यशाला में पात्रता अनुसार छह सिकलसेल रोगियों को दिव्यांगता प्रमाण पत्र वितरित किए गए। इस अवसर पर सीएमएचओ डॉ. यू.एल.कौशिक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की जिला प्रबंधक डॉ.प्रिया कंवर सहित अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे। कार्यशाला का शुभारंभ कर कलेक्टर श्री अबिनाश मिश्रा ने सिकलसेल बीमारी की रोकथाम, समय पर जांच और उपचार के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि धमतरी जिले में विशेष समुदाय में यह बीमारी अधिक पाई जाती है और इसके लिए सतत जागरूकता एवं सरकार की योजनाओं की जानकारी लोगों तक पहुंचाना जरूरी है।

## शासकीय आईटीआई में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित

**रायपुर, 20 जून।** संचालनालय रोजगार एवं प्रशिक्षण, छत्तीसगढ़ द्वारा राज्य की शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थाओं (आईटीआई) में शैक्षणिक सत्र 2025-26 हेतु प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। प्रवेश प्रक्रिया पूर्णतः ऑनलाईन होगी तथा आवेदन के पूर्व अभ्यर्थियों को सलाह दी गई है कि वे वेबसाइट पर उपलब्ध प्रवेश विवरणिका का ध्यानपूर्वक अध्ययन करें ताकि आवेदन में कोई त्रुटि न हो। आवेदक अपनी संस्था अथवा व्यवसाय की प्राथमिकता और अन्य विवरणों में सुधार केवल निर्धारित समय सीमा के भीतर ही कर सकते हैं। समय सीमा के बाद किसी भी प्रकार के संशोधन की अनुमति नहीं दी जाएगी। किसी भी प्रकार की जानकारी या सहायता के लिए अभ्यर्थी निकटतम शासकीय आईटीआई से संपर्क कर सकते हैं अथवा वेबसाइट पर उपलब्ध हेल्पलाइन नंबर के माध्यम से मार्गदर्शन प्राप्त कर सकते हैं।

## भाटापारा मुख्य नहर के कार्यों के लिए 3.16 करोड़ रुपये स्वीकृत

**भाटापारा, 20 जून।** छत्तीसगढ़ शासन, जल संसाधन विभाग द्वारा रायपुर जिले के विकासखण्ड तिल्दा की भाटापारा मुख्य नहर में आर.डी. 24 किलोमीटर और 42 किलोमीटर में आर.सी., एच.आर., एस्केप गेट और नहर में गेट लगाने के लिए 3 करोड़ 16 लाख 92 हजार रूपये की राशि प्रशासकीय स्वीकृत दी गई है। मुख्य अभियंता महानदी परियोजना जल संसाधन विभाग रायपुर को कार्य कराने पुनरीक्षित प्रशासकीय स्वीकृति जारी की गई है।


न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) कोण्डागांव जिला-कोंडागांव (छ.ग.)

**ईश्तहार**

ई-कोर्ट क्र./ 202506200900028
अ-2/2024-25
ग्राम-चिखलपुटी, प.ह.न. 16

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है, कि आवेदक अंकुश टावरी पिता गणेश टावरी, जाति माहेश्वरी, निवासी विकासनगर कोण्डागांव, तहसील व जिला कोण्डागांव के नाम पर ग्राम चिखलपुटी में स्थित भूमि खसरा नंबर 7/3/झ रकबा 0.105 हे. भूमि राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदक द्वारा उक्त भूमि को व्यवसायिक प्रयोजन व्यपवर्तन हेतु नक्शा, खसरा, बी-1 एवं रजिस्ट्री बैनामा की छांयाप्रति सहित आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतः इस संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति दावा प्रस्तुत करना हो तो दिनांक 04/07/2025 तक मेरे न्यायालय मे उपस्थित होकर आपत्ति / दावा प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत अवधि पश्चात प्राप्त आपत्ति / दावा पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 18/06/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुद्रा से जारी किया गया।

मुहर

अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
कोण्डागांव



न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) कोण्डागांव जिला कोंडागांव (छ.ग.)

**ईश्तहार**

ई-कोर्ट क्र. /202506200900027
अ-2/2024-25
ग्राम-कराठी आलवाड़, प.ह.न. 08

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है, कि आवेदक चरणसिंह मण्डावी पिता जेठूराम मण्डावी, जाति मुरिया, निवासी ग्राम जोड़ेकेरा, तहसील बड़ेराजपुर, जिला-कोण्डागांव के नाम पर ग्राम कराठी आलवाड़, तहसील कोण्डागांव में स्थित भूमि खसरा नंबर 25/19 रकबा 0.146 हे. भूमि राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदक द्वारा उक्त भूमि को व्यवसायिक प्रयोजन व्यपवर्तन हेतु नक्शा, खसरा, बी-1 एवं रजिस्ट्री बैनामा की छांयाप्रति सहित आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतः इस संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति दावा प्रस्तुत करना हो तो दिनांक 04/07/2025 तक मेरे न्यायालय मे उपस्थित होकर आपत्ति / दावा प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत अवधि पश्चात प्राप्त आपत्ति / दावा पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 18/06/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुद्रा से जारी किया गया।

मुहर

अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
कोण्डागांव


# औषधीय पौधों की खेती से किसानों की आय बढ़ाने की तैयारी

■ प्रथम चरण में लगभग 200 एकड़ रकबे में औषधीय पौधों की खेती की योजना

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**धमतरी, 20 जून।** कलेक्टर श्री अबिनाश मिश्रा जिले में किसानों की आय बढ़ाने के लिए लगातार प्रयासरत हैं। जिले में मखाना की खेती, नारियल की खेती, मिलेट्स की खेती, उद्यानिकी फसलों को खेती को बढ़ावा देने की कार्ययोजना पर तेजी से काम किया जा रहा है। इसी कड़ी में कलेक्टर श्री मिश्रा ने एक और नई पहल की है। धमतरी जिले में विशेषकर कुरूद, मगरलोड, धमतरी विकासखण्डों में औषधीय पौधों की खेती से किसानों की आय बढ़ाने पर जल्द ही काम शुरू होगा। कलेक्टर ने आज इसके लिए औषधीय पादप बोर्ड के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री जे.सी.एस. राव के साथ बैठक की। बैठक में वनमण्डलाधिकारी श्रीकृष्ण जाधव, सीईओ जिला पंचायत श्रीमती रोमा श्रीवास्तव सहित औषधीय पादप बोर्ड के सलाहकार श्री कोसरिया और आजीविका मिशन के परियोजना अधिकारी भी मौजूद रहे। बैठक में धमतरी जिले में औषधीय पौधों की खेती की संभावनाओं पर विस्तृत चर्चा की गई। जिले में औषधीय पौधों की खेती के लिए उपयुक्त जलवायु और मिट्टी को ध्यान में रखते हुए खेती की कार्ययोजना बनाई जा रही है। पादप बोर्ड के सीईओ ने जिले में औषधीय पौधों की खेती से किसानों की आय में तेजी से बढ़ोत्तरी होने के बारे में बताया। उन्होंने एक एकड़ भूमि पर एक साल में औषधीय पौधों की खेती से किसानों से 75 हजार रूपये से लेकर एक लाख रूपये तक के शुद्ध मुनाफे की जानकारी दी। सीईओ ने बताया कि वनभूमियों, सामुदायिक खेती, अनुबंध आधारित खेती के साथ-साथ स्व सहायता समूहों को औषधीय पौधों की खेती से जोड़कर जिले को हर्बल जिले के रूप में नई पहचान दिलाई जा सकती है। सीईओ ने यह भी बताया कि इसके लिए औषधीय पादप बोर्ड द्वारा किसानों को अनुदान, प्रशिक्षण और सीडलिंक्स आदि के लिए आर्थिक सहायता भी पात्रता अनुसार दी जाएगी।

# महालक्ष्मी बाजार में विधायक व महापौर ने पार्किंग व ट्रांसपोर्ट परियोजना का भूमिपूजन किया

■ सडक किनारे अवैध पार्किंग समाप्त होगी, शीघ्र यातायात सुगम और सुव्यवस्थित होगा

**रायपुर, 20 जून।** आज रायपुर उत्तर विधानसभा क्षेत्र में रायपुर नगर निगम जोन 2 के अंतर्गत शहीद हेमूकालाणी वार्ड ऋमांक 28 के महालक्ष्मी मार्केट पंडरी में रायपुर उत्तर विधायक श्री पुरंदर मिश्रा और महापौर श्रीमती मीनल चौबे ने नगर निगम सभापति श्री सूर्यकांत राठौड़, लोककर्म विभाग अध्यक्ष श्री दीपक जायसवाल, वित्त विभाग अध्यक्ष श्री महेन्द्र खोडियार, शहीद हेमूकालाणी वार्ड पार्षद श्रीमती कृतिका जैन, जोन 3 अध्यक्ष प्रतिनिधि डॉ. प्रमोद साहू, पंडरी कपडा बाजार व्यवसायी संघ अध्यक्ष श्री सरल मोदी, मुख्य अभियंता श्री यू.के. धलेन्द्र, अधीक्षण अभियंता श्री राजेष राठौर, जोन 2 जोन कमिष्नर डॉ. आर.के. डोंगरे, कार्यपालन अभियंता श्री अंषुल शर्मा सीनियर,



श्री पी.डी. घृतलहरे, आर्किटेक्ट श्री जाकीर खान, सेवानिवृत्त अधीक्षण अभियंता श्री विनोद देवांगन, उपअभियंता सुश्री अर्जिता दीवान, व्यापारीगणों, गणमान्यजनों, सामाजिक कार्यकर्ताओं, आमजनों की उपस्थिति में मैकेनाइज्ड पार्किंग और नॉन मोटराइज्ड ट्रांसपोर्ट परियोजना का भूमिपूजन श्रीफ्ल फोडकर एवं कुदाल चलाकर करते हुए नागरिको को राजधानी शहर में एक और शानदार सौगात नगर निगम क्षेत्र में दी।


**कार्यालय सेनानी पुलिस प्रशिक्षण केन्द्र बोरगॉव जिला-कोडागॉव (छ.ग.)**

क्रमांक/पीटीसी/बोर/सा.अ./निविदा/2025-26/283/025 दिनांक18/06/025

**!! निविदा आमंत्रण की सूचना !!**

पुलिस प्रशिक्षण केन्द्र बोरगॉव की ओर से निम्नलिखित निर्माण / निर्माण कार्य हेतु मोहर बंद निविदाए प्रपत्र "अ" में "द" वर्ग या अधिक ठेकेदारो से दो लिफाफा पद्वति जिसमें एक अमानत राशि व दूसरा प्रपत्र का लिफाफा होगा निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र. | कार्य का नाम | कार्य की अनुमानित लागत | अमानत राशि |
|---|---|---|---|
| 01 | प्रथम तल मल्टीपरपस बैरक निर्माण कार्य | 12,30,000/- | 36,900/- |

निविदाकारो के द्वारा प्रत्येक निर्माण कार्य के लिये अलग-अलग निविदा प्रपत्र कय करना होगा, जिसके लिये 750/- रूप्ये (शब्दो में सात सौ पचास रूप्ये) का चलान "8443" सिविल जमा राशियों 103-जमा" के अंतर्गत जमा कर चालान की मूल प्रति सेनानी पुलिस प्रशिक्षण केन्द्र बोरगसॉव जिला कोण्डागॉव (छ0ग0) को प्रस्तुत कर दिनॉक 18/07/2025 समय 1500 बजे तक प्राप्त कर सकते हैं। उपरोक्त कार्य की कार्यपूर्ण करने की समय अवधि 06 माह है।

निविदाकर्ता को निविदा प्रपत्र के शर्तों के अधीन निम्न समय सारिणी के अनुसार निविदाए प्रस्तुत करना होगा।

| | |
|---|---|
| निविदा फार्म जमा करने का पता | पुलिस प्रशिक्षण केन्द्र बोरगाँव जिला कोण्डागाँव |
| निविदा फार्म प्राप्त करने की अंतिम तिथि व समय | 18 /07 / 025 के कार्यालयीन समय तक |
| निविदा फार्म जमा करने की अंतिम तिथि व समय | 19 / 07 / 025 के कार्यालयीन समय तक |
| निविदा खोले जाने का स्थान | कार्यालय-पुलिस प्रशिक्षण केन्द्र बोरगॉव जिला - कोण्डागॉव |
| निविदा खोले जाने का तिथि व समय | 20/07/2025 समय 1600 बजे |

सेनानी
पुलिस प्रशिक्षण केन्द्र बोरगांव
जिला-कोण्डागॉव (छ.ग.)

G-252601652/3

# पूर्व आईएएस नारायण सिंह की बेटी पर फर्जीवाड़े का आरोप

## जांच समिति का गठन



रायपुर, 20 जून। छत्तीसगढ़ के मोहला- मानपुर-अंबागढ़ चौकी जिले में फर्जी जाति प्रमाण पत्र का एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। जिला पंचायत अध्यक्ष नम्रता सिंह जैन पर आरोप है कि उन्होंने फर्जी अनुसूचित जनजाति (एसटी) प्रमाण पत्र का इस्तेमाल कर चुनाव लड़ा और आरक्षित सीट से जीतकर अध्यक्ष की कुर्सी पर काबिज हुई। शिकायत के अनुसार, नम्रता जैन द्वारा प्रस्तुत एसटी प्रमाण पत्र 26 दिसंबर 2019 को जारी हुआ था, लेकिन उसकी वैधता पर गंभीर सवाल उठाए गए हैं। आरोप यह भी है कि यह प्रमाण पत्र तत्कालीन संयुक्त कलेक्टर चंद्रिका प्रसाद बघेल द्वारा बिना उचित सत्यापन के जारी कर दिया गया था।

शिकायत में कहा गया है कि नम्रता सिंह जैन के पिता स्व. नारायण सिंह ओडिशा के मूल निवासी थे। वे छत्तीसगढ़ कैडर के 1977 बैच के आईएएस अधिकारी रहे। नारायण सिंह छत्तीसगढ़ में एसीएस भी रहा चुके हैं। बताया जाता है कि सन 1950 से पहले उनके परिवार का छत्तीसगढ़ से कोई संबंध नहीं है। संविधान के अनुच्छेद 342 के अनुसार, एक राज्य की अनुसूचित जनजाति पहचान दूसरे राज्य में मान्य नहीं होती। यानी ओडिशा की जनजातीय पहचान छत्तीसगढ़ में वैध नहीं है। फिर भी प्रमाण पत्र जारी होना गंभीर सवाल खड़ा करता है। एसडीएम मोहला द्वारा 26 मई 2025 को जारी पत्र में नम्रता सिंह जैन के जाति केस में जांच समिति के गठन की पुष्टि की गई है। शिकायतकर्ता विवेक सिंह ने मांग की है कि जांच 15 दिनों के भीतर पूरी कर दोषी पाए जाने पर तुरंत कार्रवाई हो। साथ ही पंचायत राज अधिनियम के तहत अध्यक्ष को पदमुक्त किया जाए।

## एक नजर

### पेंशन प्रकरण बनाने के नाम पर विधवाओं से 2-2 लाख रुपए की अवैध वसूली, शिकायत पर जांच शुरू



राजिम, 20 जून। विधवा महिलाओं ने पेंशन प्रकरण के नाम पर विभाग के बाबू पर 2-2 लाख रुपए की अवैध वसूली का आरोप लगाया है. महिलाओं ने मामले की शिकायत पुलिस अधीक्षक और जिला शिक्षा अधिकारी से ही थी. मामले में गठित प्रशासन के जांच दल पीड़ितों के बयान लिए हैं. दो बेवा आदिवासी महिलाओं ने गरियाबंद जिले के फिंगेश्वर में ब्लॉक शिक्षा अधिकारी कार्यालय के दो बाबू खोरबाहरा राम ध्रुव और मजहर खान पर पेंशन प्रकरण बनने के नाम पर 2-2 लाख रुपए की अवैध वसूली का आरोप लगाते हुए पुलिस अधीक्षक और जिला शिक्षा अधिकारी से की है. हरकत में आए प्रशासन ने जांच टीम गठित कर पीड़ितों से ब्यान लिए हैं. मामले में पीड़ित मृतक शिक्षक गेसराम कंवर की बेवा 4 साल से पेंशन के लिए भटक रही हैं, जिनसे विभाग के बाबू ने पेंशन प्रकरण बनाने के नाम पर चेक से 2 लाख 80 हजार रुपए निकाल लेने की बात कह रही है. वहीं चेनसिंह दीवान की बेवा ने बाबू के मांगने पर नगद 2 लाख रुपए देने की बात कही है.

### अलग-अलग क्षेत्र से तीन दोपहिया वाहन चोरी

रायपुर, 20 जून। राजधानी के अलग-अलग थाना क्षेत्र से अज्ञात चोर ने तीन दोपहिया वाहन पार कर दिया। तीनों ही मामलों में पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार पहले मामले में ग्राम सेरीखेड़ी निवासी कामेश यादव 28 वर्ष ने तेलीबांधा थाना में शिकायत किया कि वह अपनी बाइक क्रमांक सीजी 04 पीई 6423 को लाभांडी शराब भट्ठी के पास खड़ी किया था, तभी अज्ञात चोर ने पार कर दिया। चोरी गए बाइक की कीमत करीब 25 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। वहीं विकाश नगर राजेन्द्र नगर निवासी पवन कुमार साहू 30 वर्ष ने राजेन्द्र थाना में शिकायत किया कि वह अपनी बाइक क्रमांक सीजी 05 एन 6114 को अमलीडीह रोड कृष्णापुरी के पास खड़ी किया था, तभी अज्ञात चोर ने पार कर दिया। चोरी गए बाइक की कीमत करीब 15 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। इसी तरह तीसरे मामले में सीता नगर गोगांव निवासीर लुकेश साहू 26 वर्ष ने गोलबाजार थाना में शिकायत किया कि वह अपनी एक्टिवा क्रमांक सीजी 04 एलवाय 6108 को रविभवन के बेसमेंट पार्किंग में खड़ी किया था, तभी अज्ञात चोर ने पार कर दिया। चोररी गए एक्टिवा की कीमत करीब 10 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है।

### शराब के साथ दो युवक गिरफ्तार

रायपुर, 20 जून। खरोरा पुलिस ने ग्राम माठ में दबिश देकर एक्टिवा से शराब तस्करी करते दो युवकों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से 50 पाव देशी शराब जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार खरोरा पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर ग्राम माठ में दबिश देकर एक्टिवा सवार आरोपी आर्यन ढीढी 21 वर्ष व एक अन्य को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इन दोनों के पास से 50 पाव देशी शराब जब्त किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

### गांजा के साथ 5 आरोपी पकड़ाए

रायपुर, 20 जून। खमतराई और गंज थाना पुलिस ने अवैध गांजा के साथ पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से कुल 23 किलो 115 गांजा, 4 नग मोबाइल और स्कूटी जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार खमतराई पुलिस ने रावाभाठा खेल मैदान में दबिश देकर आरोपी मन्नु सोनवानी 19 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इसके पास से 5 ग्राम गांजा जब्त किया है। वहीं गंज थाना पुलिस ने तेलघानी नाका के पास स्कूटी सवार आरोपी श्याम तांडी 35 वर्ष सहित अन्य 3 को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इन लोगों के पास से स्कूटी वाहन, 23 किलो 110 ग्राम गांजा और 4 नग मोबाइल जब्त किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

### बिजली दरों में वृद्धि के खिलाफ कांग्रेस का अनोखा प्रदर्शन

रायपुर, 20 जून। छत्तीसगढ़ में बढ़ती बिजली दरों के खिलाफकांग्रेस ने आज विद्युत विनियामक आयोग के बाहर जोरदार प्रदर्शन किया। शहर कांग्रेस अध्यक्ष गिरीश दुबे और पूर्व विधायक विकास उपाध्याय के नेतृत्व में सैकड़ों कांग्रेसी लालटेन और चिमनी लेकर आयोग पहुंचे और जनसुनवाई के दौरान विरोध जताया। प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि राज्य में बिजली दरें लगातार बढ़ रही हैं, जबकि छत्तीसगढ़ एक सरप्लस बिजली उत्पादन वाला प्रदेश है। उपाध्याय ने कहा कि भाजपा सरकार के कार्यकाल में बिजली विभाग की हालत बदतर हो गई है। बिजली बिल हाफयोजना, जिससे पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार के समय 65 लाख उपभोक्ताओं को लाभ मिल रहा था, उसे बंद कर दिया गया है। बिजली दरों में वृद्धि के खिलाफकांग्रेस का अनोखा प्रदर्शन, लालटेन-चिमनी लेकर पहुंचे विद्युत आयोग उन्होंने यह भी बताया कि मई महीने के बिल में 7.15त्न एफ्रीपीएएस शुल्क जोड़ा जा रहा है, जिससे जनता पर अतिरिक्त बोझ पड़ेगा। पावर कंपनी के 4500 करोड़ रुपये के घाटे की भरपाई भी आम जनता से की जा रही है। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि स्मार्ट मीटर पहले सरकारी कार्यालयों में लगाए जाने थे, लेकिन अब तक केवल 15त्न विभागों में ही लगे हैं, जबकि आम जनता को जबरन मीटर लगवाकर परेशान किया जा रहा है।

# शांति और विकास राह पर बढ़ रहा है बस्तर, शासन की योजनाओं से बदली गांवों की तस्वीर





- पहली बार राजधानी पहुंचे बीजापुर के सुदूर गांवों के युवा, मुख्यमंत्री से आत्मीय मुलाकात कर रखी अपनी बात

रायपुर, 20 जून। इच्छाशक्ति, संवेदना और समावेशी नीति से हमने बस्तर में बदलाव की नई शुरुआत की है। बस्तर के युवाओं का आत्मबल ही हमारी प्रेरणा है और हम सब मिलकर नया बस्तर गढ़ेंगे। आप सभी ने पहली बार राजधानी रायपुर को देखा है, आप सभी का यहां स्वागत है और आपकी यह यात्रा सुखद और चिरस्मरणीय हो। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय आज अपने निवास में प्रदेश के सुदूर और नक्सल प्रभावित बीजापुर जिले के नियद नेल्ला नार ग्राम पंचायतों के 96 युवक-युवतियों के दल से आत्मीय संवाद कर रहे थे। सीएम ने कहा कि राज्य सरकार नियद नेल्ला नार जैसी योजनाओं के माध्यम से नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में शांति और विकास की नई राह खोल रही है। उन्होंने कहा कि आप छत्तीसगढ़ के भविष्य हैं और आप सभी की भागीदारी से ही हम बस्तर क्षेत्र और प्रदेश को आगे लेकर जायेंगे।

### मुख्यमंत्री से युवाओं ने साझा किए अपने विचार, कहा-बस्तर को बदलने का बनेंगे माध्यम

बीजापुर जिले के सुदूर गांवों से राजधानी पहुंचे युवाओं ने मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय से खुलकर संवाद किया। युवाओं ने न सिर्फ अपने अनुभव साझा किए, बल्कि अपने सपनों और संकल्पों की भी बात की। उन्होंने कहा कि हम शिक्षा, खेल, हुनर और सेवा के रास्ते पर चलकर अपने जीवन को बेहतर बनाना चाहते हैं। बस्तर को बदलना है, और हम इस बदलाव के सहभागी बनना चाहते हैं। युवाओं ने बताया कि नियद नेल्ला नार योजना ने उन्हें नई पहचान और दिशा दी है। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा, वन मंत्री श्री केदार कश्यप, मुख्य सचिव श्री अमिताभ जैन, पुलिस महानिदेशक श्री अरुण देव गौतम के साथ ही वरिष्ठ अधिकारीगण मौजूद रहे।

### डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि 23 जून को

रायपुर, 20 जून। भारतीय जनसंघ के संस्थापक एवं पूर्व केबिनेट मंत्री श्यामाप्रसाद मुखर्जी के निधन पर राजधानी रायपुर सहित सभी जिलों में अनेक कार्यक्रम होंगे। भाजपा नेताओं के अनुसार श्यामाप्रसाद मुखर्जी ने धारा 370 का विरोध किया था उन्होंने गैर कांग्रेस वार की स्थापना करने के लिए भारतीय जनसंघ की स्थापना की थी। अब यह पार्टी भारतीय जनता के रूप में बदल गई है। यहां पर उनकी पुण्यतिथि को लेकर पूरे प्रदेश सहित नगर निगम कें अनेक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। नगर पालिक निगम द्वारा प्राप्त जानकारी के अनुसार रायपुर के संस्कृति विभाग के तत्वावधान में नगर पालिक निगम जोन क्रमांक 2 के सहयोग से डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि पर दिनांक 23 जून 2025 को प्रातः 11 बजे जी.ई. मार्ग में शारदा चौक के किनारे स्थित उनकी प्रतिमा स्थल के समक्ष उन्हें सादर नमन करने पुष्पांजलि कार्यक्रम आयोजन रखा गया है।

## समाचार संक्षेप



वामिका गब्बी ने स्टाइलिश ड्रेस में बिखेरा हुस्न का जलवा, सोशल मीडिया पर छाईं लेटेस्ट तस्वीरें।

### भारी मालवाहक वाहन अब नहीं उतर सकेंगे धनेली-सांकरा अंडरब्रिज के सर्विस रोड पर



रायपुर,20 जून। सांकरा सर्विस रोड पर हाइवा वाहन द्वारा सायकल सवार बच्चे को एक्सीडेंट कर दिया था जिसमें सायकल सवार बच्चे की मौत हो गयी थी। घटना पर सांकरा सिलतरा के ग्रामीणों द्वारा प्रशासन से मांग किया गया कि सर्विस रोड में भारी मालवाहकों के आवागमन को बंद कराया जाए। सांकरा सिलतरा के कंपनियों में जाने वाले भारी मालवाहक वाहनों को सांकरा गांव के तालाब के पास से मुख्य मार्ग से सर्विस रोड एप्रोच दिया जाए ताकि वाहनें सर्विस रोड से प्रवेश न कर सीधे हाइवे से एप्रोच मार्ग तक जाए और वहॉ से कंपनियों में जाने के लिए सर्विस रोड में उतरे जिससे सांकरा-सिलतरा के ग्राम के नागरिकों को सर्विस रोड से आवागमन करने में दिक्कत नही आएगी। उक्त क्षेत्र के रहवासियों की मांग थी कि वहां पर अंडर पास की आवश्यकता है एवं सर्विस रोड को दोनो तरफ चरोदा तक चैड़ा किया जाए और चरौदा के आगे छूटे सर्विस रोड को धरसींवा तक बनाया जाए। ग्रामीणों की मांग व उक्त क्षेत्र में घट रहे सड़क हादसों पर नियंत्रण की दिशा में कार्य करने हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रायपुर डॉ लाल उमेद सिंह के निर्देशन में भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के परियोजना अधिकारी श्री राममूर्ति , डॉ. प्रशांत शुक्ला अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक यातायात, धरसींवा थाना प्रभारी श्री राजेन्द्र दीवान एवं ग्राम सांकरा, सिलतरा के ग्रामीण जनों की उपस्थिति में घटना स्थल का भ्रमण किया गया। टाटीबंध -सिलतरा बायपास से धनेली-सांकरा अंडरब्रिज में उतरकर सर्विस रोड से कंपनी जाने वाले भारीमालवाहक वाहनों को रोकने के लिए सीमेंट का ब्लाकर लगाकर बंद किया गया एवं किनारे को गड्ढा किया गया ताकि किनारे से वाहन न निकल पाए।

# दावड़ा कॉलोनी में कॉलोनाइजर की अवैध प्लॉटिंग पर चला निगम का बुलडोजर



रायपुर, 20 जून। नगर निगम जोन-10 कमिश्नरी ने रविंद्रनाथ टैगोर वार्ड की दावड़ा कॉलोनी में 19 जून को अवैध प्लॉटिंग के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की. निगम अधिकारियों के मुताबिक लगभग 2 एकड़ निजी जमीन पर 1000-2000 वर्गफीट के छोटे-छोटे प्लॉट काटकर बेचे जा रहे थे, जिसकी शिकायतें लगातार मिल रही थीं. नगर निवेश टीम ने स्थल निरीक्षण के दौरान पाया कि जमीन मालिक चिन्मय दावड़ा द्वारा कांक्रीट रोड बनाकर अवैध प्लॉटिंग की जा रही थी. अधिकारियों ने बताया कि बिना किसी विकास शुल्क या नगर निगम से सक्षम अनुमति लिए इस कॉलोनी में प्लॉटिंग करना गैरकानूनी था. कॉलोनाइजर द्वारा बिना मूलभूत सुविधाएं जैसे बिजली, पानी, सड़क और नाली विकसित किए जमीन बेची जा रही थी.

### कांक्रीट रोड तोड़ी कानूनी कार्रवाई शुरू


नगर निगम आयुक्त विश्वदीप के निर्देश पर अवैध प्लॉटिंग के लिए बनाई गई कांक्रीट रोड को तोड़ दिया गया. चूंकि जमीन मालिक का पता चल चुका है, इसलिए अब चिन्मय दावड़ा के खिलाफ नगर निगम एक्ट के तहत कानूनी कार्रवाई की जाएगी.

### 329 प्रकरणों पर कार्रवाई

नगर निगम के अधिकारियों ने बताया कि वर्ष 2019 से फरवरी 2025 तक 329 अवैध प्लॉटिंग के मामलों में नगर निगम एक्ट की धारा 292(ग) के तहत कार्रवाई की गई.

# पाठ्य पुस्तक का टोटा, दुकानों में लगी अभिभावकों और छात्रों की भीड़

- पहली से लेकर आठवीं तक की पुस्तकें नहीं मिलने का आरोप



रायपुर, 20 जून। राजधानी में इस समय शैक्षणिक शालाओं की निर्धारित पाठ्यपुस्तकों के नहीं मिलने से छात्रों एवं अभिभावक परेशान है। शिक्षकजनों का आरोप है कि पहली से लेकर आठवीं तक की पुस्तकें अभी तक शालाओं में नहीं पहुंची है जबकि शैक्षणिक सत्र शुरू हो चुकी है। इधर दसवीं से लेकर बारहवीं तक की पाठ्य पुस्तकें पर्याप्त संख्या में आ गई है। इन दिनों राजधानी में यूनिफार्म सहित अन्य शालेय उपयोग में आने वाली दुकानों में लोगों का जमावड़ा लगा हुआ है। शिक्षक संगठनों एवं पाठ्यपुस्तक विक्रेताओं के अनुसार इस समय गोल बाजार सत्ती बाजार सहित अन्य स्थानों में पाठ्य पुस्तक यूनिफार्म लेने वालों की भारी भीड़ लगी हुई है। शिक्षक संघ के अध्यक्ष विकास राजपूत संघ का कहना है कि इस समय शालाओं में सिर्फ गणवेश वितरण किया जा रहा है। 16 जून से शैक्षणिक सत्र शुरू हो गया है लेकिन 23 जुन से नियमित कक्षाएं प्रारंभ होगी।

### सामाजिक विज्ञान गणित एवं सामान्य ज्ञान की पुस्तकें नहीं मिल रही

शिक्षकों ने बताया कि पहली से लेकर आठवीं तक सामाजिक विज्ञान गणित एवं सामान्य ज्ञान की पुस्तकें नहीं मिल रही है। उन्होंने कहा कि 11वीं 12वीं की पुस्तकें पर्याप्त मात्रा में आ चुकी है। पहली से लेकर आठवीं तक विभिन्न पुस्तकें उपलब्ध नहीं है। उन्होंने शासन से अनुरोध किया कि इसे तत्काल उपलब्ध किया जाए।

### श्याम मेटैलिक्स की रूफिंग शीट्स के क्षेत्र में धमाकेदार शुरुआत



रायपुर, 20 जून। श्याम मेटैलिक्स ने एसईएल टाइगर रूफिंग शीट्स की पेशकश करके अपने कार्यक्षेत्र का विस्तार किया है। श्याम मेटैलिक्स के निदेशक क्षितिज अग्रवाल ने बताया कि इस पेशकश से कंपनी के विश्वसनीय ब्रांड पोर्टफोलियो के तहत रूफिंग समाधान वर्ग में एक शक्तिशाली शुरुआत हुई है। अत्याधुनिक तकनीक से निर्मित, एसईएल टाइगर रूफिंग शीट्स असाधारण मजबूती, हर मौसम से बेहतर मुकाबला करने में सक्षम है और क्षरण से सुरक्षित है। देखने में भी सुंदर है और इस तरह आधुनिक निर्माण तथा संरचना संबंधी मांग के लिहाज से आदर्श है। ये शीट चार शानदार रूपांतरों रॉयल, एलीट, एज्योर और अल्फा में उपलब्ध हैं। इन्हें सौंदर्य और संरचना की प्राथमिकताओं की विस्तृत रेंज की पूर्ति के लिए तैयार किया गया है। क्षितिज अग्रवाल ने जानकारी दी कि ÷एसईएल टाइगर रूफिंग शीट्स की पेशकश श्याम मेटैलिक्स के लिए एक नए वर्टिकल में परिवर्तनकारी छलांग है। शक्ति और गुणवत्ता की हमारी विरासत से समर्थित, यह नई रेंज उसी उत्कृष्टता को दर्शाती है जो हमारी मुख्य पेशकशों को परिभाषित करती है। रॉयल, एलीट, एज़्योर और अल्फा जैसे रूपांतरों के साथ, हम प्रदर्शन, सुरक्षा और मेल वाले उत्पादों से भारत की विविध छत संबंधी जरूरतों को पूरा करने के लिए तैयार हैं।


### शेयर मार्केट में मुनाफे का झांसा देकर 17 लाख की ठगी

रायपुर, 20 जून। शेयर मार्केट में मुनाफा कमाने का झांसा देकर 17 लाख की ठगी करने का मामला प्रकाश में आया है। प्रार्थी की शिकायत पर टिकरापारा पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी हेमंत कुमार 46 वर्ष पीएम आवास आदर्श कालोनी पंडरी का रहने वाला है। प्रार्थी ने थाना में शिकायत किया कि आरोपी कुलदीप भतपहरी 35 वर्ष ने शेयर मार्केट पर निवेश करने से अधिक मुनाफा कमाने का झांसा देकर 17 लाख रुपए ठग लिया और वापस नहीं किया। प्रार्थी की शिकायत पर टिकरापारा पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध दर्ज किया है।

**21 जून को राज्यभर में ''योग संगम-हरित योग'' थीम पर आधारित होगा विशेष आयोजन**

# सीएम साय के मुख्य आतिथ्य में होगा योगाभ्यास

- जिला मुख्यालयों में राज्यपाल, मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री, केंद्रीय मंत्री, सांसदगण एवं विधायकगण होंगे मुख्य अतिथि



रायपुर, 20 जून। छत्तीसगढ़ शासन द्वारा 21 जून अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के आयोजन को लेकर तैयारियां पूरी कर ली गई है। जिला मुख्यालयों से लेकर ग्राम पंचायत स्तर तक 21 जून को इस बार ''योग संगम-हरित योग'' थीम पर सामूहिक योगाभ्यास का कार्यक्रम आयोजित होगा। जिला मुख्यालयों में आयोजित सामूहिक योगाभ्यास के कार्यक्रम में राज्यपाल, मुख्यमंत्री, केंद्रीय राज्य मंत्री, उपमुख्यमंत्री द्वय, मंत्रीगण, सांसद एवं विधायकगण मुख्य अतिथि होंगे। छत्तीसगढ़ सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा जारी आदेश के अनुसार जिला मुख्यालयों में आयोजित होने वाले सामूहिक योगाभ्यास में मुख्य अतिथि नामांकित किया गया है। राज्यपाल श्री रमेन डेका के मुख्य आतिथ्य में 21 जून को राजधानी रायपुर में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के मौके पर सामूहिक योगाभ्यास का कार्यक्रम आयोजित होगा। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के मुख्य आतिथ्य में जशपुर जिले के रणजीता स्टेडियम में सुबह 7 बजे सामूहिक योगाभ्यास का आयोजन होगा। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता कैबिनेट मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े करेंगी। उपमुख्यमंत्री श्री अरूण साव जिला मुख्यालय मुंगेली तथा उपमुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा कबीरधाम में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि होंग। इसी तरह राजनांदगांव में विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, बलरामपुर-रामानुजगंज में मंत्री श्री रामविचार नेताम, बेमेतरा में मंत्री श्री दयालदास बघेल, नारायणपुर में मंत्री श्री केदार कश्यप, कोरबा में मंत्री श्री लखनलाल देवांगन, मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर में मंत्री श्री श्यामबिहारी जायसवाल, रायगढ़ में मंत्री श्री ओ.पी.चौधरी, गरियाबंद में मंत्री श्री टंकराम वर्मा, बलौदाबाजार-भाटापारा में सांसद श्री बृजमोहन अग्रवाल, दुर्ग में सांसद श्री विजय बघेल, खैरागढ़-छुईखदान-गण्डई में सांसद श्री संतोष पाण्डेय, सरगुजा में सांसद श्री चिन्तामणी महाराज, महासमुंद में सांसद श्रीमती रूपकुमारी चौधरी, सारंगढ़-बिलाईगढ़ में सांसद श्री राधेश्याम राठिया, जांजगीर-चांपा में सांसद श्री कमलेश जांगड़े, सुकमा में सांसद श्री महेश कश्यप, कांकेर में सांसद श्री भोजराज नाग, सक्ती में सांसद श्री देवेन्द्र प्रताप सिंह, बिलासपुर में विधायक श्री अमर अग्रवाल, बीजापुर में विधायक श्री आशाराम नेताम, धमतरी में विधायक श्री अजय चंद्राकर, बस्तर में विधायक श्री किरण सिंह देव, कोरिया में विधायक श्री भैयालाल राजवाड़े, सूरजपुर में विधायक श्रीमती रेणुका सिंह, मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी में विधायक श्री गुरू खुशवंत साहेब, दंतेवाड़ा में विधायक श्री चैतराम अटामी, बालोद में विधायक श्री ललित चन्द्राकर, गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही में विधायक श्री प्रणव कुमार मरपच्ची और कोण्डागांव में विधायक श्री नीलकंठ टेकाम मुख्य अतिथि के तौर पर उपस्थित रहेंगे।

स्वत्वाधिकारी कौशल किशोर मिश्र, प्रकाशक-मुद्रक उत्तम कुमार अलकरे की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस, प्रेस टॉवर, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित एवं प्रकाशित * संपादक-संजय कुमार दुबे, * प्रबंध संपादक- आशीष कुमार तिवारी, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26